3 राजधानी
प्रदूषण में त्वचा के लिए लाभकारी है चारकोल

6 अभिमत
पीएम-गतिशक्ति महत्वपूर्ण पहल

11 विदेश
लाहौर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर घोषित

12 स्पोर्ट्स
कई प्रमुख खेल ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 341
नई दिल्ली, बुधवार, 23 अक्टूबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कच्चे तेल के मूल्यों में नरमी की आशा
राष्ट्रीय - 10

# शांति को मौका दें: पीएम मोदी




कजान में रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**पीटीआई।** कजान (रूस)

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत के दौरान कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए और भारत इसके लिए हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है। मोदी ने 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस के कजान शहर में पहुंचने के कुछ घंटों बाद पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। प्रधानमंत्री मोदी ने टेलीविजन पर प्रसारित अपनी शुरुआती टिप्पणी में पुतिन से कहा कि भारत क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली का पूर्ण समर्थन करता है।

मोदी ने यह भी कहा कि पिछले तीन महीनों में रूस की उनकी दूसरी यात्रा दोनों देशों के बीच घनिष्ठ समन्वय और गहरे विश्वास को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने कहा, हम रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष के मुद्दे पर लगातार संपर्क में हैं। जैसा कि मैंने पहले कहा, हमारा मानना है कि समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम शांति और स्थिरता की जल्द बहाली का पूर्ण समर्थन करते हैं। हमारे सभी प्रयास मानवता को प्राथमिकता देते हैं। भारत आने वाले समय में हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे पास इन सभी मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर है।

मोदी ने जुलाई में मास्को में पुतिन के साथ अपनी शिखर वार्ता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हमारे वार्षिक शिखर सम्मेलन के परिणामस्वरूप हर क्षेत्र में सहयोग मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन को बधाई देते हुए कहा कि कई देश अब इस समूह में शामिल होना चाहते हैं। उन्होंने कहा, कज़ान में भारत के नए वाणिज्य दूतावास के खुलने से ये संबंध और मजबूत होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि बैठक में यूक्रेन संघर्ष पर प्रमुखता से चर्चा हुई। मॉस्को में 9 जुलाई को शिखर वार्ता में मोदी ने पुतिन से कहा कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान युद्ध के मैदान में संभव नहीं है और बम और गोलियों के बीच शांति प्रयास सफल नहीं होते। कुछ सप्ताह बाद वे यूक्रेन गए। ज़ेलेंस्की के साथ अपनी वार्ता में मोदी ने कहा कि यूक्रेन और रूस को बिना समय बर्बाद किए साथ बैठकर चल रहे युद्ध को समाप्त करना चाहिए और भारत इस क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। भारत यह कहता रहा है कि यूक्रेन में संघर्ष को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से हल किया जाना चाहिए।

वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से मुलाकात की। ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के बीच पेजेशकियन ने पश्चिम एशिया में शांति की आवश्यकता पर बल दिया तथा सभी पक्षों के साथ अपने अच्छे संबंधों के कारण संघर्ष को कम करने में भारत की भूमिका पर जोर दिया। जुलाई में चुनाव जीतने के बाद राष्ट्रपति बने पेजेशकियन और मोदी के बीच यह पहली मुलाकात है। दोनों नेताओं ने चाबहार बंदरगाह और अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने यहां प्रेसवार्ता में बताया कि मोदी और पेजेशकियन के बीच सार्थक चर्चा हुई। मिसरी ने कहा, दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने बढ़ते संघर्ष पर गहरी चिंता व्यक्त की और नागरिकों की सुरक्षा के लिए भारत के आह्वान को दोहराया। उन्होंने तनाव कम करने के लिए बातचीत और कूटनीति की आवश्यकता पर बल दिया। दूसरी ओर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग बुधवार को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर द्विपक्षीय बैठक करेंगे।



नई दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

## हम विश्वास बहाल करने की कोशिश कर रहे: सेना प्रमुख

**पीएनएस/पीटीआई।** नई दिल्ली/बीजिंग

**भारत और चीन** के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त करने के समझौते पर पहुंचने के बाद, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि फिलहाल 'हम विश्वास बहाल करने की कोशिश कर रहे हैं' और इसे हासिल करने के लिए दोनों पक्षों को 'एक-दूसरे को आश्वस्त करना होगा।' नई दिल्ली में उनका यह बयान भारत द्वारा चीन के साथ गश्त करने के समझौते की घोषणा के एक दिन बाद आया है। चीन ने मंगलवार को पुष्टि की कि पूर्वी लद्दाख में दोनों सेनाओं के बीच गतिरोध को खत्म करने के लिए भारत के साथ उसका समझौता हो गया है। इसका मतलब है कि दोनों सेनाएं अब अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त फिर से शुरू करेंगी (शेष पृष्ठ 9)

## फर्जी धमकियों से होता है वित्तीय नुकसान

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



**भारतीय** एयरलाइनों को निशाना बनाकर बम की धमकी देने वाले संदेशों का खतरा थमता नहीं दिख रहा है, क्योंकि सोमवार रात से मंगलवार तक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर चलने वाली करीब 80 और उड़ानों को नई धमकियां मिली हैं। लेकिन इससे एयरलाइन ऑपरेटरों पर भी भारी वित्तीय असर पड़ा है, जो पहले से ही वित्तीय तनाव में हैं, सुरक्षा बलों, रसद और नियामक निकायों जैसे संचालन हितधारकों को सुरक्षित उड़ान सुनिश्चित करने के लिए अभ्यास करने के लिए कहा गया है। विमानन उद्योग के सूत्रों के अनुमान के अनुसार, सुरक्षा अभ्यास करने में औसतन एक से तीन करोड़ रुपये का खर्च आता है और इसका बोझ सरकार से लेकर निजी एजेंसियों तक सभी हितधारकों पर पड़ता है। इसका मतलब है कि फर्जी कॉल के बाद कुल 180 उड़ानों पर लगभग 300 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ा है।

एयर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, संबंधित अधिकारियों को तुरंत सतर्क कर दिया गया और नियामक अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों के मार्गदर्शन के अनुसार सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन किया गया। बम खतरा आकलन समिति (बीटीएसी) के लिए प्रोटोकॉल, किसी विमान या हवाई अड्डे पर बम की धमकी के कॉल की स्थिति में बुलाई जाती है, ताकि विभिन्न भारतीय एयरलाइनों को दी जा रही धमकियों की बाढ़ से निपटा जा सके। सोमवार की रात, दिल्ली, मुंबई, जयपुर, पुणे, मैंगलोर, बेंगलुरु और कोझिकोड के सात हवाई अड्डों पर एकत्रित हुई बीटीएसी (शेष पृष्ठ 9)

### सीआरपीएफ के और स्कूलों को धमकी

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली



**दिल्ली के** रोहिणी इलाके में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के पब्लिक स्कूल के बाहर हुए बम विस्फोट के कुछ दिनों बाद, मंगलवार को तेलंगाना के हैदराबाद में केंद्रीय एजेंसी के स्कूल को एक ईमेल मिला, जिसमें देश भर के पांच स्कूलों को उड़ाने की धमकी दी गई। हालांकि, बाद में आधिकारिक सूत्रों ने पुष्टि की कि ईमेल फर्जी निकला। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हैदराबाद के पास मेडचल में एक सीआरपीएफ स्कूल को एक ईमेल मिला, जिसमें दिल्ली और हैदराबाद में तीन सीआरपीएफ स्कूलों और अन्य शहरों में बल के कार्यालय परिसर में स्थित दो केंद्रीय विद्यालयों को उड़ाने की धमकी दी गई। तीन सीआरपीएफ स्कूलों में दिल्ली (रोहिणी और द्वारका) में दो, हैदराबाद (तेलंगाना) में एक, जबकि दो केंद्रीय विद्यालय पंचकूला (हरियाणा) और रामपुर (उत्तर प्रदेश) में अर्धसैनिक बलों के कार्यालय परिसर में हैं। पुलिस उपायुक्त, द्वारका, अंकित सिंह ने कहा, द्वारका में सीआरपीएफ स्कूल को इस बारे में कोई संदेश या मेल नहीं मिला। हालांकि, हमें यह संदेश दिया गया कि सतर्क रहें। स्कूल ने छात्रों के लिए छुट्टी की भी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बम निरोधक दस्ते को तैनात किया गया है।

## वक्फ बिल पर जेपीसी मीटिंग में भिड़े भाजपा-टीएमसी सांसद



नई दिल्ली में मंगलवार को वक्फ (संशोधन) बिल पर गठित संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य बैठक से बाहर जाते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### ● कल्याण बनर्जी ने बोतल फोड़ी, चेयरमैन की ओर फेंकी, एक दिन के लिए सस्पेंड

**एक अजीबो-गरीब** घटना में अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने मंगलवार को संसद में एक अहम वक्फ बैठक के दौरान हंगामा किया, जहां उन्होंने एक कांच की पानी की बोतल तोड़कर अध्यक्ष की ओर फेंकी। बनर्जी ने खुद को घायल कर लिया और वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संयुक्त समिति पर चर्चा के लिए एकत्र हुए अन्य सांसदों की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया। बनर्जी को उनके इस नाटक के बाद वक्फ विधेयक पर संसदीय समिति से एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया। बाद में वे अपने हाथ पर पट्टी बांधकर साथी सांसदों के साथ बाहर आए।

बैठक में मौजूद सूत्रों ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के सांसद ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश भाजपा के अभिजीत गंगोपाध्याय के साथ तीखी नोकझोंक के दौरान एक कांच की पानी की बोतल तोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पैनल अध्यक्ष जगदंबिका पाल की ओर फेंकी। यह दूसरी बार है जब बनर्जी अजीब कारणों से चर्चा में आए हैं, पिछली बार उन्होंने संसद के पीठासीन अधिकारी की नकल की थी। इस कृत्य की भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने निंदा की थी।

सूत्रों के अनुसार, पैनल ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव पर नौ-आठ मतों से वोट दिया, जिसमें पैनल अध्यक्ष के लिए उनके शब्दों के चयन और कांच की बोतल तोड़कर पाल की ओर फेंकने के लिए बनर्जी को एक दिन के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव था। बैठक समाप्त होने के बाद, बनर्जी ने घटना के बारे में पत्रकारों से बात करने से इनकार कर दिया। प्राथमिक उपचार दिए जाने के बाद बनर्जी को एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और आप नेता संजय सिंह बैठक कक्ष में वापस ले जाते हुए देखे गए। समिति ओडिशा के दो संगठनों के विचार सुन रही थी, जिसमें सेवानिवृत्त न्यायाधीश और वकील शामिल थे, जब (शेष पृष्ठ 9)



मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में आयुध निर्माणी जबलपुर (ओएफजे) के विस्फोट स्थल पर निरीक्षण करते अधिकारी।

## जबलपुर आयुध निर्माणी में विस्फोट, कई घायल

**पीएनएस।** जबलपुर

**मध्य प्रदेश** के जबलपुर जिले में आयुध निर्माणी खमरिया में मंगलवार सुबह एक शक्तिशाली विस्फोट में एक दर्जन से अधिक कर्मचारी घायल हो गए। प्रतिष्ठान के अधिकारी ने बताया, विस्फोट सुबह करीब 9.45 बजे हुआ, जब कारखाने के एक रिफिलिंग सेक्शन में बमों में विस्फोटक सामग्री भरी जा रही थी। घायलों में से दो की हालत गंभीर है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि एक अन्य कर्मचारी लापता है और संभवत: उस सेक्शन के मलबे में फंसा हुआ है, जिसमें विस्फोट हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसे कुछ किलोमीटर दूर के लोगों ने भी सुना। आयुध निर्माणी खमरिया रक्षा उत्पादन विभाग के तहत प्रमुख गोला-बारूद उत्पादन इकाइयों में से एक है।

अधिकारी ने बताया कि विस्फोट में एक दर्जन से अधिक कर्मचारी घायल हो गए और एक लापता कर्मचारी का पता लगाने के प्रयास जारी हैं, जो संभवत: इमारत के मलबे में फंसा हुआ है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और जांच पूरी होने के बाद ही विस्फोट के पीछे की असली वजह का पता चल पाएगा। अधिकारी ने बताया कि फैक्ट्री के फायर ब्रिगेड और सुरक्षा कर्मचारियों ने राहत और बचाव अभियान शुरू कर दिया है।

## पराली जलाने का मामला: हरियाणा के 24 अधिकारी निलंबित किए गए

### ● एडीए से लेकर सुपरवाइजर तक पर हुई कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



प्रतीकात्मक चित्र

**हरियाणा** में किसानों द्वारा पराली जलाने की घटनाएं तो कम नहीं हो रही हैं अलबत्ता कृषि विभाग ने इस मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य में 24 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। कृषि विभाग में यह पहला मौका है जब इतने बड़े स्तर पर अधिकारियों को निलंबित किया गया है। पराली के मुद्दे पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। जिसमें मुख्य सचिव स्वयं पेश होकर अब तक की गई कार्रवाई के संबंध में रिपोर्ट देंगे। पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट द्वारा हरियाणा सरकार को इस मामले में फटकार लगाते हुए कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए गए थे।

कृषि विभाग द्वारा मंगलवार को जिन अधिकारियों को निलंबित किया गया है उनमें एग्रीकल्चर डेवलपमेंट ऑफिसर (एडीए) से लेकर एग्रीकल्चर सुपरवाइजर के अलावा कर्मचारी भी शामिल है। कृषि विभाग के डायरेक्टर राज नारायण कौशिक की तरफ से 9 जिलों के अधिकारियों पर एक्शन लिया गया है। इसमें पानीपत, जींद, हिसार, कैथल, करनाल, अंबाला, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र और सोनीपत के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। विभागीय सूत्रों के मुताबिक पराली जलाने के बढ़ रहे केसों पर कार्रवाई न होने पर अधिकारियों और कर्मचारियों पर एक्शन लिया गया है। इस बीच मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों तथा जिला कृषि अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि वह रोजाना की रिपोर्ट चंडीगढ़ मुख्यालय में भेजेंगे।

इस बीच विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हिसार में कृषि विभाग ने मंगलवार को 11 मामले दर्ज किए हैं। कुरुक्षेत्र में अब तक 58 किसानों के फॉर्म रिकॉर्ड में रेड एंट्री दर्ज की है। 58 और किसानों पर कार्रवाई की तैयारी है। 39 किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस को कागज सौंप दिए हैं। अंबाला में फसल अवशेष जलाने पर 35 किसानों पर कार्रवाई करते हुए कृषि अभिलेखों में रेड एंट्री की गई। 2 किसानों पर मामला दर्ज किया गया है। जींद में 38 जगहों पर पराली में आग लगी है। 38 किसानों की रेड एंट्री हुई और 17 पर मामला दर्ज किया गया है। फतेहाबाद में तीन एफआईआर दर्ज करके चार किसानों को गिरफ्तार किया गया है। एक खेत के मालिक पर भी मामला दर्ज हुआ है। 23 किसानों की रेड एंट्री कर दी है। सिरसा में पराली जलाने पर 3 महिलाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कैथल में पराली जलाने पर अब तक 14 मामलों की जांच के दौरान 14 किसानों को गिरफ्तार किया गया है। (शेष पृष्ठ 9)

## भारी ट्रैफिक जाम बन गया है गुरुग्राम की पहचान

लाइलाज ट्रैफिक जाम
पायनियर

### ● जिला प्रशासन ने की है शहर की सड़कों पर 18 हॉटस्पॉट की पहचान

**परवेश शर्मा।** गुरुग्राम

**शहर में** ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए गुरुग्राम जिला प्रशासन ने शहर की सड़कों पर 18 ऐसे स्पॉट की पहचान की है, जहां पर भारी ट्रैफिक और जाम की समस्या है। अधिकारियों ने ट्रैफिक पुलिस और अन्य विभागों से इस संबंध में सुधारात्मक कदम उठाने को कहा है। इन जगहों में दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे, सोहना रोड, दिल्ली-जयपुर हाईवे, शीतला माता रोड, पुरानी दिल्ली रोड और अन्य प्रमुख सड़कें शामिल हैं। शहर प्रशासन ने हाल ही में ट्रैफिक पुलिस को पत्र लिखकर पहचाने गए स्पॉट पर जाम कम करने को कहा है। अधिकारियों ने सड़कों पर पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने और कानून व्यवस्था लागू करने की सलाह दी है, ताकि सड़कों पर जाम की समस्या से जल्दी निपटा जा सके।

पुलिस उपायुक्त (यातायात) वीरेंद्र विज ने पायनियर को बताया, 'हम भीड़भाड़ कम करने और यातायात की आवाजाही को सुचारू बनाए रखने के लिए अभियान चलाते हैं। हमने इन 18 हॉटस्पॉट पर यातायात पुलिस कर्मियों की मौजूदगी भी बढ़ा दी है और नियमों का सख्ती से पालन कराया है। हम वाहन मालिकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी कर रहे हैं।'

यातायात भीड़भाड़ का एक और कारण बारिश है। कुछ घंटों की बारिश से गुरुग्राम के विभिन्न इलाकों में भारी जलभराव हो जाता है, जिससे शहर में यातायात बाधित होता है। यातायात पुलिस ने शहर में 55 से अधिक स्थानों की पहचान की है, जिसमें एक्सप्रेसवे पर प्रमुख मुख्य बिंदु शामिल हैं, जहां बारिश के कारण जलभराव हुआ है। विभिन्न स्थानों पर जमा बारिश का पानी दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे पर



यातायात की आवाजाही को भी बाधित करता है। एक्सप्रेसवे के इस प्रमुख जंक्शन पर यातायात की आवाजाही धीमी हो गई, खासकर जब दोपहिया और चार पहिया वाहनों को बारिश के पानी के कारण भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ा।

पहचाने गए 18 स्थानों में एंबियंस आइलैंड, इफ्को चौक, सुभाष चौक, हीरो होंडा चौक, उमंग भारद्वाज चौक, सोहना चौक, खेड़की दौला टोल प्लाजा, द्वारका एक्सप्रेसवे, हुडा सिटी सेंटर, हीरो होंडा चौक, सुभाष चौक अंडरपास और सुभाष चौक शामिल हैं। गुरुग्राम के डिप्टी कमिश्नर ने अधिकारियों से यातायात नियमों के उल्लंघन की जांच के लिए सख्त कदम उठाने को कहा है। उन्होंने अधिकारियों से गलत पार्किंग, खतरनाक सामान की ढुलाई और सड़कों पर चलने की अनुमति नहीं देने वाले पुराने वाहनों को जब्त करने के लिए अभियान शुरू करने को कहा। शहर के यातायात पुलिस विभाग ने कहा कि उन्होंने इन हॉट स्पॉट पर पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी है और ग्रेडेड एक्शन रिस्पांस प्लान (जीआरएपी) के अनुरूप उपाय किए हैं। पिछले महीने यातायात पुलिस ने 24,000 से अधिक जुर्माने जारी किए। अपराधों में गलत साइड ड्राइविंग, बिना हेलमेट के सवारी करना, गलत पार्किंग, सिग्नल जंप करना, कम उम्र में गाड़ी चलाना, तेज गति से गाड़ी चलाना, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के, बिना हाई-सिक्योरिटी नंबर प्लेट के, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना, ओवरलोडिंग और बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाना शामिल है। विज ने कहा कि गुरुग्राम में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर यातायात नियमों का पालन करना चाहिए, ताकि वे खुद को और अपने परिवार को सड़क दुर्घटनाओं से बचा सकें (शेष पृष्ठ 9)

# जेवर एयरपोर्ट: दूसरे चरण में एक माह तक होगा ट्रायल

## 15 नवंबर से विमान लगातार भरेंगे उड़ान, कैलिब्रेशन के पहले चरण की सफल रिपोर्ट डीजीसीए को भेजी गई

● 20 दिसंबर को एयरपोर्ट के लाइसेंस के लिए आवेदन होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट कैलिब्रेशन का प्रथम चरण का कार्य पूरा हो चुका है। 15 अक्टूबर से लेकर 18 अक्टूबर तक इसकी टेस्टिंग की गई थी। इस दौरान कैलिब्रेशन फ्लाइट यहां पर लैंड कराई गई और इस दौरान रनवे व लैंडिंग सिस्टम की जांच की गई, जो सफल रही। इसकी रिपोर्ट को डीजीसीए को भेज दिया गया है।

अब दूसरे चरण में 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक यहां पर लगातार विमान उड़ान भरेंगे और उनका ट्रायल किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि 1 अक्टूबर को यमुना प्राधिकरण में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर फ्लाइट शेड्यूलिंग की बैठक हुई थी। जिसमें एयरपोर्ट अथॉरिटी से जुड़े हुए अधिकारी वन्य एजेंसी और डीजीसीए के लोग भी शामिल हुए थे। इस दौरान तय हुआ कि फ्लाइट शेड्यूलिंग कर दिया जाए। इसके बाद 15 अक्टूबर से लेकर 18 अक्टूबर तक कैलिब्रेशन कराया गया। इस दौरान लगातार चार-पांच दिन कैलिब्रेशन फ्लाइट आई और लैंडिंग सिस्टमरनवे की जांच हुई। यह ट्रायल सही पाया गया। इसका पूरा डाटा डीजीसीए को सबमिट कर दिया गया। इसके बाद इसका अप्रूवल प्राप्त हो गया। यानी कुल मिलाकर कैलिब्रेशन सक्सेस फुल रहा और पहला चरण इसका पूरा हो गया। उन्होंने बताया कि अब दूसरे चरण में 15 नवंबर से लेकर 15 दिसंबर तक यहां पर विमान ट्रायल करेंगे।

इस दौरान अकासा एयरलाइंस, इंडिगो व एयर इंडिया के विमान उड़ाने भरेंगे। इसके अलावा वह एयरलाइंस जिनसे एग्रीमेंट हुए हैं, वह सब यहां पर रोजाना लगातार उड़ान भरेंगे। इस दौरान एयरपोर्ट अथॉरिटी के छोटे विमान भी यहां पर उड़ान भरेंगे। लगातार एक माह तक इनके द्वारा उड़ान भरने और लैंडिंग की यह प्रक्रिया चलेगी। उसके बाद अंत में एक विमान सभी क्रू मेंबर के साथ उड़ान भरेगा और लैंडिंग करेगा। उसके बाद पूरे 1 महीने का डाटा इकट्ठा करके डीजीसीए की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। उसके बाद डीजीसीए से एयरड्रोम का लाइसेंस मांगा जाएगा, यानी कि एयरपोर्ट का लाइसेंस मांगा जाता है। जो 20 दिसंबर को एयरपोर्ट के लाइसेंस के लिए अप्लाई कर देंगे। उसके बाद करीब 3 महीने में यह लाइसेंस आ जाएगा। अरुणवीर सिंह ने बताया कि अधिकतम 20 मार्च तक यह लाइसेंस आ जाएगा। उसके बाद यह एयरपोर्ट फंक्शनल हो जाएगा और पहले ही दिन तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानें यहां से उड़ान भरेंगी।उन्होंने बताया कि 25 डोमेस्टिक उड़ान भी पहले दिन उड़ेंगी और उसी दिन कार्गो की फ्लाइट भी उड़ान भरेगी।

# पिंक बूथों के जरिए महिलाओं की सुरक्षा को सुदृढ़ किया जाएगा: लक्ष्मी सिंह

● पुलिस आयुक्त ने दो पिंक बूथों का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति के विशेष अभियान 5.0 के तहत पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने नोएडा के थाना फेस-वन और थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में दो महिला पिंक बूथ का उद्घाटन किया।

उप्र. शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व जागरूकता के चलाए जा रहे मिशन शक्ति-5.0 कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर के दो थाना क्षेत्रों में पुलिस पिंक बूथ का उद्घाटन किया गया। इन बूथों पर महिला पुलिस कर्मी ही तैनात होगीं। जिससे शिकायत लेकर आने वाली महिलाओं को अपनी परेशानी बताने में किसी प्रकार की हिचक महसूस ना हो। यह पिंक बूथ ऐसे स्थानों पर बनाये गये है जहां पर महिलाओं की आवाजाही अधिक होती है।

प्रत्येक थाने पर महिला शिकायतकर्ता या पीड़िता की सहायता के लिए महिला हेल्प डेस्क संचालित हैं। वहीं पुलिस पिंक बूथ विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा एवं उन्हें सशक्त करने के लिए बनाये गये है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस कमिश्नर ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस पिंक बूथ के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा को सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां पर महिलाएं अपनी समस्या निसंकोच आकर बता सकती हैं।

उन्होंने कहा कि महिला पिंक बूथ की सहायता से महिलाओं की हर तरह की मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिंक बूथ के माध्यम से मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला पुलिसकर्मियों द्वारा प्रतिदिन सभी थाना क्षेत्रों में भ्रमणशील रहते हुए विभिन्न सोसायटियों, स्कूलों, कंपनियों, मैट्रो स्टेशन, बस स्टैण्ड व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर महिलाओं को आत्मसुरक्षा व साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जाता है। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण अभियान, महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के संबंध में जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के संबंध में शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे मिशन शक्ति फेस-5.0, शुभ मंगल योजना, साइबर क्राइम एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रदान की जाती है। इसके अलावा महिलाओं व छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर-1090, आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर-1098, वन स्टॉप सेंटर नंबर-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076 व साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930 के बारे में प्रतिदिन जानकारी प्रदान की जाती है। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय बबलू कुमार, अपर पुलिस आयुक्त कानून व व्यवस्था शिव हरी मीना, डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह उपस्थित रहे।

# महामाया स्टेडियम में सिंथेटिक कोर्ट बनेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में टेनिस खिलाड़ियों के लिए लॉन टेनिस का सिंथेटिक कोर्ट बनाया जाएगा। जिला खेल विभाग ने स्टेडियम परिसर में टेनिस का दो कोर्ट बनाने के लिए जगह चिन्हित कर इसका प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। शासन से इसकी स्वीकृति मिलने के बाद इसका कार्य शुरू हो सकेगा। सरकारी स्टेडियम में टेनिस के अभ्यास की सुविधा होने से करीब 400 खिलाड़ियों को इसका लाभ मिलेगा।

जनपद के एकमात्र सरकारी महामाया स्टेडियम में वर्तमान में क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, जूडो, हॉकी समेत कई खेलों का प्रशिक्षण दिया जाता है। रोज़ाना बड़ी संख्या में खिलाड़ी सुबह-शाम कोच की निगरानी में अपने खेल का अभ्यास करने आते है। जिला खेल विभाग लगातार स्टेडियम में खेल सुविधाओं में बढ़ोतरी करने की कवायद में जुटा हुआ है।करीब 12 एकड़ में विकसित इस स्टेडियम में जिला खेल विभाग ने अब लॉन टेनिस का सिंथेटिक ग्राउंड बनाने की योजना बनाई है। वर्तमान में अभी स्टेडियम में टेनिस का मैदान नहीं है। जिससे इस खेल से जुड़े खिलाड़ी निजी एकेडमी में अभ्यास करते हैं।

जिले में करीब 15 से अधिक निजी टेनिस की एकेडमी स्थित है। जिला उप खेल क्रीड़ाधिकारी पूनम बिश्नोई ने बताया कि स्टेडियम परिसर में लॉन टेनिस का दो सिंथेटिक ग्राउंड बनाने के लिए जगह चिन्हित कर इसका प्रस्ताव शासन के पास भेजा गया है। उम्मीद है कि जल्द इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाएगी। जिसके बाद लॉन टेनिस का ग्राउंड बनाए जाने का कार्य शुरू कराया जाएगा। लॉन टेनिस का ग्राउंड विश्वस्तरीय बनाया जाएगा ताकि भविष्य में यहां बड़े स्तर की कई प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने का अवसर जिले को मिल सके।

इससे खिलाड़ी प्रोत्साहित भी होंगे।सरकारी स्टेडियम में इस खेल की सुविधा होने से करीब 400 खिलाड़ियों को इसका लाभ मिलेगा। सरकारी स्टेडियम में लॉन टेनिस के खिलाड़ी निजी एकेडमी के मुकाबले कम फीस में ही लॉन टेनिस का बेहतर अभ्यास कर सकेंगे।

## थाना प्रभारी पर वायरलेस सेट गबन करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर में तैनात एक थाना प्रभारी के खिलाफ वायरलेस हैंडसेट गवन करने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस विभाग में इस बात को लेकर तरह-तरह की चर्चा है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना फेस- वन में तैनात एक हेड कांस्टेबल ने थाना फेस- 1 के पूर्व थाना प्रभारी ध्रुव भूषण दुबे के खिलाफ बीती रात को थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। हेड कांस्टेबल का आरोप है कि उसने थाना प्रभारी को 25 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के दौरान पिस्टल और वायरलेस का हैंडसेट ड्यूटी पर जाने के लिए दिया। हेड कांस्टेबल के अनुसार काफी माह बीत जाने के बावजूद भी थाना प्रभारी ने वायरलेस सेट वापस नहीं किया। वह थाना फेस 1 से, थाना सेक्टर -24 और मौजूदा समय में थाना फेस -3 में तैनात हो गए हैं। इस मामले की जांच सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारी द्वारा की जा रही थी।

# मामूली कहासुनी के बाद नुकीले हथियार से दोस्ती की हत्या

● मामले में चार खिलाफ नामजद रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



कोतवाली दादरी क्षेत्र के नंगला नैनसुख गांव के पास कहासुनी होने के बाद मारपीट होने के मामले में फैसले के लिए बुलाया गया।

योजनबद्ध तरीके से युवक की छाती में नुकीला हथियार मारकर हत्या कर दी गई । घटना में दो दोस्त नामजद समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि जारचा कोतवाली क्षेत्र के सैथली गांव निवासी प्रशांत कुमार गांव में परिवार के साथ रहते थे। वह 20 अक्टूबर को अपनी पत्नी के साथ कार में सवार होकर सामान खरीदारी करने के लिए दादरी जा रहे थे। जब नंगला नैनसुख गांव के पास पहुंचे तो उनके दोस्त नगला नैनसुख गांव निवासी जितेंद्र उर्फ चच्चू , गब्बर आदि ने रोक लिया और कार की खिड़की खोल दी। जब प्रशांत ने विरोध किया तो आपस में मारपीट हो गई । मारपीट के बाद प्रशांत पत्नी के साथ चला गया। सोमवार की देर शाम को आपस में हुई मारपीट का फैसला करने के लिए प्रशांत को फोन कर जितेंद्र उर्फ चच्चू , गब्बर व दो अन्य ने अपने गांव में बुला लिया। योजनाबद्ध पर तरीके से प्रशांत कुमार की छाती में नुकीले हथियार मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का भाई दीपक तेवतिया घटना स्थल पर पहुंचा। डॉक्टरों ने प्रशांत कुमार को मृत घोषित कर दिया। घटना की रिपोर्ट मृतक के भाई दीपक ने नंगला नैनसुख गांव निवासी जितेंद्र उर्फ चच्चू , गब्बर व अन्य दो के खिलाफ दर्ज कराई गई है । पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है।

# यूपीआरएनएन के पूर्व अधिकारी पर विजिलेंस का छापा

**नोएडा।** नोएडा में आय से अधिक संपत्ति के मामले में उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम के तत्कालीन अपर परियोजना प्रबंधक राजवीर सिंह के यहां विजिलेंस विभाग ने छापा मारकर दस्तावेज बरामद किए। ये पूरा मामला 2019 का है।

विजिलेंस विभाग ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में राजवीर सिंह पर मुकदमा दर्ज किया है। विभाग ने पाया कि इनके ऊपर आए से अधिक संपत्ति है। अपने पद पर रहते हुए राजवीर सिंह ने 1,78,27,143 रुपए अर्जित की। जबकि इनके भरण पोषण में इन्होंने 2,67,32,462 रुपए खर्च किए। जांच में सामने आया कि इन्होंने अपनी आए का 89,05,19 लाख रुपए अधिक खर्च किए। पूछताछ में ये तथ्य सामने नहीं आया कि ये पैसा कहां से आया। इस क्रम में विजिलेंस टीम ने नोएडा में इनके आवास पर रेड की ओर दस्तावेज जब्त किए।

## संक्षिप्त समाचार



डिजिटल अरेस्ट कर मनी लॉन्ड्रिंग केस का भय दिखा कर ठगी करने वाला साइबर अपराधी पुलिस गिरफ्त में गिरफ्तार।

### कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा को कोर्ट ने किया तलब

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद कोर्ट ने बॉलीवुड के मशहूर कोरियोग्राफर और फिल्म निर्माता रेमो डिसूजा को 13 नवंबर को उपस्थित होने का आदेश दिया है। रेमो डिसूजा पर गाजियाबाद के एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि रेमो ने पीड़ित से पैसे लेकर फिल्म बनाई और पैसे दुगने करने का झांसा दिया। पैसे ना मिलने पर पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया था। गाजियाबाद के मोरटी के रहने वाले सत्येंद्र त्यागी के एडवोकेट मोहनीश जयंत ने बताया कि गाजियाबाद के थाना सिहानी गेट में 2016 में रेमो डिसूजा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ था। यह मामला 2013 में एक फिल्म बनाई गई थी, जिसका नाम अमर मस्ट डाई से जुड़ा है। जिसमें जरीन खान और राजीव खंडेलवाल मुख्य भूमिका में थे। मोहनीश जयंत के मुताबिक इस फिल्म को बनाने के लिए रेमो डिसूजा ने सत्येंद्र त्यागी से बैंक अकाउंट में पैसे लिए थे। जिसमें रेमो ने दावा किया था कि वह 1 साल के अंदर पैसों को दुगना कर देंगे। जब पैसा नहीं मिला तब रेमो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। यह मामला कोर्ट में चल रहा था। अब कोर्ट ने आदेश दिया है की रेमो डिसूजा को व्यक्तिगत रूप से 13 नवंबर को अदालत में पेश होना होगा। मोहनीश जयंत के मुताबिक अगर रेमो व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं होते हैं तो अदालत उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर सकती है।

### सड़क हादसे में घायल की उपचार के दौरान मौत

**नोएडा।** हापुड़ में हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। उन्हें उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा वेस्ट के अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां पर उनकी मौत हो गई। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि हापुड़ क्षेत्र में कल हुए एक सड़क हादसे में प्रभात त्यागी पुत्र राजेंद्र त्यागी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मिक्सर मशीन का पार्ट टूटकर सिर पर गिरा ,मौत

**नोएडा।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के अगाहपुर गांव के पास मिक्सर मशीन का पार्ट टूटकर एक श्रमिक के ऊपर गिर गया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए दिल्ली के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया था, जहां पर उपचार के दौरान आज उसकी मौत हो गई। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नीतीश कुमार उम्र 24 वर्ष मूल निवासी बिहार प्रांत यहां पर रहकर भवन निर्माण का कार्य कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 20 तारीख को नीतीश अपने अन्य श्रमिक साथियों के साथ एक मिक्सर मशीन को लेकर अगाहपुर गांव के पास से जा रहा था, तभी मिक्सर मशीन का पार्ट टूटकर उसके सिर पर गिर गया। इस घटना में उसे गंभीर चोट आई। उसे उपचार के लिए पहले नोएडा के जिला अस्पताल फिर बाद में दिल्ली के ट्रोमा सेंटर में भर्ती करवाया गया। उन्होंने बताया कि दिल्ली के ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाइक सवार बदमाशों ने लूटा मोबाइल फोन

**नोएडा।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-104 के पास से सुबह को अज्ञात बदमाशों ने एक व्यक्ति का मोबाइल फोन लूट लिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने थाना पुलिस को सूचना दी है कि वह सुबह को सेक्टर 104 के पास फोन पर बात करते हुए जा रहे थे, तभी अज्ञात बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सड़क पर घूमते बच्चों में जगाई शिक्षा की अलख

**नोएडा।** सड़कों पर भटकते हुए नन्हें बच्चे कभी आपके आगे हाथ फैला देते हैं, तो कभी कुछ खिला देने की कहते हैं। इसके अलावा बच्चे सड़कों पर अक्सर गुलाब, खिलौने और रोजमर्रा का सामान बेचते नजर आते थे। जहां नोएडा के फुथपाथों पर जो नन्हें हाथ लोगों के सामने फैलते थे आज उन हाथों में पेंसिल, कॉपी, किताब है और कंधे पर लटका स्कूल बैग नजर आ रहा है। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट, एचसीएल फाउंडेशन और चेतना एनजीओ ने नन्हे परिंदे नाम से एक कार्यक्रम शुरू करके इन बच्चों की आंखों में स्कूल जाने के सपने को साकार कर बच्चों में शिक्षा की अलख जगा दी है। नोएडा पुलिस मलिन कही जाने वाली बस्तियों में शिक्षा का सूरज तैयार कर रही है। कल जब यही बच्चे देश के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे तो दुनिया में प्रकाश फैलेगा। समाज की मुख्य धारा में नन्हें परिंदों को सशक्त बनने और उडने के लिए समूचा आसमान मिल गया है। नन्हें परिंदे टीम के प्रयास से करीब 198 बच्चों को इस साल स्कूलों में एडमिशन कराया गया है।


**OFFICE OF THE RETURNING OFFICER OF THE MAESTRO MULTI STATE COOPERATIVE GROUP HOUSING SOCIETY LTD.**
**D-24, GREENVIEW APARTMENTS, SECTOR-9, ROHINI, DELHI -110085**
**Election Program for the Board of Directors**

| Sr.No. | PARTICULARS | DATE | TIME |
|---|---|---|---|
| 1. | Publication of Provisional List of Members eligible | 16th October, 2024 (Wednesday) | 11:00 a.m. |
| 2. | Time Window for Raising Objections to the Provisional List | 17th-19th October, 2024 (Thursday to Saturday) | 11:00 a.m. to 3:00 p.m. (Every Day) |
| 3. | Scrutiny of objection received to the Provisional List (if any) | 20th-23rd Oct., 2024 (Sunday to Wednesday) | 11:00 a.m. to 3:00 p.m. (Every Day) |
| 4. | Publication of Final List of Member Eligible to Vote | 24th October, 2024 (Thursday) | 3:00 p.m. |
| 5. | Issue and Filling of Nomination Form | 25th-28th October, 2024 (Friday to Monday) | 11:00 a.m. to 3:00 p.m. (Every Day) |
| 6. | Display on Notice Board of Society (at a conspicuous place) Nomination Forms received by Returning Officer | 28th October, 2024 (Monday) | 5:00 p.m. |
| 7. | Scrutiny of received Nomination Forms | 29th October, 2024 (Tuesday) | 11:00 a.m. to 3:00 p.m. |
| 8. | Publication of List of Valid Nominations | 29th October, 2024 (Tuesday) | 5:00 p.m. |
| 9. | Withdrawal of Nominations | 2nd-6th Nov., 2024 (Saturday-Wednesday) | 11:00 a.m. to 3:00 p.m. (Every Day) |
| 10. | Publication of Final List of Contesting Candidates | 6th November, 2024 (Wednesday) | 5:00 p.m. |
| 11. | Date of Polling if Necessary | 10th November, 2024 (Sunday) | 08:00 a.m. to 2:00 p.m. and all those who have entered the polling station at 2:00 p.m. or before will be allowed to cast vote. |
| 12. | Counting of Votes | 10th November, 2024 (Sunday) | Immediately after the polling |
| 13. | Declaration of Results of Board of Directors | 11th November, 2024 (Monday) | After approval of Cooperative Election Authority New Delhi on Format 19M |
| | **Election Program of Office Bearers** | | |
| 14. | Announcement of Election Schedule: (i) Time window for filing Nomination (ii) Time window for withdrawal (iii) Display of list of the Contesting candidate | 14th Nov., 2024 (Thursday) 11:00 a.m. to 2:00 p.m. 2:00p.m.to 3:00 p.m. 3:15 p.m. | After Declaration of Result of Board Members' Election |
| 15. | Meeting of Newly Constituted Board & Publication of List for valid Nominations, Polling (if necessary) | 15th November, 2024 (Friday | 11.00 a.m. onwards |
| | Declaration of Result of Election of Office Bearers | After approval of Cooperative Election Authority, New Delhi on Format 19N | |

**Returning Officer, DM, North West Delhi**



"ममता"
चिल्ड्रन ऑफ दा वर्ल्ड, दिल्ली
प्लॉट नं.5, पीएसपी पॉकेट, सैक्टर-8 द्वारका, नई दिल्ली
फोन: 011-45681521 / 8383818700
प्राप्त बच्चे-जो परिवार से अलग हुआ



नाम: आराध्या
लिंग: लड़की
उम्र: 6 साल
प्राप्त हुआ: 21.06.2024
रंग: गोरा
कद: 125 से0मी0

यदि किसी को बच्चे के बारे में पता चले तो उपरोक्त पते पर सम्पर्क करें



THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, No.15421448N Hav Salunkhe Nitin Jotiram, R/o- VPO-Degaon, Teh & Dist- Satara, Maharashtra- 415004, have changed my father's name from Joti Ram to Jotiram Dhondiba Salunkhe, vide affidavit dated 22/10/2024 before Notary Public Delhi.

PD(874)C

I, No.15421448N Hav Salunkhe Nitin Jotiram, R/o- VPO-Degaon, Teh & Dist- Satara, Maharashtra- 415004, have changed my mother's name from Bharati to Bharati Jotiram Salunkhe, vide affidavit dated 22/10/2024 before Notary Public Delhi.

PD(875)C



**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Sunil Kumar is claiming to be owner of One Room on ground Floor & One Room on First Floor, on Portion of Plot no. A-47, admeasuring 40 Sq. Yds., out of Khasra no. 548, situated in the area of Village Nawada, Colony known as Rama park, in the Block A, Uttam Nagar, New Delhi-59; vide GPA, ATS & Will dated 05.12.2001, executed by Mrs. Anu Radha Sharma. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to obtain a loan from our client against the said property. If, anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its sale/mortgage/litigation & any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Inderjit Singh S/o Kishan Singh R/o. DDA MIG Flat No. 107, Ground Floor, Pocket-23, Sector-24, Rohini Delhi, Mob. 9682585752, Email: inderjitreen7@gmail.com, The owner of the DDA MIG Flat No. 107, Ground Floor, Pocket-23, Sector-24, Rohini Delhi. The original papers i.e. Demand Letter, Possession Letter, Possession Slip, NOC for Electricity and Water Connection etc executed by DDA of above-said property has been lost. A F.I.R to this effect has been lodged to police station dt. 30/09/2024. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact - Deputy Director ( MIG Housing) D-Block, 3rd Floor, DDA Vikas Sadan, INA, New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that (1) Mr. Rohit Gupta, & Mr. Sachin Gupta are surviving members of late Mr. Murari Lal & late Mrs. Sita Rani & claiming owners for ½ undivided shares and (2) Mr. Ritesh Gupta & Mr. Pankaj Gupta are owner of ½ undivided share vide relinquishment deed dated 23.08.2024 executed by Mrs. Ritu & Mrs. Vandana Surviving Members of late Mr. Radha Kishan & Late Mrs. Saroj all are owners/claiming owners of Property No. 55, in Block-A, admeasuring 126 sq. yds., Situated at Preet Vihar, Delhi. "Said Property". Whereas Late Radha Kishan & Late Mr. Murari lal were the owner as per conveyance deed dated 16.03.2001, All persons including other legal heirs /surviving members if any are hereby informed that above mentioned owners/claiming owners want to sell the said property /floor to someone who want to take loan for purchase of the same from our client, if anyone having any objection on the ownership of above claiming owners with respect of the said property /floor its sale & mortgage & any kind of litigation etc. kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती फरदोश सैफी तीसरी मंजिल, छत/टेरेस के अधिकार के साथ, 70 वर्ग गज क्षेत्रफल की मालिक हैं, जो खसरा नंबर 452 में से संपत्ति संख्या 152 और 152-ए पर निर्मित है, गांव नवादा, दिल्ली में स्थित है, और कॉलोनी जिसे मोहन गार्डन एक्सटेंशन, ब्लॉक-ई वेस्ट एरिया, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 के नाम से जाना जाता है, नोटरीकृत GPA, ATS और दिनांक 01.02.2023 की वसीयत के अधार पर, श्री राकेश पाहुजा द्वारा निष्पादित और उसी संपत्ति को इच्छुक उधारकर्ता यानी श्री अजय को बेचा जाना है, जिसे एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित किया जाना है। यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/स्वामित्व है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें। राहुल राज पाठक,अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, यूपी
ईमेल:sgassociatespl@gmail.com,फोन:7011172764, 01204440300

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री हरेंद्र यादव, जो मॉडर्न रेलवे सिटी, ग्राम दुरई, परगना और तहसील दादरी, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में स्थित प्लॉट नंबर ए-55, ब्लॉक संख्या ए, 150 वर्ग गज, खसरा नंबर 660 को श्रीमती पुष्पा देवी से खरीदना चाहते हैं, जो श्रीमती अंशु अग्रवाल द्वारा निष्पादित बिक्री विलेख दिनांक 08.12.2022 (दस्तावेज संख्या 42590) के माध्यम से मालिक बन गई हैं और इसे उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, (नोएडा) द्वारा वित्तपोषित और बंधक किया किया जाना है। बिक्री विलेख दिनांक 08.12.2022 (दस्तावेज संख्या 42590) में श्रीमती अंशु अग्रवाल द्वारा श्रीमती पुष्पा देवी के पक्ष में निष्पादित प्लॉट सं ए-55 के स्थान पर ए-56 का गलत उल्लेख किया गया है। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/ हित/बंधक बनाने में कोई आपत्ति है तो वह आज से 7 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है। लुसेम लीगल एलएलपी
बी-93बी, द्वितीय तल, एसबीआई बैंक के सामने, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी-201301, संपर्क #0120-4269379

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचना श्रीमती आशा पांडे पत्नी श्री राम पांडे और श्री राम पांडे पुत्र श्री मोहन राम पांडे की ओर से दी जाती है कि वे संपत्ति संख्या 315 और 316 के छत अधिकार के साथ पूरे द्वितीय तल के मालिक हैं, जिसका क्षेत्रफल 54.35 वर्ग मीटर है, जो कटरा मुंशी, गौरी शंकर, जिसे नया कटरा, चांदनी चौक, दिल्ली के नाम से भी जाना जाता है, में स्थित है, वे दिनांक 10.04.2019 (दस्तावेज संख्या 3574 के अनुसार) बिक्री विलेख के आधार पर इसके मालिक हैं और यूग्रो कैपिटल लिमिटेड से वित्तीय सहायता के लिए बंधक रखने का इरादा रखते हैं। 1) श्रीमती चमेली देवी कनोडिया द्वारा श्रीमती अनीता डावर के पक्ष में निष्पादित बिक्री विलेख दिनांक 10.01.1997, दस्तावेज़ संख्या 201, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 7417, पृष्ठ संख्या 76-82, दिनांक 10.01.1997 और 2) बिक्री विलेख दिनांक 17.04.2008, दस्तावेज़ संख्या 2602, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 2520, पृष्ठ संख्या 142-150, दिनांक 17.04.2008, खो गए/गुम हो गए/उपलब्ध नहीं हैं। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/हित/बंधक बनाने में कोई आपत्ति है तो वह आज से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है। लुसेम लीगल एलएलपी
प्लॉट नंबर 136, (बेसमेंट) उदय पार्क, नई दिल्ली-110049, संपर्क # 011-40046316

**सार्वजनिक सूचना**

सभी आम जनता और मेरे मुवक्किल ध्रुव कुमार शर्मा के मकान नंबर 7781/01, कच्चा पक्का, ब्लॉक 09, शक्ति नगर, दिल्ली में अनधिकृत रूप से रहने वाले लोगों को जानने के लिए, कि मेरे मुवक्किल का मकान 7781/01 कच्चा पक्का, ब्लॉक 09, शक्ति नगर, दिल्ली मकान एक पुरानी व जर जर हालत में है और बहुत खतरनाक स्थिति में है और किसी भी समय यह गिर सकता है। ढह सकती है और इससे आम जनता और इसमें अनधिकृत रहने वालों को नुकसान / हानि हो सकती है और उनका जीवन और संपत्ति बर्बाद हो सकती है. इसलिए सभी को सूचित किया जाता है कि वे सतर्क रहें और अनधिकृत रहने वालों से कहा जाता है कि वे तत्काल प्रभाव से परिसर खाली कर दें क्योंकि मेरा उपरोक्त मुवक्किल उपरोक्त मकान को एमसीडी के आदेश से ध्वस्त करने जा रहा है। एमसीडी संबंधित जोन द्वारा जारी नोटिस पर संपत्ति और जो कोई भी सार्वजनिक नोटिस की सामग्री की अनदेखी करता है. वे अपने कार्य के लिए जिम्मेदार होंगे और मेरे उपरोक्त मुवक्किल किसी भी तरह की हानि और मुआवजे के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे, यदि कोई दुर्घटना होती है।
एलएस राणा ( एडवोकेट ) C-47A-FF. C.L. Joseph Block, Tis Hazari Courts, Delhi-110054.

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री विनीत चड्ढा पुत्र श्रवण कुमार, सुशांत लोक फेज-I, गुड़गांव, हरियाणा-122002 में स्थित आवासीय निर्मित संपत्ति संख्या C-1178, तीसरी मंजिल ( प्लॉट संख्या 1178, ब्लॉक-सी ) के मालिक हैं, जिसका क्षेत्रफल 176.20 वर्ग मीटर है, जिसे श्रीमती रजनी खन्ना ने स्वयं और श्रीमती तूलिका वोहरा के प्रतिनिधि के रूप में श्री विनीत चड्ढा पुत्र श्रवण कुमार के पक्ष में उक्त संपत्ति के संबंध में दस्तावेज़ संख्या 12387 के रूप में त्याग विलेख निष्पादित किया है।, प्रारंभ में, मेसर्स अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्रीज ( पी ) लिमिटेड ने उक्त संपत्ति श्रीमती वीर बाला शर्मा के पक्ष में आवंटित की थी। बाद में, मेसर्स अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में डॉक्स संख्या 14678 के रूप में श्रीमती वीर बाला शर्मा के पक्ष में दिनांक 17.10.2007 को कन्वेयन्स डीड निष्पादित की गई। बाद में, जो उक्त संपत्ति के संबंध में माधव सिंघल और श्री सुनील कुमार गुप्ता के पक्ष में दिनांक 07.10.2014 को बिक्री विलेख निष्पादित किया, डॉक्स संख्या 16794 के रूप में। बाद में, जो उक्त संपत्ति के संबंध में श्रीमती निर्मला चड्ढा के पक्ष में दिनांक 11.04.2017 को बिक्री विलेख निष्पादित किया, डॉक्स संख्या 168 के रूप में। बाद में, श्रीमती निर्मला चड्ढा की मृत्यु 23.04.2023 को हो गई जिनके कानूनी उत्तराधिकारी तुलिका वोहरा और श्री विनीत चड्ढा और श्रीमती रजनी खन्ना हैं, बाद में, श्रीमती तुलिका वोहरा द्वारा श्रीमती रजनी खन्ना के पक्ष में उक्त संपत्ति के संबंध में दिनांक 16.07.2024 को एनआरआई जीपीए निष्पादित किया गया। अंत में, दिनांक 20.09.2024 को मेरे उपर्युक्त ग्राहक के पक्ष में त्याग विलेख निष्पादित किया गया, जो अपनी वास्तविक आवश्यकताओं के लिए उक्त अचल संपत्ति को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को गिरवी रखने का इरादा रखता है। जिस किसी को भी उक्त गिरवी पर कोई आपत्ति है या किसी के पास उक्त संपत्ति पर दावा या अधिकार या हित है, वह 15 दिनों के भीतर आपत्ति के साथ नीचे हस्ताक्षरकर्ता से संपर्क करे, अन्यथा यह माना जाएगा कि इस संपत्ति पर कोई आपत्ति या दावा नहीं है।
प्रज्ञाभूषण ( वकील ), कार्यालय: रु-27,GF, कैलाश कालोनी, नई दिल्ली-48, मो: 9968006418

**PUBLIC NOTICE**

Reg: First Floor (Front Side Unit/Southern Portion) without roof rights, "said floor" part of Plot bearing No. 73/A, land area measuring 125 sq. yds. (out of total plot 250 sq. yds.), part of Khasra No. 13/11, situated in Village Kamalpur Majra Burari, Bhagat Colony, Gali No. 8, A-2 Block, West Sant Nagar, Burari, Delhi; hereinafter referred to as the "said property".

Be it known to all that our client, Mr. Amitesh Kumar (hereinafter called the "Purchaser") intends to purchase the said floor from Mr. Pawan Singh and Mr. Rajender Singh (hereinafter called the Attorney Holder). In this connection, the Attorney Holder have informed the purchaser that they are the joint owners of the said floor vide POA Documents viz., GPA, ATS and Registered Will dated 07/08/2023 executed by Mr. Sanjeev Kumar Rana in their favour. The Attorney Holder have further informed that Mr,.Sanjeev Kumar Rana had purchased the said property from Mr. Braham Pal vide POA Documents viz., GPA, ATS and Registered Will dated 09/11/2016. It was also informed by the Attorney holder that earlier the said property was owned by Mrs. Savita vide POA documents dated 07/02/1991 executed by Mr. Suresh Kumar and Mr. Raj Kumar in her favour. She expired and after her death, the said property devolved on her legal heirs viz., Mr. Sudeep, Mr. Prateek and Mr. Braham Pal. Later on, Mr. Sudeep and Mr. Prateek relinquished their respective share in the said property in favour of Mr. Braham Pal vide Relinquishment Deed dated 26/09/2016. Thus, Mr. Braham Pal became the sole and absolute owner of the said property and transferred the said property in favour of Mr. Sanjeev Kumar Rana. The Attorney Holder has also informed the purchaser that the said floor is not mortgaged anywhere and there is no charge or dispute or any litigation pending regarding the said floor.

Any person including Bank/s, Financial Institution/s. relative/s having any claim, right, title or any interest of any nature whatsoever into or upon the aforesaid floor is hereby called upon to make the same known, in writing, with documentary evidence, by Registered AD Post, to the undersigned at the address mentioned herein below within 15 days of publication of this notice and in the event of no response having been received to the notice, the title of the Attorney Holder to the said floor shall be deemed to be clear of any charge or encumbrance of any nature whatsoever and any subsequent claim shall not bind our client/Purchaser, in any manner whatsoever.

**Shivkant Arora, Advocate**
**M/s Intellective Law Offices**
**A-74, LGF, Defence Colony,**
**New Delhi -110024**

# प्रदूषण रोकने को करेंगे हर उपाय : गोपाल राय

## एमसीडी के 6200 सफाई कर्मचारी और सुचारू यातायात के लिए1800 ट्रैफिक पुलिस की होगी तैनाती


बैठक को संबोधित करते पर्यावरण मंत्री गोपाल राय।


राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के बीच सड़कों पर पानी का छिड़काव करते कर्मी।

● सरकार ने पानी के छिड़काव में तेजी लाने, अधिक प्रदूषित क्षेत्रों में एंटी स्मॉग गन चलाने, डस्ट सप्रेसेंट मिलाकर हॉट स्पॉट पर पानी छिड़काव करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रदूषण स्तर तेजी से बढ़ने के साथ मंगलवार सुबह आठ बजे क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) यानि ग्रेप-2 का दूसरा चरण लागू कर दिया गया। प्रदूषण की भयावह स्थिति और दिवाली पर्व को देखते हुए दिल्ली सरकार ने प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए युद्ध स्तर पर चौतरफा प्रयास लागू करने के लिए कमर कस ली है। दिल्ली में कई जगहों पर एक्यूआई का स्तर 300 के पार हो गया है जबकि कुछ स्थानों पर तो यह 400 के करीब पहुंच गया है।

इसी क्रम में मंगलवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शहर में प्रदूषण के बढ़ते स्तर पर काबू पाने के लिए संबंधित सभी विभागों की बैठक ली और प्रदूषण की रोकथाम के लिए कड़े निर्देश दिए। जिनमें प्रदूषण-रोधी उपाय के तहत मेट्रो ट्रेन के अतिरिक्त फेरे, सड़कों पर धूल को नियंत्रित करने के लिए एमसीडी के 6,200 से अधिक कर्मचारियों की तैनाती और भीड़भाड़ वाले 97 इलाकों में 1,800 से ज्यादा यातायात कर्मियों की तैनाती शामिल हैं। राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के स्तर में वृद्धि के मद्देनजर यहां क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के दूसरे चरण के लागू होने के बाद राय ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि वह उत्तर प्रदेश और हरियाणा जैसे पड़ोसी राज्यों में अपने समकक्षों को पत्र लिखकर दिल्ली में डीजल बसें नहीं भेजने का आग्रह करेंगे।

राय ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी के भीड़भाड़ वाले 97 स्थानों पर 1,800 अतिरिक्त यातायात कर्मी तैनात किए जाएंगे, जबकि जीआरएपी-दो के तहत निर्माण-विध्वंस स्थलों पर निरीक्षण तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदूषण के खिलाफ जंग के तहत लोगों को सार्वजनिक परिवहन के इस्तेमाल के लिए प्रेरित करने के वास्ते दिल्ली मेट्रो बुधवार से रोजाना 40 अतिरिक्त फेरे लगाएगी, जबकि डीटीसी बसों के फेरे भी बढ़ाए जाएंगे। राय ने कहा, दिल्ली में मौसम में बदलाव के साथ ही प्रदूषण के स्तर में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। यह प्रवृत्ति दिल्ली तक ही सीमित नहीं है। पूरे उत्तर भारत में ऐसा ही देखा जा रहा है।

उन्होंने कहा, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने प्रदूषण के स्तर पर काबू पाने के लिए जीआरएपी के चार चरण बनाए हैं। मौजूदा समय में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 से ऊपर है, जिसके कारण जीआरएपी का दूसरा चरण लागू किया गया है।

राय ने कहा कि एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आवश्यक प्रतिबंधों को लागू करने के उपाय सुझाए गए। उन्होंने बताया, पानी का छिड़काव बढ़ाया जाएगा। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) इस बाबत 6,200 कर्मचारियों की तैनाती करेगा। हमने प्रदूषण के लिहाज से अधिक संवेदनशील क्षेत्रों में पानी का छिड़काव बढ़ाने का निर्देश दिया है। एमसीडी को निर्देश दिया गया है कि यह काम 25 अक्टूबर से शुरू कर दिया जाए। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने दिल्ली में वायु गुणवत्ता के बिगड़ते स्तर के बीच सोमवार को जीआरएपी के दूसरे चरण को लागू किया।

## एनडीएमसी ने भी लागू किए कड़े नियम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब होने के बीच नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने मंगलवार को प्रदूषण के स्तर को कम करने के उद्देश्य से जुर्माना समेत कड़े उपायों की एक श्रृंखला शुरू की। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के निर्देशों के तहत, सभी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और मार्केट ट्रेड एसोसिएशन (एमटीए) को सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए तत्काल दिशा-निर्देशों को लागू करने का निर्देश दिया गया है, एक आधिकारिक बयान में कहा गया है। जारी परामर्श के अनुसार, खुले में कचरा जलाने पर रोक समेत कई प्रतिबंध लागू किया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 5,000 रुपये का प्रारंभिक जुर्माना लगाया जाएगा।

## राजधानी में दिल्ली में धुंध की चादर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मंगलवार को सुबह धुंध की मोटी चादर छाई रही तथा शहर की वायु गुणवत्ता और गिरकर बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने यह जानकारी दी। बोर्ड ने बताया कि 27 निगरानी केंद्र रेड जोन में हैं। उसने बताया कि शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मंगलवार सुबह नौ बजे 317 दर्ज किया गया।

मुंडका, बवाना, वजीरपुर, जहांगीरपुरी, आनंद विहार, अलीपुर, अशोक विहार, आया नगर, बुराड़ी, द्वारका, मंदिर मार्ग समेत कई इलाकों में वायु गुणवत्ता गिरकर बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता 93 प्रतिशत दर्ज की गई। एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच अच्छा , 51 से 100 के बीच संतोषजनक , 101 से 200 के बीच मध्यम , 201 से 300 के बीच खराब , 301 से 400 के बीच बहुत खराब तथा 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।




त्यौहारों पर खरीदारी को लेकर सरोजनी नगर मार्केट में उमड़ी भारी भीड़। फोटो: रंजन डिमरी

# 'यमुना में तय हो जहरीले झाग पर जवाबदेही'

● एलजी ने कहा, बहाना बनाने और मीडिया पर आरोप मढ़ने के बजाय राहत पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित करें अधिकारी


एलजी वीके सक्सेना ने यमुना नदी में जहरीले झाग दिल्ली सरकार को घेरा।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मंगलवार को यमुना में जहरीले झाग की तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि बहाना बनाने और मीडिया पर आरोप मढ़ने के बजाय अधिकारियों को शहरवासियों को राहत पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

सक्सेना ने एक्स पर एक पोस्ट में जवाबदेही तय किए जाने की मांग करते हुए कहा कि सच्चाई को दबाया नहीं जा सकता है। उन्होंने आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पर स्पष्ट रूप से हमला करते हुए कहा, कौन जिम्मेदार है। सच्चाई की एक बहुत बुरी आदत है, इसे दबाया नहीं जा सकता है। उन्होंने नदी में झाग और कूड़े की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, मीडिया या सोशल मीडिया मंच पर आरोप-प्रत्यारोप और बहानेबाजी करने से बेहतर होगा कि दिल्ली के लोगों, खासकर छठ पूजा करने वालों और व्रत करने वालों को इस बिगड़ती स्थिति से राहत दिलाई जाए। उन्होंने कहा, मैं समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाने की उम्मीद करता हूं।

सक्सेना की टिप्पणियां सोमवार को उनकी पिछली पोस्ट के बाद आई हैं, जिसमें उन्होंने नदी की स्थिति पर चिंता व्यक्त की थी। उपराज्यपाल ने नदी में झाग दिखाती तस्वीरों का एक सेट साझा करते हुए पूछा था, ये है यमुना की हालत, दिल्ली के लोगों का दर्द, मैं इसे नहीं देख सकता। ऐसी दुर्दशा के लिए कौन जिम्मेदार है, यमुना की सफाई का दावा और इसमें डुबकी लगाने की घोषणा किसने की थी। आम आदमी पार्टी (आप) ने हालांकि सोमवार को एक बयान में दावा किया कि यमुना पर झाग की तस्वीरें 2015 की हैं और आरोप लगाया कि भाजपा पुरानी तस्वीरें साझा करके हताशापूर्ण रणनीति पर उतर रही है। अरविंद केजरीवाल ने 2025 तक यमुना को भारी प्रदूषण से मुक्त करके इसे लोगों के नहाने और डूबकी लगाने लायक बना देंगे।

# 'राजधानी में डीजल बस न भेजें पड़ोसी राज्य'

● दिल्ली सरकार ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के परिवहन मंत्रियों को पत्र लिखकर किया आग्रह

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के परिवहन मंत्रियों को पत्र लिखकर आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि जीआरएपी के दूसरे चरण के प्रतिबंधों के मद्देनजर उनके राज्यों से कोई भी डीजल बस राष्ट्रीय राजधानी में न आए।

वायु गुणवत्ता में गिरावट के कारण ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के दूसरे चरण के प्रतिबंध सुबह आठ बजे से लागू हो गए। गोपाल राय ने कई उपायों की घोषणा की जिनमें सड़कों पर धूल को नियंत्रित करने के लिए पानी का छिड़काव बढ़ाना, धूल को कम करने वाले पदार्थों का उपयोग करना तथा यातायात की भीड़ को कम करने के लिए अतिरिक्त यातायात कर्मियों की तैनाती करना शामिल है। राय ने अपने पत्रों में कहा कि इस वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण वाहनों से होने वाला उत्सर्जन है जिसकी मुख्य वजह इन राज्यों से दिल्ली पहुंचने वाली डीजल बसों की बड़ी संख्या है। उन्होंने कहा, डीजल उत्सर्जन का वायु गुणवत्ता पर प्रभाव सर्वविदित है और ऐसी बसों का बड़ी संख्या में यहां आना दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब होने का महत्वपूर्ण कारण है, जिससे निवासियों के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा पैदा होता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पहले से ही खराब वायु गुणवत्ता से जूझ रही है और अंतरराज्यीय यातायात का अतिरिक्त बोझ स्थिति को और खराब कर रहा है। राय ने कहा, इसके मद्देनजर, मैं आपके कार्यालय से अनुरोध करता हूं कि वह डीजल बसों के दिल्ली में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने या उनके उत्सर्जन मानदंडों को नियंत्रित करने के लिए सख्त नियम लागू करने पर विचार करें।

## तिलक नगर में एक व्यक्ति ने पड़ोसी महिला को चाकू मारा

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर इलाके में 30 वर्षीय एक महिला को पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने कथित तौर पर चाकू मार दिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

जानकारी के मुताबिक पड़ोसी महिला ने आरोपी से दूरी बना ली थी, जिसके चलते उसने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके पास से हथियार बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना सोमवार रात 11.30 बजे हुई जब 36 वर्षीय रविंद्र सिंह उर्फ गोल्डी पीड़िता के घर में घुसा और उस पर चाकू से कई वार किए। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका ऑपरेशन किया गया और उसके स्वास्थ्य पर नजर रखी जा रही है।

# डीसीडब्ल्यू के कर्मियों को नौकरी वापस मिलेगी: केजरीवाल

● आप प्रमुख ने दिवाली से पहले सैकड़ों कर्मचारियों की आजीविका छीनने का भाजपा पर लगाया आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दिवाली से पहले दिल्ली महिला आयोग के सैकड़ों संविदा कर्मचारियों की आजीविका छीनने का आरोप लगाया और उन्हें आश्वासन दिया कि उन्हें बहाल किया जाएगा।

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने सोमवार को एक आदेश जारी कर अपने सभी संविदा कर्मचारियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दीं। केजरीवाल ने प्रभावित संविदा कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी उनकी नौकरी बहाल कराने के लिए संघर्ष करेगी।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं डीसीडब्ल्यू से निकाली गईं अपनी बहनों को आश्वासन देता हूं कि मैं उन्हें उनकी नौकरियां वापस दिलाऊंगा, इसके लिए चाहे कुछ भी करना पड़े। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने डीसीडब्ल्यू में संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने के लिए भाजपा की आलोचना की। सिसोदिया ने कहा कि यह कदम भाजपा के घोषणापत्र में किए गए रोजगार सृजन के वादे का विरोधाभासी है। उन्होंने कहा, भाजपा ने दिवाली से ठीक पहले लोगों की नौकरियां छीनकर गलत किया है। उनके घोषणापत्र में रोजगार देने की बात की गई है, लेकिन वे पिछले 30 वर्षों से अनुबंध पर काम कर रहे लोगों की नौकरियां छीन रहे हैं। अब ये लोग दिवाली कैसे मनाएंगे। सिसोदिया ने कहा, भाजपा नौकरियां छीनने वाली पार्टी है। उनकी पार्टी प्रभावित संविदा कर्मियों के साथ खड़ी है और उनका समर्थन करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। आप ने कहा कि यह विरोधाभासी है कि भाजपा दिल्ली की सत्ता में आने पर संविदा कर्मियों को नियमित करने का वादा करती है जबकि केंद्र डीसीडब्ल्यू के संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त कर दीं।

# संपत्ति विवाद में वकील की लोहे की छड़ से पिटाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

साकेत जिला अदालत में वकालत करने वाले एक वकील की दक्षिण दिल्ली के महरौली इलाके में संपत्ति विवाद को लेकर कुछ लोगों ने कथित रूप से पिटाई कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि हमले में रामबाबू सिसोदिया (58) को कई चोटें आई हैं। सोमवार शाम को महरौली के लाडो सराय गांव में उन पर हमला किया गया था। बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर आया है जिसमें लोगों का एक समूह दो लोगों की लाठी-डंडों एवं लोहे के छड़ से पिटाई करते हुए नजर आ रहा है। उन्होंने लाडो सराय स्थित अपनी संपत्ति राजीव गुप्ता को किराए पर दी थी जिसमें एक कमरा और एक छोटी नर्सरी है। कई बार कहने और समझाने के बावजूद गुप्ता ने वह संपत्ति खाली करने से इनकार कर दिया था। सिसोदिया अपने मित्रों के साथ सोमवार को अपने प्लॉट पर गुप्ता से बात करने गए लेकिन गुप्ता और उसके दोस्तों ने उन पर तथा उनके मित्रों पर कथित रूप से हमला कर दिया।

## विशेष जरूरत वाले दिव्यांगों को हर मिलेगा पांच हजार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने विशेष जरूरतों वाले दिव्यांग व्यक्तियों को 5,000 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है, जो पूरे देश में सबसे ज्यादा है। समाज कल्याण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

भारद्वाज ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि 60 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांग व्यक्ति वित्तीय सहायता के लिए पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि सोमवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में वित्तीय सहायता बढ़ाने का फैसला लिया गया। मंत्री ने कहा कि समाज कल्याण विभाग को इस योजना के क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए हैं और इसके तहत पंजीकरण एक महीने के भीतर शुरू होने की उम्मीद है।

# डीयू परिसर अब भी गंदा, पोस्टर हटाएं: हाईकोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




● छात्रसंघ उम्मीदवारों को दिवारों को फिर से पेंट कराने के दिए निर्देश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने छात्र संघ चुनाव के उम्मीदवारों को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) परिसर को साफ करने और दीवारों को फिर से पेंट करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने टिप्पणी की कि परिसर अब भी चुनाव के दौरान छात्र संघों द्वारा की गई चुनावी ज्यादती से उबर नहीं पाया है और ए काफी गंदा नजर आ रहा है।

मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने 27 सितंबर को हुए दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) 2024-25 के चुनाव में उतरने वाले 16 विद्यार्थियों को पक्षकार बनाया और उन्हें 28 अक्टूबर को उसके समक्ष पेश होने और अपने आचरण के बारे में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि साफ-सफाई का काम छात्र उम्मीदवार विश्वविद्यालय या कॉलेज के सहयोग से करें।

याचिकाकर्ता के अनुरोध पर अदालत ने भानु प्रताप सिंह, रौनक खत्री, यश पंवार, ऋषभ चौधरी, लोकेश चौधरी, यश नांदल, राहुल सिंह डेढा, अमन कपासिया, दीपिका झा, शिवम मौर्य, हिमांशु नागर, आर्यन मान, ऋषि राज सिंह, राहुल झांसला और प्रियांशु चौधरी को पक्षकार बनाया। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि मुख्य तौर पर इन उम्मीदवारों ने परिसर को गंदा किया।

हालांकि अदालत ने इन उम्मीदवारों को दिल्ली विश्वविद्यालय और कॉलेज के सहयोग से सभी पोस्टर, भित्तिचित्र हटाने और दीवारों को फिर से रंगने का निर्देश दिया। अदालत ने डीयू को नए पक्षकारों को व्हॉट्सऐप और ई-मेल के माध्यम से 28 अक्टूबर को अदालत में पेश होने के लिए सूचित करने को कहा।

# संक्षिप्त समाचार

### महरौली में तीन वाहन चोर गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार की सुबह पुलिस के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद, कथित तौर पर मोटर वाहन चोरी करने में लिप्त तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस दल और आरोपियों के बीच महरौली इलाके में मामूली गोलीबारी हुई। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने दिल्ली से चार पहिया वाहन चुराए और उन्हें उत्तर प्रदेश के मेरठ में बेच दिया था। अधिकारी ने बताया कि अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

### बंदूक तानने वाले शाहरुख को नहीं मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को उत्तरपूर्वी दिल्ली में वर्ष 2020 में हुए दंगों के दौरान एक पुलिसकर्मी पर बंदूक तानने के आरोपी शाहरुख पठान को जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने निचली अदालत के 14 दिसंबर के उस आदेश को चुनौती देने वाली पठान की जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसमें उसे जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। पठान के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल पर दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल पर कथित तौर पर पिस्तौल तानने और गोली चलाने के आरोप में हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया था, जिसमें अधिकतम 10 साल की सजा हो सकती है, जबकि वह चार साल से अधिक समय हिरासत में बिता चुका है। निचली अदालत के समक्ष यह तर्क दिया गया कि लगभग 90 गवाहों से पूछताछ की जानी बाकी है और पठान को अनंत काल तक जेल में नहीं रखा जा सकता है। पठान को तीन मार्च, 2020 को उत्तर प्रदेश के शामली जिले से गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह दिल्ली की जेल में बंद है। उत्तरपूर्वी दिल्ली में 24 फरवरी, 2020 को हिंसक झड़पें हुई थीं, जिसमें 53 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। उच्च न्यायालय इसके पहले जनवरी 2022 में भी पठान की जमानत याचिका खारिज कर चुका है।

### अमानतुल्लाह की जमानत पर ईडी से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आप विधायक अमानतुल्लाह खान की ओर से धन शोधन मामले में जमानत के लिए दायर याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। खान के वकील ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष जमानत याचिका दायर की, जिन्होंने ईडी को 29 अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने 21 अक्टूबर को सुनाए गए आदेश में कहा, आरोपी अमानतुल्लाह खान की ओर से नियमित जमानत के लिए एक आवेदन दायर किया गया है। इसकी प्रति ईडी को उपलब्ध करा दी गई है। जवाब दाखिल किया जाए। मामले को 29 अक्टूबर 2024 को सूचीबद्ध करें। इस बीच, न्यायाधीश ने मामले में खान की न्यायिक हिरासत पांच नवंबर तक बढ़ा दी। यह आदेश ईडी की याचिका पर पारित किया गया, जिसमें अदालत को बताया गया कि अगर खान को रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

# प्रदूषण में त्वचा के लिए फायदेमंद है चारकोल : विशेषज्ञ

● त्वचा छिद्रों को बंद होने से रोकने के साथ विषाक्त पदार्थ निकालने में करता है मदद

भाषा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच विशेषज्ञों ने त्वचा के छिद्रों को बंद होने से रोकने और विषाक्त पदार्थों को शरीर से बाहर रखने के लिए प्राकृतिक उपचार के रूप में सक्रिय चारकोल के उपयोग की वकालत की है। विशेषज्ञों के मुताबिक सक्रिय चारकोल का लेप चेहरे की त्वचा से सीबम (तैलीय पदार्थ) को कम करने में उपयोगी होती है, जिससे मुंहासों के उपचार में मदद मिलती है, क्योंकि इनमें अच्छे अवशोषण गुण होते हैं। इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (आयुष) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरपी पाराशर ने कहा कि सक्रिय चारकोल को ब्लैक डायमंड भी कहा जाता है और इसमें सीबम को अवशोषित करने के अच्छे गुण होते हैं। डॉ.पाराशर ने कहा कि प्रदूषण का स्तर बढ़ने से त्वचा को लेकर चिंता बढ़ जाती है,क्योंकि में वायुमंडल में मौजूद पीएम2.5 से पीएम 10 आकार के कण आपके त्वचा के छिद्रों को बंद कर सकते हैं और परेशानी पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण का स्तर बढ़ने के साथ ही वायुमंडल में शीशा और नाइट्रोजन जैसे रसायनों की मौजूदगी भी बढ़ जाती है तो त्वचा को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ त्वचा छिद्रों के जरिए रक्त वाहिकाओं तक पहुंच सकते हैं जिससे लंबे समय में अंगों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा, सक्रिय चारकोल त्वचा में अवशोषित नहीं होता है, लेकिन मुंहासों में मौजूद विषैले तत्वों और रोगाणुओं को अवशोषित कर लेता है और इस तरह यह त्वचा को क्षतिग्रस्त होने से बचाता है।



डॉ. पाराशर ने कहा कि सक्रिय चारकोल सीबम बनने की प्रक्रिया को संतुलित और नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, जो अन्यथा मुंहासे और फुंसियों का कारण बन सकता है।

इंडोनेशिया के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन रिव्यू ऑफ ग्रीन सिंथेसिस: एक्टिवेटेड चारकोल टू रिड्यूस सिबम लेवल इन ऑयली फेशियल स्किन में कहा गया है कि सक्रिय चारकोल की छिद्रपूर्ण बनावट नकारात्मक रूप से आवेशित अणुओं को सकारात्मक रूप से पकड़ती है और आकर्षित करती है।

चूंकि सक्रिय चारकोल शरीर द्वारा अवशोषित नहीं होता, इसलिए यह सतह पर उपस्थित विषाक्त पदार्थों को शरीर से बाहर निकाल देता है।

त्वचा उत्पादों के ब्रांड आयुथवेदा के निदेशक डॉ.संचित शर्मा ने कहा, सक्रिय चारकोल बांस की कटाई के बाद इसे बेहद उच्च तापमान पर कार्बोनाइज किया जाता है जिससे इसका सतह क्षेत्र और वजन का अनुपात 1200:1 हो जाता है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया से निर्मित आयुथवेदा चारकोल फेसवाश त्वचा से गंदगी और अशुद्धियों को बाहर निकाल कर त्वचा को साफ करता है। यह त्वचा को प्रदूषण से बचाता और अतिरिक्त तेल को सोख लेता है। जिम के दौरान वर्कआउट के बाद जमा हुए पसीने और विषाक्त पदार्थों को यह कुशलता से खत्म करता है।

शर्मा ने कहा कि जैसे-जैसे जागरूकता बढ़ रही है, चारकोल उत्पादों की कई किस्में एशियाई और यूरोपीय बाजारों में लोकप्रिय हो रही हैं, जो प्रदूषण के कारण उत्पन्न त्वचा संबंधी अनेक समस्याओं के लिए प्राकृतिक समाधान प्रदान करती हैं।

शर्मा ने कहा कि बांस के टुकड़ों एवं जड़ों से चारकोल तैयार होता है। हालांकि चारकोल अन्य लकड़ियों से भी बनता है लेकिन वन कानूनों के चलते इसे हासिल करना आसान नहीं है। जबकि बांस पेड़ नहीं है, एक घास है, उससे हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं है।

## सुंदर नगर में 900 वर्ग गज का बंगला 96 करोड़ रुपये में बिका

**नई दिल्ली।** आवासीय कॉलोनी सुंदर नगर में करीब 900 वर्ग गज का बंगला करीब 100 करोड़ रुपए में बिका है। बाजार सूत्रों के अनुसार, सुनील और रवि सचदेव का सुंदर नगर स्थित बंगला करीब 96 करोड़ रुपए में बिका है।

रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई ने इस बंगले की बिक्री में मदद की। विक्रेताओं तथा सीबीआरई दोनों ने इस सौदे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। सुंदर नगर को मध्य दिल्ली में सबसे महंगे आवासीय स्थलों में गिना जाता है। सीबीआरई की इस महीने की शुरुआत में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, इस साल जनवरी-सितंबर में सात प्रमुख शहरों में चार करोड़ रुपए और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# और बेहतर की जाएंगी स्वास्थ्य सेवाएं: मंत्री

## कहा- अस्पतालों में आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना होगी हमारी प्राथमिकता

- आरती सिंह राव ने निर्माणाधीन श्रीमाता शीतला देवी मेडिकल कॉलेज व नागरिक अस्पताल के कार्य प्रगति की समीक्षा की



नागरिक अस्पताल में नई बिल्डिंग के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से बात करतीं स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा की स्वास्थ्य, आयुष एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि गुरुग्राम एक बढ़ता हुआ शहर है। जिसकी वैश्विक स्तर पर अपनी एक अलग पहचान भी है। ऐसे हम सभी को यहां स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर व सुलभ करने के लिए गंभीरता से सार्थक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि नागरिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार से लेकर इलाज के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए वे दृढ़ संकल्पित है तथा इस दिशा में वे सदैव प्रयत्नशील हैं।

यह बात उन्होंने मंगलवार को सिविल लाइन्स स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हॉउस में स्वास्थ्य विभाग, जीएमडीए विभाग के अधिकारियों संग बैठक के दौरान कही। आरती सिंह राव हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद मंगलवार को पहली बार गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेने पहुंची थीं। इस दौरान गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा व पटौदी की विधायक बिमला चौधरी भी उनके साथ मौजूद रहे। जीएमडीए के सीईओ ए.श्रीनिवास व डीसी निशांत कुमार यादव ने स्वास्थ्य मंत्री के गुरुग्राम आगमन पर उनका स्वागत किया। स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग, जीएमडीए विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में गुरूग्राम में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी विकास परियोजनाओं जैसे नागरिक अस्पताल व श्री शीतला माता मेडिकल कॉलेज के निर्माण प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जीएमडीए के सीईओ ए श्रीनिवास ने बताया कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य अगले साल 30 अप्रैल तक पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने सिविल लाइन में बनने वाले नागरिक अस्पताल के निर्माण प्रगति से जुड़ी जानकारी देते हुए बताया कि करीब 990 करोड़ की लागत से बनने वाले इस नागरिक अस्पताल के लिए 16 अगस्त को टेंडर फ्लोट किया गया था। जोकि अगले महीने 8 तारीख को खुलेगा। उन्होंने बताया कि इस 13 मंजिला अस्पताल में 2 बेसमेंट, एक ग्राउंड फ्लोर सहित 11 मंजिले होंगी। अस्पताल में 60 आईसीयू, 12 ओटी सहित आपात स्थिति के लिए हेलिपैड जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं का भी ध्यान रखा गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने बैठक के उपरांत सिविल हॉस्पिटल तथा श्रीमाता शीतला देवी मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया।

बैठक में एचएसवीपी की प्रशासक रेनू सोगन, डिप्टी सीएमओ डॉ. नीलिमा, डॉ. जयप्रकाश, डॉ. केशव, डा.प्रिया शर्मा, जीएमडीए के एक्सईएन विकास मलिक, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन चरणजीत राणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 883 बेड का होगा सात मंजिला मेडिकल कॉलेज

बैठक में जीएमडीए के सीईओ ए श्रीनिवास ने सेक्टर-102ए में श्रीमाता शीतला देवी मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य से जुड़ी प्रगति की जानकारी सांझा करते हुए बताया कि करीब 541 करोड़ की लागत से बन रहे इस मेडिकल कॉलेज का ढांचा निर्माण का कार्य करीब करीब पूरा हो चुका है। मेडिकल कॉलेज में फिनिशिंग कार्य भी समानांतर रूप से जारी है। उन्होंने बताया कि 883 बेड की सुविधा वाले इस मेडिकल कॉलेज में ग्राउंड फ्लोर सहित 7 मंजिलें रहेंगी। निर्माण लागत में 50 प्रतिशत शेयर जीएमडीए, 45 प्रतिशत नगर निगम व 5 प्रतिशत शेयर श्री शीतला माता मंदिर का रहेगा।

# स्कूली बच्चों को दिया साइबर सुरक्षा का ज्ञान

**गुरुग्राम।** श्री चित्रगुप्त सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्रों के लिए साइबर क्राइम जागरुकता पर एक जानकारीपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल दुनिया में बढ़ते खतरों, मोबाइल फोन तथा इंटरनेट के जिम्मेदार उपयोग के बारे में शिक्षित करना था। यह सत्र एसएचओ मदन लाल और पीएसआई दीपक कुमार द्वारा संचालित किया गया। उन्होंने ऑनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल फुटप्रिंट के बारे में बताया कि कैसे संदेशों को डिलीट करने के बाद भी वे डिजिटल रूप से मौजूद रहते हैं, पहचान की चोरी और फिशिंग जैसे विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सांझा की। उन्होंने छात्रों को मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट का उपयोग करते समय सतर्क रहने के महत्व पर जोर दिया। उनका सत्र मुख्य रूप से व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा और संदेहास्पद ऑनलाइन गतिविधियों की पहचान के बारे में जागरुकता बढ़ाने पर केंद्रित था। छात्रों ने उत्साहपूर्वक इस कार्यशाला में भाग लिया। डिजिटल दुनिया में खुद को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां सीखी। खासकर सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर। कार्यशाला ने न केवल सैद्धांतिक ज्ञान दिया बल्कि व्यावहारिक सुझाव भी दिए।

# पॉलीथीन का उपयोग करने पर जब्त होगी रेहड़ी: जितेंद्र

- अतिक्रमण को किसी भी सूरत में नहीं किया जाएगा बर्दाश्त
- इंफोर्समेंट टीम को आदेश, जल्द करें मानेसर निगम क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त



रेहड़ी वालों से बात करते अतिरिक्त निगम आयुक्त जितेंद्र कुमार।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मानेसर नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त जितेंद्र कुमार ने कहा कि मानेसर क्षेत्र में पॉलीथीन का उपयोग करने वालों की रेहड़ी जब्त होगी, वहीं यदि कोई दुकानदार पॉलीथीन का उपयोग करता हुआ मिला तो दुकान को सील किया जाएगा। रेहड़ियों को ग्रीन बेल्ट, मुख्य सड़क और सर्विस लेन से दूर खड़ी करें।

अतिरिक्त आयुक्त ने मंगलवार को मानेसर निगम क्षेत्र में रेहड़ी लगाकर व्यापार करने वालों के साथ बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि रेहड़ी वाले और दुकानदार नगर निगम की मदद कर सकते है। इनकी बदौलत ही शहर को साफ रखा जा सकता है। सभी दुकानदार प्रण लें कि आज से अपनी दुकानों पर पॉलीथीन का उपयोग नहीं करेंगें। साथ ही उन्होंने अपील करते हुए कहा कि पॉलीथीन सप्लायर और गोदामों का पता भी नगर निगम की टीम को दें ताकि उन पर कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा उन्होंने वहां मौजूद रेहड़ी वालों से कहा कि नगर निगम की ओर से स्ट्रीट वेंडिंग जोन बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है, तब तक मुख्य सड़क से दूर रेहड़ी लगाकर अपना व्यापार करें। सड़कों पर रेहड़ी-खोखे लगाने से सड़कों पर अतिक्रमण होता है। अतिक्रमण के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या शुरू होती है। आमजन को असुविधा होती है। सरकारी जमीन पर किसी को भी अतिक्रमण का अधिकार नहीं है। यदि कोई अतिक्रमण करते हुए पाया गया तो निगम की इंफोर्समेंट टीम उसपर जुर्माना लगाकर रेहड़ी जब्त करेगी।

# चारों जोन में आयोजित किए समाधान शिविर

- निगमायुक्त ने नागरिकों की शिकायतें सुनकर अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मंगलवार को नगर निगम के चारों जोन में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर शुरू किए गए। इनमें आने वाली शिकायतों में तुरंत हल हो सकने वाली शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ ने कहा कि हरियाणा सरकार की सराहनीय पहल के मद्देनजर ये शिविर आयोजित किए गए। सेक्टर-34 स्थित कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान उन्होंने कहा कि पहले दिन चारों जोन में आयोजित समाधान शिविरों में कुल 71 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 14 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष 57 शिकायतें जिनके समाधान में समय लगना है, उनके लिए समय सीमा निर्धारित की गई है।

# 'हार्ट अटैक के समय सीपीआर देकर बचाई जा सकती है जान'

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एनआईटी पांच स्थित राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रागंण में चल रहे जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन का शुभारम्भ रेडक्रॉस प्रार्थना व रेडक्रॉस झंडा गीत के साथ शुरू हुआ।

जिला रैड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष विक्रम सिंह के निर्देशानुसार एवं सचिव विजेंद्र सौरोत के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय जूनियर रेड क्रॉस प्रशिक्षण 25 अक्तूबर तक आयोजित किया जा रहा है। प्रवक्ता मीनू कौशल, ने कहा कि सीपीआर का मतलब कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन बताया। यह भी एक तरह की प्राथमिक चिकित्सा यानी फर्स्ट एड है। जब कोई व्यक्ति सांस न ले पा रहा हो और बेहोश हो जाए तो सीपीआर से उसकी जान बचाई जा सकती है। हार्ट अटैक यानी दिल का दौरा पड़ने पर तो सबसे पहले और समय पर सीपीआर दे दिया जाय तो पीड़ित की जान बचाने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

# धुआं व प्रदूषण मुक्त, स्वच्छ दिवाली मनाएं: चुघ

- ऊर्जा समिति ने लोगों से की अपील

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

परम्परा एवं पर्यावरण में संतुलन बनाते हुए प्रदूषण रहित व स्वच्छ दीवाली मनाने एवं बिजली बचाने के लिए ऊर्जा समिति ने अपील की है। प्रदूषण को देखते हुए सभी पर्यावरण संतुलन के लिए धुआं व धमाका मुक्त, बमों व पटाखों से मुक्त दीवाली मनायें। बिजली की बचत के लिए अपने घरों पर लगने वाली लाईटों का कम से कम प्रयोग करें।

ऊर्जा समिति के महासचिव संजय कुमार चुघ ने बताया कि इस समय एयर क्वालिटी इंडेक्स प्रदूषित स्तर पर है और इन दिनों हवा बहुत जहरीली बनी हुई है। अपनी खुशी का इजहार तो मिठाई, उपहारों, रंगोली व मिट्टी के दीयों के साथ, दूसरों में खुशियां व प्यार बांटकर कर सकते हैं। त्यौहार का सही आनंद तो परम्परा और पर्यावरण में संतुलन रखते हुए स्वच्छ व प्रदूषण रहित वातावरण में ही आएगा। पर्यावरण संतुलन के मद्देनजर हमें मिल-जुलकर ही हर प्राणी के स्वास्थ्य हित में कार्य करना है। बमों व पटाखों से त्यौहार मनाना कोई आवश्यक नहीं हैं।

उन्होंने बताया कि लोग अपने घरों को दीयों से सजाएं और 3, 6, 8, 9, 12 व 18 वाट की एलईडी व स्लिम लाइटों का इस्तेमाल करें। सोते समय वे भी बंद कर सकते हैं। इससे बिजली की खपत कम होगी और पर्यावरण संतुलित होगा। ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा का उत्पादन है इसीलिए बचत को साधन बना कर ऊर्जा की मांग व आपूर्ति में समन्वय स्थापित किया जा सकता है। 100, 200 व 500 वाट के बड़े बल्बों व फोकस लाइटों लगाना जरूरी नहीं है।

### स्वच्छ भारत मिशन के दस वर्ष पूरे

# 102005 विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र

- 265 स्कूलों व कॉलेजों के छात्र छात्राओं ने लिखे बधाई संदेश
- इंडिया बुक ऑफ अमेजन रिकॉर्ड्स में नाम होगा दर्ज



पीएम मोदी को पत्र लिखने के आयोजन में शामिल बच्चे।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 15 अगस्त 2014 को शुरू हुए स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरे होने पर नगर निगम द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से एक अनूठी पहल की। इसके तहत गुरुग्राम की 265 स्कूल व कॉलेजों के 102005 विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री को बधाई संदेश लिखा है। पत्र लेखन मैराथन नामक यह कार्यक्रम इंडिया बुक ऑफ अमेजन रिकॉर्ड्स में शामिल होगा।

मंगलवार को आयोजित हुई इस मैराथन में नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डा. बलप्रीत सिंह भी शामिल हुए। स्थानीय सेक्टर-109 स्थित ज्ञानंदा स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए डा. बलप्रीत सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से एक ओर जहां विद्यार्थियों में लेखन के प्रति रुचि बढ़ेगी, वहीं दूसरी ओर स्वच्छता के प्रति उनके लगाव में भी बढ़ोतरी आएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी तंत्र तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह सभी व्यक्तियों के जीवन से जुड़ा हुआ विषय है। हम सभी को अपने गांव, शहर, प्रदेश व देश को स्वच्छ, स्वस्थ व सुंदर बनाने के लिए संयुक्त रूप से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम सभी अपने घर को साफ रखते हैं, उसी प्रकार अपने आसपास के क्षेत्र व शहर को साफ रखने की भी जिम्मेदारी हमें निभानी चाहिए। कभी भी इधर-उधर कचरा नहीं फेंकना चाहिए तथा अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है, तो उसे समझाना चाहिए। कचरा अलगाव के बारे में उन्होंने कहा कि हम सभी की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि हमारे यहां से निकलने वाले कचरे का सही ढ़ंग से निपटान सुनिश्चित हो। इसके लिए प्राथमिक स्तर पर ही गीले, सूखे व हानिकारक कचरे को अलग-अलग किया जाना चाहिए तथा अलग-अलग श्रेणी में ही उसका प्रबंधन किया जाना चाहिए।

इस मैराथन को सफल बनाने में नगर निगम गुरुग्राम के साथ शिक्षा विभाग गुरुग्राम, ज्ञानंदा स्कूल, यूनाइटेड वे ऑफ दिल्ली, करियर इंडिया और वियान आई एंड रेटिना सेंटर का महत्वपूर्ण सहयोग मिला। नगर निगम की तरफ से ब्रांड एंबेसडर कुलदीप हिन्दुस्तानी व स्वच्छता सलाहकार सुरभि राठौर ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की जिम्मेदारी संभाली। इस मौके पर सोहना की बीईओ सुमिता रांगी, ज्ञानंदा स्कूल की डायरेक्टर प्रिंसिपल दीपिका राठी, वियान आई एंड रेटिना सेंटर से डा. नीरज संदूजा व दीपक खरवार, यूनाइटेड वे ऑफ दिल्ली से रजनी उपस्थित थे।

# इंजीनियरिंग विद्यार्थियों के लिए दो सप्ताह का इंडक्शन प्रोग्राम शुरू

- इंजीनियरिंग और नवाचार का उपयोग समाज की भलाई के लिए करें विद्यार्थी: तोमर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान विभिन्न शैक्षणिक विभागों में दाखिल हुए इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए 22 अक्तूबर से 6 नवम्बर, तक दो सप्ताह का इंडक्शन प्रोग्राम मंगलवार को प्रारंभ हो गया। कार्यक्रम का आयोजन इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय द्वारा डीन छात्र कल्याण के कार्यालय के सहयोग से किया गया है, जबकि कार्यक्रम का समन्वयन इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया जा रहा है।

इंडक्शन कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलित द्वारा किया। इस अवसर पर डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. मुनीश वशिष्ठ, डीन (एफईटी) प्रो. राज कुमार, प्रो. संदीप ग्रोवर, और सभी इंजीनियरिंग विभागों के अध्यक्ष भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुरूआत में कार्यक्रम समन्वयक डॉ नीतू गुप्ता ने विद्यार्थियों को इंडक्शन प्रोग्राम की रूपरेखा से अवगत करवाया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने नये छात्रों का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों के करियर तथा चरित्र निर्माण में विश्वविद्यालय जीवन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय जीवन का भरपूर लाभ उठाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अकादमिक उत्कृष्टता हासिल करने से के साथ-साथ वे अच्छे नागरिक बने तथा राष्ट्र-निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग और नवाचार का उपयोग समाज की भलाई में निहित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी संवेदनशील बने और अपने आसपास प्रदूषण की समस्या का समाधान निकालने के लिए अभिनव उपायों पर काम करें।

## संक्षिप्त समाचार

### पराली जलाई तो मंडी में फसल बेचने पर लगेगा प्रतिबंध

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, फरीदाबाद ने माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की अनुपालना में यह निर्णय लिया गया है कि जो किसान पराली जलाएगा उसके खिलाफ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग एफआईआर दर्ज कराएगी। इसके अलावा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ऐसे किसानों की मेरा फसल मेरा ब्योरा में रेड एंट्री दर्ज की जाएगी तथा दो सीजन तक धान, गेहूं व अन्य सभी फसलों को मंडी में बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप कृषि निदेशक डॉ अनिल कुमार ने बताया कि किसान पराली न जलाकर मशीनो का प्रयोग से खेतो में अवशेष मिला सकते है। सरकार की स्कीम के तहत जो किसान सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, रिवर्सिबल एमबी प्लो, जीरो टिल सीड ड्रिल, रोटावेटर व हैरो द्वारा पराली अवशेषों को भूमि मे मिलाएगा वे किसान इन सीटू व एक्स सीटू प्रबंधन स्कीम के तहत एक हजार रुपये प्रति एकड़ का लाभ उठा सकते है। ऐसा करने से किसानो को आर्थिक रूप से लाभ पंहुचेगा और पराली से पैदा होने वाले धुएं के प्रदूषण से भी बचाएगा।

### 13 नवंबर से शुरू होगा 5वां युवा महोत्सव

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के युवा कल्याण विभाग की ओर से जे.के. बिजनेस स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स कॉलेज में 13 से 15 नवंबर तक युवा महोत्सव शंखनाद आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि जे.के बिजनेस स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स कॉलेज में आयोजित होने वाला गुरुग्राम यूनिवर्सिटी का यह 5वां युवा महोत्सव होगा। इस महोत्सव में नृत्य, गायन, नाट्य कला, रंगोली, मेहंदी, स्लोगन, चित्रकारी, वाद विवाद समेत 43 विधाओं का मंचन किया जायेगा इस कार्यक्रम में गुरुग्राम यूनिवर्सिटी से सम्बद्ध लगभग 75 कॉलेज के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। इसके लिए 4 -6 मंच तैयार किए जाएंगे। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कुलपति ने बताया कि युवा महोत्सव का छात्र पूरे वर्ष भर बेसब्री से इंतजार करते हैं। युवा महोत्सव को लेकर सभी विद्यार्थियों के चेहरे खिले हुए हैं। कॉलेजों एवं यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों की ओर से रिहर्सल भी शुरू कर दी गई है। इस दौरान महोत्सव में शामिल होने वाले विद्यार्थी जमकर अभ्यास कर रहे हैं।

### रोजगार मेला सोहना में 25 व गुरुग्राम में 29 को

**गुरुग्राम।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोहना में 25 अक्टूबर तथा गुरुग्राम आईटीआई में 29 अक्टूबर को शिक्षुता एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें निजी कंपनियों के अधिकारी आईटीआई से पासआउट हो चुके छात्र-छात्राओं के इंटरव्यू लेंगे। सोहना आईटीआई की प्रिंसिपल सोनिका तक्षक ने बताया कि 25 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे रोजगार मेले का आयोजन होगा। जिसमें वोरटेक्स स्प्रिंगस एंड कंपोनेंट्स प्रा. लि., जेबीएम ग्रुप गुरुग्राम तथा केडब्ल्यू इंजीनियरिंग एंड सिंग्स प्रा. लि. कंपनी के अधिकारी फिटर, मशीनिस्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, टूल एंड डाई मेकर व कारपेंटर आदि पदों के लिए युवाओं का चयन करेंगे। गुरुग्राम आईटीआई प्राचार्य जयदीप सिंह कादयान ने बताया कि सेक्टर-14 स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार 29 अक्तूबर को शिक्षुता व रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें धूत ट्रांसमिशन, माईलस्टोन्स स्विचगियर्स, कंट्रोल पावर रिसर्च लैबोरेट्री, एटीसी प्रेसिजन कंपोनेंट्स, लेंसकार्ट, एवीएम और स्वामा प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. कंपनी के अधिकारी साक्षात्कार लेने के लिए आएंगे।

### महिला समेत नशे के दो कारोबारी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** अवैध गांजा व अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक महिला समेत दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों के पास से गांजा, नकदी व आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-65 में एन.डी.पी.एस. अधिनियम, एक्साइज एक्ट व बीएनएस की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। अपराध शाखा इंचार्ज उप-निरीक्षक राजेश कुमार की टीम को एक सूचना एक व्यक्ति द्वारा अवैध गांजा तथा अवैध शराब रखने की शिकायत मिली।

# युवाओं ने शपथ लेकर नशा न करने का प्रण लिया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

अरुण जेटली, राष्टीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान फरीदाबाद में मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र ने नशीली दवाओं की लत और मादक द्रव्यों के सेवन पर जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया। जिला रैड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र एवं जज्बा फाउंडेशन के सहयोग से माई भारत के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी प्रियंका मलिक के दिशा निर्देश इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप जिला रैड क्रॉस सोसाइटी के सचिव बिजेंदर सौरोत ने युवा को नशीली दवाओं की लत और मादक द्रव्यों के सेवन पर जागरूक करते हुए बताया कि देश एक गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है, जिससे युवाओं में नशीली दावों की लत और मादक द्रव्यों के सेवन का बढ़ावा बढ़ता प्रचलन यह लत ना सिर्फ उनके शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। बल्कि उनके भविष्य के अवसरों को भी खतरे में डालती है। हमें नशीली दवाओं की लत और मादक द्रव्यों के सेवन नहीं करना चाहिए। हमें अपने आसपास के सभी लोगों से नशीली दवाओं को खाने से जागरूक करना चाहिए।

कार्यक्रम में विशिष्ठतिथि के रूप में आये जिला रैड क्रॉस सोसाइटी के जिला प्रशिक्षण अधिकारी पुरषोत्तम सैनी ने सेक्टर -14 स्थित नशा मुक्ति केंद्र की सम्पूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि यदि भविष्य कभी भी आपको अपने आस-पड़ोस में कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार के नशे से ग्रसित दिखाई देता है तो आप लोग उस व्यक्ति को नशा मुक्ति केंद्र में एडमिट करा सकते है जहाँ हमारी टीम के अच्छे व प्रशिक्षित डॉक्टरो द्वारा उस व्यक्ति का इलाज बिल्कुल मुफ्त में किया जाएगा।

# न्यायिक परीक्षा पास करने पर बिपाशा व अभिषेक को दी बधाई



### बिपाशा ने समाज का नाम रोशन किया: नागर

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के खाद्य आपूर्ति राज्यमंत्री राजेश नागर ने आज गांव फरीदपुर की बेटी बिपाशा खटाना के निवास पर जाकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

बिपाशा खटाना ने हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा पास कर सिविल जज बनकर समाज का और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नागर ने कहा कि बेटियों की तरक्की पर हमें गर्व है। बेटियां समाज की सांझी विरासत होती हैं और उनकी तरक्की से समाज की तरक्की होती है। उन्होंने कहा कि वह समाज अपने पीछे विरासत छोड़कर जाता है जो बेटियों को इज्जत मान सम्मान देता है। हमें अपनी बेटियों को खूब पढ़ने और बढ़ने के मौके देने चाहिए क्योंकि वह शक्ति का पर्याय हैं। शक्ति के बिना कुछ भी नहीं हो सकता वैसे ही बेटी के बिना भी समाज नहीं चल सकता। राजेश नागर ने कहा कि हमारी सरकार में बेटियों को पढ़ने और बढ़ने के खूब अवसर दिए हैं। वहीं बिना पर्ची बिना खर्चे की नौकरियां लगने के लिए हरियाणा सरकार की पूरे देश में प्रशंसा होती है।



### कांग्रेस नेताओं ने अभिषेक को गुलदस्ता भेंट किया

**फरीदाबाद।** गांव अनंगपुर निवासी अभिषेक भड़ाना द्वारा हरियाणा सिविल सेवा न्यायिक परीक्षा (जज) उत्तीर्ण करने पर मंगलवार को कांग्रेसियों ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर मुख्य रुप से कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़, लोकसभा अध्यक्ष रिंकू चंदीला, श्याम नेताजी बड़ौली मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं ने अभिषेक भड़ाना को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और उनका मुंह मीठा कराया। इस मौके पर सुमित गौड़ ने कहा कि अभिषेक भड़ाना ने अपनी उपलब्धि से न केवल गांव अनंगपुर बल्कि फरीदाबाद का नाम पूरे देशभर में रोशन करने का काम किया है। अभिषेक ने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है कि अगर मेहनत की जाए तो हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अनंगपुर के स्कूल में पढ़े अभिषेक ने दिल्ली से ग्रेएजुशन और लॉ की पढ़ाई की और उसके बाद एक बार यूपी में हरियाणा सिविल सेवा न्यायिक परीक्षा दी, लेकिन वहां उन्हें असफलता मिली।

# सीएम ने किया अस्पताल का निरीक्षण

## पंचकूला के सरकारी अस्पताल की लिफ्ट में करीब आधा घंटा फंसा रहा था एक परिवार

- घटना के दो घंटे बाद पहुंचे थे मुख्यमंत्री, प्रशासन के हाथ-पांव फूले



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

पंचकूला के सरकारी अस्पताल की लिफ्ट में सोमवार की रात एक परिवार करीब आधा घंटा लिफ्ट में फंसा रहा। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर परिवार को बचाया लेकिन कुछ घंटे बाद यहां पहुंचे मुख्यमंत्री को इस घटनाक्रम की भनक तक नहीं लगी।

सोमवार की रात पंचकूला के सेक्टर-छह स्थित अस्पताल की लिफ्ट में एक दंपति व उनका तीन साल का बच्चा फंस गया। सूचित करने पर डायल 112 की टीम वहां पहुंची और परिवार को रेस्क्यू किया। इस घटनाक्रम के करीब दो घंटे तब रात 12 बजे मुख्यमंत्री नायब सैनी अस्पताल में पहुंच गए। अस्पताल प्रबंधकों के यह सोच कर हाथ पांव फूल गए कि सीएम को लिफ्ट की घटना का पता लगने के बाद वह यहां पहुंचे हैं। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर व अधिकारी स्वयं का बचाव करने में जुट गए। मुख्यमंत्री ने यहां मरीजों के साथ बातचीत की और अस्पताल प्रबंधकों को साफ-सफाई रखने के निर्देश जारी किए। सीएम करीब बीस मिनट बाद यहां से चले गए लेकिन उन्हें लिफ्ट में हुए घटनाक्रम की जानकारी नहीं मिली।

इससे पहले सोमवार दोपहर को हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने अंबाला कैंट बस स्टैंड का औचक निरीक्षण किया था और यात्री सुविधाओं में कई कमियों को लेकर अधिकारियों को फटकार लगाई थी।

# बजरंग पुनिया ने किसान कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के किसान प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग पुनिया ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। कांग्रेस मुख्यालय में उनके पदभार ग्रहण के दौरान कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा, पार्टी के वरिष्ठ नेता बीरेंद्र सिंह, अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा, विधायक विनेश फोगाट और कुछ अन्य लोग मौजूद थे। इस साल हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया कांग्रेस में शामिल हुए थे। पुनिया को बीते छह सितंबर को किसान कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। फोगाट हरियाणा की जुलाना विधानसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ी थीं और वह विजई रहीं।

# कॉलेजों में दाखिले का आज अंतिम मौका

- उच्चतर शिक्षा विभाग ने यूजी व पीजी कक्षाओं की बढ़ाई दाखिला अवधि
- अगस्त में चुनावी प्रक्रिया के चलते प्रवेश नहीं ले पाए थे विद्यार्थी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

यूजी व पीजी कक्षाओं दाखिले के लिए बुधवार को अंतिम मौका है। उच्चतर शिक्षा विभाग ने कॉलेजों में यूजी व पीजी कक्षाओं में दाखिले की अवधि बढ़ाई है। विभाग की ओर से सभी राजकीय व निजी कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र लिखकर निर्देश दिए गए हैं कि कॉलेजों में दाखिले की अवधि 23 अक्टूबर तक बढ़ाई गई है।

दरअसल, कॉलेजों में दाखिले की अवधि बढ़ाने को लेकर कॉलेजों की ओर से आग्रह पत्र भेजा था। इसके साथ ही अगस्त में चुनावी प्रक्रिया शुरू होने के चलते कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी लगने के कारण विद्यार्थी दाखिला नहीं ले पाए थे। लिहाजा उच्चतर शिक्षा विभाग ने कॉलेज की आग्रह और चुनावी प्रक्रिया को देखते हुए 23 अक्टूबर तक दाखिला प्रक्रिया बढ़ाई है। सभी कॉलेजों का निर्देश जारी किए गए हैं दाखिला पोर्टल खोल दिया गया है। दाखिला लेने से वंचित रहे विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। अभी तक 345 कॉलेजों में यूजी कक्षाओं के 88 कोर्सों के लिए एक लाख 86 हजार 680 विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया था, जबकि एक लाख 74 हजार 152 आवेदन सही पाए गए और एक लाख 32 हजार 644 दाखिल हुए हैं। इनमें 73 हजार 644 एससी व बीसी विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है, जबकि 76 हजार 612 लड़कियां हैं। 12 हजार 320 विद्यार्थी राज्य के बाहर से हैं।

### पीजी कक्षाओं में विवि में दाखिलों का ब्यौरा

| विश्वविद्यालय | दाखिले |
|---|---|
| एमडीयू, रोहतक | 6675 |
| कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय | 5113 |
| आईजीयू, मीरपुर | 2092 |
| सीडीएलयू, सिरसा | 1811 |
| सीबीएलयू, भिवानी | 1702 |

### पीजी कक्षाओं में हुए हुए 22 हजार 702 दाखिले

पीजी कक्षाओं के लिए 209 कालेजों के 64 कोर्सों में 22 हजार 702 दाखिले हुए है। पीजी कक्षाओं में 39 हजार 614 पंजीकरण हुए और 35 हजार 550 आवेदन सही मिले, अभी भी 11 हजार 582 आवेदनों की वेरीफिकेशन पेंडिंग है। 22 हजार 702 दाखिलों में 11 हजार 637 विद्यार्थी एससी व बीसी, 18 हजार 598 लड़कियां और 1982 दाखिले राज्य के बाहर से हुए हैं।

# 'विद्यार्थियों के विकास में प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएं सहायक'

- विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्या प्रो. अमीषा सिंह ने किया पुरस्कृत

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा डॉ. आरके सदन में आयोजित दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम के अवसर पर संस्थान की प्राचार्या प्रो. अमीषा सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएं सहायक होती हैं।

प्राचार्य अमीषा सिंह ने कहा कि प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की तार्किक एवं बौद्धिक शक्ति में भी वृद्धि करती है तथा उनमें आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास करने के साथ सही निर्णय लेने के काबिल भी बनाती हैं। प्रतियोगिता में संस्थान के बीएड, बीए बीएड एवं बीएससी बीएड के विद्यार्थियों ने उत्साह एवं जोश से भाग लिया।

क्विज प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. दिग्विजय ने बताया कि क्विज में बीएड प्रथम वर्ष की टीम ए ने प्रथम, सी ने द्वितीय तथा बी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पेंटिंग प्रतियोगिता में शबनम दीन प्रथम, नीलाक्षी चहल द्वितीय स्थान पर रही। भाषण में आशुतोष मिश्रा ने प्रथम, वाणी संधू ने द्वितीय तथा भारती ने तृतीय स्थान हासिल किया। गायन में मुनीष ने प्रथम, गीता ने द्वितीय तथा सृष्टि शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं नृत्य में रिदम ढींगरा ने पहला, सिमरनजीत कौर ने दूसरा व तन्नु शर्मा ने तीसरा स्थान पाया। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्या प्रो. अमीषा सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# आमजन की समस्याओं का किया जा रहा है समाधानः सेतिया

**कुरुक्षेत्र।** जिला नगर योजनाकार पंकज सेतिया ने कहा कि सरकार के आदेशों की अनुपालना में आमजन की शिकायतों का मौके पर ही समाधान के मकसद को लेकर मंगलवार से जिले की नगर परिषद और सभी नगरपालिका कार्यालय तथा बीडीपीओ कार्यालयों में समाधान शिविर आयोजित किए गए। जिला नगर योजनाकार पंकज सेतिया मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय में प्रॉपर्टी आईडी और स्वामित्व योजना से सम्बन्धित आमजन की समस्याओं का समाधान करने उपरांत बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मंगलवार को जिले की नगरपरिषद, नगरपालिका और बीडीपीओ कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित किए गए, इन समाधान शिविरों में कुल 12 समस्याएं आई, जिनमें से 9 समस्याओं का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।

# भाजपा ने बुलाई विधायक दल की बैठक

- स्पीकर व डिप्टी स्पीकर के नाम पर सत्र से पहले बनेगी सहमति
- विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर भी बनाई जाएगी रणनीति

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने विधानसभा सत्र से पहले भाजपा विधायक दल की बैठक बुला ली है। इस बैठक में सत्र के दौरान स्पीकर तथा डिप्टी स्पीकर के चुनाव को लेकर सभी विधायकों की राय के बाद आम सहमति कायम की जाएगी। यह बैठक 24 अक्टूबर को मुख्यमंत्री नायब सैनी के चंडीगढ़ आवास पर होगी। इस बैठक के अगले ही दिन विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र होने जा रहा है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में यह पहली विधायक दल की बैठक होने जा रही है। इस बैठक में विधानसभा सत्र से पहले भाजपा के सभी विधायकों से स्पीकर व डिप्टी स्पीकर पद को लेकर सहमति ली जाएगी। यह साफ हो गया है कि 25 अक्टूबर को विधानसभा सत्र के दौरान स्पीकर व डिप्टी स्पीकर का चुनाव होगा।

सीएम आवास पर होने वाली बैठक के लिए मंगलवार को सभी विधायकों तथा मंत्रियों को सूचना भेजी जा रही है। सूत्रों की मानें तो स्पीकर पद के लिए सबसे आगे घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण का नाम चल रहा है। डिप्टी स्पीकर पद के लिए जींद के विधायक कृष्णलाल मिड्ढा का नाम चल रहा है। बताया जा रहा है कि सदन के भीतर किसी तरह काविवाद न हो इसके लिए विधायक दल की बैठक में न केवल स्पीकर के नाम पर सहमति बनाई जाएगी बल्कि यह भी तय किया जाएगा कि विधानसभा के भीतर कौन विधायक स्पीकर के नाम का प्रस्ताव रखेगा। कौन विधायक इस प्रस्ताव का समर्थन करेगा। यह सारी रणनीति विधायक दल की बैठक में तय की जाएगी।

### विधायक बनाएंगे हलकों के विकास का प्लान

भाजपा के पिछले कार्यकाल के दौरान विधायकों की अक्सर यह शिकायत रहती थी कि उनके क्षेत्र में विकास योजनाओं में उनकी भूमिका कम रहती है। या अधिकारी सुनवाई नहीं करते हैं। अब पहली ही बैठक में विधायकों को अपने-अपने हलकों की योजनाएं बनाने के लिए कहा जाएगा। हलका स्तर पर नीड बेस पॉलिसी के तहत काम होगा। जिसके चलते विधायक अपने हलकों की प्राथमिकता वाली समस्याओं को सीएम के समक्ष उठाएंगे।

# सेवानिवृत्त आईएएस राजेश खुल्लर होंगे सीएम के सीपीएस

- दूसरी बार जारी हुए आदेश, नहीं मिला कैबिनेट मंत्री का दर्जा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी राजेश खुल्लर को मुख्यमंत्री नायब सैनी का चीफ प्रिंसिपल सेक्रेटरी लगा दिया गया है। सोमवार की रात 11.55 पर जारी हुए आदेशों में खुल्लर को इस बार कैबिनेट मंत्री का दर्जा नहीं दिया गया है।

प्रदेश में 17 अक्टूबर को नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद 18 अक्टूबर की रात 8 बजे भी खुल्लर के सीपीएस की नियुक्ति के ऑर्डर जारी हुए थे। तब उन्हें कैबिनेट का रैंक भी दिया गया था। हरियाणा के कुछ मंत्रियों व नेताओं के विरोध के चलते करीब 4 घंटे बाद रात 11.55 बजे चीफ सेक्रेरी ने उस आदेश पर रोक लगा दी थी। सूत्रों का कहना है कि नियुक्ति आदेशों में कैबिनेट रैंक और पोस्ट का पीरियड (अवधि) मुख्यमंत्री के साथ ही जोड़ने की वजह से पेस फंस गया।

राजेश खुल्लर 1988 बैच के आईएएस अधिकारी रहे हैं। खुल्लर 31 अगस्त 2023 को रिटायर हुए और रिटायरमेंट के 24 घंटे के अंदर ही उन्हें तत्कालीन सीएम मनोहर लाल खट्टर का चीफ प्रिंसिपल सेक्रेटरी नियुक्त कर दिया गया था। तब उन्होंने 1982 बैच के वरिष्ठ रिटायर्ड आईएएस अफसर डीएस ढेसी की जगह ली थी। अब सरकार की तरफ से सोमवार की रात जारी किए आदेशों में खुल्लर को दोबारा तैनाती तो दे दी गई है लेकिन इस बार उन्हें कैबिनेट मंत्री के समकक्ष रैंक नहीं दिया गया है।

# बाल संरक्षण अधिकार आयोग की टीम ने बसों में की जांच

- आयोग के सदस्यों ने 70 से अधिक बसों में चेक किए उपकरण
- अभिभावकों से अपील-स्कूटी से छोटे बच्चों को स्कूल ना भेजें

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



स्कूल बसों की जांच करती बाल संरक्षण अधिकार आयोग की टीम।

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने मंगलवार को गुरुग्राम शहर में स्कूल बसों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 70 से अधिक बसों में उपकरणों की जांच करके जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

हरियाणा राज्य बाल अधिकार सरंक्षण आयोग के सदस्य गणेश कुमार व सुमन राणा ने जिलास्तरीय टीम का गठन कर स्कूल बसों का निरीक्षण किया। चेकिंग के दौरान स्कूल बस में प्राथमिक उपचार किट, अग्निशमन यंत्र, स्कूल प्रशासन के नंबर, पुलिस, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर, सीसीटीवी कैमरा, लेडी बस सहायक व परिचालक, रुट चार्ट, बसों में सीटिंग से ज्यादा बच्चों का न होना, स्पीड नियंत्रक का होना, जीपीएस सिस्टम, सीट बेल्ट इत्यादि की जांच की गई। गुरुग्राम के जीडी गोयनका, बीडी ब्लू बैल्स स्कूल, एसएन सिद्धेश्वर स्कूल, यूरो इंटरनेशनल, लायंस पब्लिक स्कूल, अंजता पब्लिक स्कूल आदि में बसों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुछ स्कूलों की बसों में खामियां मिली। जिनको दूर करने के लिए स्कूल प्रशासन को निर्देश दिए गए। इस मौके पर आरटीए गुरुग्राम द्वारा कुछ स्कूल बसों के चालान भी किए गए। साथ ही आयोग की टीम द्वारा बस ड्राईवरों, कंडक्टरों व महिला बस सहायकों को सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के नियमों के बारे में बताया गया। कुछ स्कूलों में बच्चे प्राइवेट वाहनों से भी आते हैं, जो कि बहुत ही जोखिम भरा होता है।

आयोग के सदस्य गणेश कुमार व सुमन राणा ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को असुरिक्षत वाहनों व छोटे बच्चों को स्कूटी से स्कूल न भेजे। आज 70 से भी ज्यादा स्कूल बसों का निरीक्षण किया गया।

जांच टीम में कमल यादव, जुवेनाईल जस्टिस बोर्ड के सदस्य रणजीत, उप-जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अंशुल सिंगला, खंड शिक्षा अधिकार सुदेश कुमार, प्राचार्य सुमन शर्मा, राजकुमार, आरटीए ऑफिस से सुनील कुमार, संदीप व हरिकृष्ण, हेमंत गोयल व समिता बिश्नोई शामिल थे।

# रोडरेज की घटना में दो लोगों पर चाकू से जानलेवा हमला

- कार से बाइक टकरा जाने पर हुआ था झगड़ा एक की हालत गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

हरियाणा के सोनीपत जिले में एक कार की मोटरसाइकिल से कथित तौर पर टक्कर होने के बाद युवकों के एक समूह ने दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि घटना में घायल हुए युवकों में से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। जिला पुलिस प्रवक्ता रविंदर सिंह ने बताया कि जिले के फैजबाजार में रहने वाला दीपक सोमवार रात अपने दोस्त विभोर, मोनू और सागर छाबड़ा के साथ अपनी कार से सेक्टर-14 के बाजार गया था। उन्होंने बताया कि दीपक अपनी कार खड़ी कर रहा था कि तभी सामने से एक युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर वहां पहुंचा। सिंह ने बताया कि दीपक की कार युवक की बाइक से टकरा गई, जिसपर विवाद शुरू हो गया।

शिकायतकर्ता दीपक ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी बाइकसवार ने अपने पांच से सात साथी बुला लिए, जिन्होने आते ही उसके व उसके दोस्तों पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि हमले में दीपक के पेट, छाती पर चाकू से कई वार किए गए साथ ही मोनू नाम के युवक के हाथ पर भी चाकू लगा है। सिंह ने बताया कि हमलावरों में से एक की पहचान संदीप दहिया के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि हमले में घायल दोनों युवकों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसमें से एक की हालत गंभीर है और उसका उपचार एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है। सिंह ने बताया कि सेक्टर 27 थाने में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# दीपावली के अवकाश में बदलाव

- छोटी पर 30 को रहेगा अवकाश, 31 को मनाई जाएगी दिवाली

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

सरकार ने दीपावली के अवकाश में बदलाव किया है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारी व मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि छोटी दीवाली पर स्थानीय अवकाश में बदलाव किया गया है। पहले छोटी दिवाली पर 31 अक्टूबर को अवकाश निर्धारित था, लेकिन अब सरकार ने इसमें बदलाव करते हुए 30 अक्टूबर को छोटी दिवाली पर अवकाश रहेगा। इसके साथ ही, दिवाली पर अवकाश 31 अक्टूबर को रहेगा। सभी जिला शिक्षा अधिकारी व मौलिक शिक्षा अधिकारी सुनिश्चित करें कि अपने अधीनस्थ स्कूलों में 30 अक्टूबर को अवकाश सुनिश्चित कराया जाए।

# रत्नावली महोत्सव में दिखेगा आत्मनिर्भर भारत

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव में स्वदेशी स्वावलम्बन एवं आत्मनिर्भर भारत की झलक दिखेगी। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्व-निर्मित सामान के माध्यम से स्टार्टअप इंडिया की पहल का नया बल मिलेगा।

**PUBLIC NOTICE**

My client Shri Ram Shankar Singh & Smt. Sushila Singh W/O Shri Ram Shankar Singh, I have severed ties and broken all relations with their daughter namely Madhu Singh W/o Sh. Ashish Kumar Singh due to her disobedience, misbehavior & misconduct and quarrelsome nature. If anyone deals with her should be at their own risk. My client never be responsible and shall not be liable for her act or deal with any person in any manner.

GARIMA GUPTA (ADVOCATE) B-1660, SHASTRI NAGAR, Delhi-110052

**पब्लिक नोटिस**

सभी को पता है कि मेरे मुवक्किल श्री अशोक शर्मा प्लाट नंबर-105-सी एरिया 50 वर्ग गज मुस्तटिल नंबर -1, किला नंबर -12,गांव मटियाला कालोनी जिसे मनसा राम पार्क ए-ब्लाक उत्तम नगर नई दिल्ली के मालिक है और श्री अशोक शर्मा ने उक्त प्लाट को श्री सत्यवान से नोटरीकृत जीपीए, एटीएस और वसीयत दिनांक 10.06.2003 के द्वारा खरीदा था अब श्री अशोक शर्मा प्लाट बेचना चाहते हैं और यह सूचित किया जाता है कि मेरे उक्त ग्राहक को छोड़कर किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त दस्तावेजों के साथ कोई सौदा इकरार,बिक्री, बंधक आदि सिवाय श्री अशोक शर्मा के बीच, मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न.पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे

एडरेम लिगल सल्यूशन
चेंबर न.760,द्वारका कोर्ट,सेक्टर-10,द्वारका,नई देल्ही-75
मोबाइल : 9899013918

**पब्लिक नोटिस**

सभी को पता है कि मेरे मुवक्किल श्रीमती सीमा सिंह संपत्ति सं.पी -35, क्षेत्र 58 वर्ग गज, खसरा नंबर 30/22,23 और 24, गांव हस्तसाल, कालोनी विकास नगर एक्सटेंशन, ब्लाक-सी, उत्तम नगर नई दिल्ली के मालिक है और श्रीमती सीमा सिंह ने उक्त प्लाट को श्री रमेश चंद से नोटरीकृत जीपीए, एटीएस और वसीयत दिनांक 21.03.2012 के द्वारा खरीदा था अब श्रीमती सीमा सिंह प्लाट बेचना चाहती हैं और यह सूचित किया जाता है कि मेरे उक्त ग्राहक को छोड़कर किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त दस्तावेजों के साथ कोई सौदा इकरार, बिक्री,बंधक आदि सिवाय श्रीमती सीमा सिंह के बीच, मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न . पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे

एडरेम लिगल सल्यूशन
चेंबर न.760,द्वारका कोर्ट,सेक्टर-10,द्वारका,नई देल्ही-75
मोबाइल : 9899013918

**पब्लिक नोटिस**

सभी को पता है कि मेरे मुवक्किल श्री मनीष गर्ग पहली मंजिल एलएचएस साइड विदाउट रूफ राइट एरिया 1391 वर्ग फुट प्रापर्टी नंबर-30 और 31-ए, एरिया 125.4 वर्ग मीटर खसरा नंबर-28/10, गांव ककरोला, भारत विहार, ए-ब्लाक, ककरोला नई दिल्ली के मालिक है और श्री मनीष गर्ग ने श्री हंसराज गोयल से नोटरीकृत जीपीए, एटीएस और वसीयत दिनांक 08.05.2024 के माध्यम से प्लाट खरीदा उसके बाद श्री मनीष गर्ग ने अपने पक्ष में कन्वेयंस डीड (पीएम अनधिकृत कालोनियां दिल्ली आवास अधिकार योजना सेल में) निष्पादित की डीडीए द्वारा कन्वेयन्स डीड नंबर 2024/16/I/9721 दिनांक 23.07.2024 के माध्यम से और यह सूचित किया जाता है कि मेरे उक्त ग्राहक को छोड़कर किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त दस्तावेजों के साथ कोई सौदा इकरार, बिक्री,बंधक आदि सिवाय श्री मनीष गर्ग के बीच, मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न.पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे

एडरेम लिगल सल्यूशन
चेंबर न.760,द्वारका कोर्ट,सेक्टर-10,द्वारका,नई देल्ही-75
मोबाइल : 9899013918

# कुरुक्षेत्र फायर सेफ्टी संस्थान ने दी सीपीआर की ट्रेनिंग

- कैप्टन गुरमेल सिंह ने आग लगने पर होने वाले नुकसान व आग से सुरक्षा के तरीकों के बारे विस्तृत जानकारी दी

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

पिपली रोड स्थित कुरुक्षेत्र फायर सेफ्टी संस्थान द्वारा सीपीआर एवं एईडी का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में किडजी स्कूल के एमडी परमिंदर भाठ ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया। डॉ राजिन्द्र सैनी अंतरराष्ट्रीय सीपीआर एवं प्राथमिक सहायता ट्रेनर ने सीपीआर एवं एईडी का प्रशिक्षण के साथ-साथ दिल का दौरा, बेहोशी का उपचार व अन्य प्राथमिक सहायता की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि दुर्घटना स्थान पर घायल व्यक्ति को समय पर प्राथमिक सहायता मिल जाए, तो बहुत से लोगों के जीवन को बचाया जा सकता है।

संस्थान के एमडी कैप्टन गुरमेल सिंह ने आग लगने पर होने वाले नुकसान, आग से सुरक्षा के तरीकों के बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिन प्रतिदिन रसोई गैस सिलेंडर फटने व अन्य आगजनी से जान माल की हानि हो रही है यदि आमजन को आग पर कंट्रोल करने व आग बुझाने के बारे में जानकारी हो तो बहुत सी बड़ी दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

प्रतिभागियों को फायर एक्सटिंग्विशर के रख-रखाव व चलाने के तरीके के बारे में प्रैक्टिकल करके समझाया गया। संस्थान के डायरेक्टर डॉ राजेन्द्र सैनी ने बताया है कि कोई भी 12वीं पास छात्र 1 वर्षीय फायर सेफ्टी कोर्स करके देश के विभिन्न विभागों में रोजगार प्राप्त कर सकता है। यह कोर्स एमएसएमई भारत सरकार व हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है।

# राष्ट्र के निर्माण में वैज्ञानिक महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदानः सचदेवा

- विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग व गणित क्षेत्र में योगदान के लिए महिला संकाय सदस्यों को किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि राष्ट्र निर्माण में वैज्ञानिक महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग व गणित क्षेत्र (स्टेम) में महिलाओं की भागीदारी अग्रणी रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, ज्ञान, विज्ञान, शोध एवं अनुसंधान सहित अन्य क्षेत्रों में महिलाओं का उत्कृष्ट योगदान दे रही हैं। वे मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में केयू विस फोरम की ओर से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग व गणित क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु प्रतिष्ठित महिला संकाय सदस्यों के लिए आयोजित पुरस्कार सम्मान कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि ऐतिहासिक और आधुनिक दोनों संदर्भों में विज्ञान, तकनीकी, इंजीनियरिंग सहित अन्य क्षेत्रों में महिलाओं का योगदान असाधारण रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें वह मार्गदर्शन, संसाधन और मान्यता मिले जिसकी वे हकदार हैं और उन्हें बिना किसी सीमा के सपने देखने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। विस फोरम अवार्ड 2023 सम्मान समारोह में मुख्यातिथि कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा एवं मुख्य वक्ता प्रो. अनुभा कौशिक द्वारा छह महिला संकाय सदस्यों और दो शोध छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# 'समस्या निवारण में सार्थक साबित हो रहे समाधान शिविर'

- मंगलवार को आई 47 शिकायतों में से अधिकतर का मौके पर ही हुआ निपटारा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अनुसार आम जन शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने के लिए निगमायुक्त ए. मोना श्रीनिवास की अध्यक्षता में निगम मुख्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

इसके अलावा बल्लभगढ़ जोन में संयुक्त आयुक्त कर्ण, ओल्ड जोन में संयुक्त आयुक्त सुमित और ग्रेटर फरीदाबाद में संयुक्त आयुक्त कुमारी द्विजा की अध्यक्षता में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में आम जन के लिये सभी आवश्यक सुविधाऐं जैसे-पीने के पानी, कुर्सियों आदि की सुविधा का प्रबन्ध भी किया गया। शिविर में निगम मुख्यालय से 16 शिकायतें, ओल्ड जोन से 10 शिकायते, बल्लभगढ़ जोन से 19 शिकायतें तथा ग्रेटर फरीदाबाद से 2 शिकायतें प्राप्त हुई। मंगलवार को शिविरों में कुल 47 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटान किया गया तथा प्रार्थियों ने भी अपनी संतुष्टि व्यक्त की। समाधान शिविर में प्रॉपर्टी आईडी, पानी/सीवरेज, सड़कें व सफाई संबंधित शिकायत प्राप्त हुई, जिसके लिए वहां संबंधित अधिकारीगणों को निर्देश दिए गए कि वे उक्त शिकायतों का निपटान शीघ्र अति शीघ्र करे। वहीं समाधान शिविर में आए प्रार्थियों की शिकायतों को जिन्हें लिखने में परेशानी हो रही थी उनकी शिकायतों को नगर निगम के कर्मचारियों की सहायता से लिखवा कर व पूरे दस्तावेज लगाकर समाधान भी मौके पर करवाया गया। निगमायुक्त ने सभी अधिकारियों को समाधान शिवरों में निर्देश दिए है कि वे जनता की शिकायतों को शान्तिपूर्वक सुनें।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 23 अक्टूबर, 2024



## जम्मू कश्मीर

### आतंकी हमला

**जम्मू कश्मीर** में आतंकवादियों ने सात लोगों की नृशंस हत्या कर दी है। सात लोगों की कायरतापूर्ण नृशंस हत्या से जम्मू कश्मीर में लक्षित हत्याओं का परेशान करने वाला 'पैटर्न' फिर उभरता लग रहा है। मारे गए लोग एक निर्माण टीम का हिस्सा थे जो मध्य कश्मीर के गगनगिर से सोनामर्ग को जोड़ने वाली 'जेड मोर्ह सुरंग' पर काम कर रहे थे। इसके साथ ही राजधानी में एक और बम धमाका हुआ जिसमें कोई घायल नहीं हुआ। इससे विभिन्न आतंकी समूहों के बीच संभावित समन्वय तथा घाटी और उसके बाहर हिंसा फैलाने की चिंताजनक रणनीति का संदेह होता है। हालांकि, इन घटनाओं के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है, पर व्यापक सुरक्षा खतरे की आशंका को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। यह नवीनतम हमला क्षेत्र में प्रवासी कामगारों के खिलाफ बढ़ती हिंसा की परेशान करने वाली प्रवृत्ति प्रदर्शित करता है क्योंकि यह ऐसी पांचवीं घटना है। हालिया हत्याओं से कश्मीर में लगातार जीवन पर खतरा रेखांकित होता है। आतंकी हमलों की हालिया लहर सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण कमी का भी संकेत करती है। हालांकि, जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला तथा उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने इन आतंकी हमलों की निन्दा की है तथा दोषियों को सजा दिलाने का वादा किया है, लेकिन बार-बार होने वाले इन हमलों की प्रकृति से आतंकवाद-विरोधी उपायों तथा सुरक्षा प्रोटोकालों में गंभीर चुनौतियों का पता चलता है। इन हत्याओं की लक्षित प्रकृति एक जानी समझी रणनीति का हिस्सा है जिसका उद्देश्य प्रवासी कामगारों में भय पैदा कर वर्तमान समय में जारी विकास परियोजनाओं में बाधा डालना है।



ढांचागत निर्माण में लगे प्रवासी कामगारों पर निशाना लगा कर आतंकी वे आर्थिक गतिविधियां रोकना चाहते हैं जिनसे इस क्षेत्र में स्थिरता आ सकती है। ऐसी घटनाओं से न केवल विकास बाधित होता है, बल्कि कामगारों का विश्वास भी डगमगाता है जो प्रमुख ढांचागत परियोजनाओं में अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है। इसके साथ ही हमले व्यापक रूप से उस तुलनात्मक शांति को नष्ट करना चाहते हैं जो हालिया वर्षों में बनी हुई है। सुरक्षा उपायों में वृद्धि तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सेना की उपस्थिति के बावजूद आतंकी सिविलियनों पर हमले करने में सफल हो रहे हैं। इससे खुफिया सूचनायें प्राप्त करने में भारी कमी तथा आतंकियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में कमियों का लाभ उठाने की क्षमता प्रकट होती है जिससे वे आसान शिकार समझे जाने वाले समूहों पर निशाना लगाते हैं। इसे देखते हुए जम्मू कश्मीर में सुरक्षा उपायों की समग्र समीक्षा तत्काल जरूरी हो गई है। हालांकि सैनिक कार्रवाई जरूरी बनी हुई है, पर खुफिया सूचनायें एकत्र करने की प्रभावी व्यवस्था भी होनी चाहिए। इसके लिए विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय तथा अतिवादी तत्वों का मुकाबला करने के लिए 'समुदाय-आधारित दृष्टिकोण' अपनाना भी जरूरी हो गया है। वर्तमान स्थिति उन शिविरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के उच्चीकरण की जरूरत बताती है जहां प्रवासी श्रमिक रहते हैं। अधिक संख्या में प्रवासी श्रमिकों को काम देने वाली परियोजनाओं को उपयुक्त सुरक्षा दी जानी चाहिए। ऐसी आतंकी घटनायें बढ़ने से सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का मुद्दा भी सामने आता है। ऐसे में एक एकीकृत राजनीतिक रणनीति की जरूरत है जो न केवल तात्कालिक सुरक्षा चुनौतियों, बल्कि अशांति का कारण बनने वाली सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों को भी संबोधित करे। स्थानीय स्तर पर आर्थिक अवसर प्रदान करने, शैक्षणिक पहलों तथा खुफिया नेटवर्क मजबूत करने से सुरक्षा स्थितियों में सुधार होगा।

# पीएम-गतिशक्ति : महत्वपूर्ण पहल

**'पीएम-गतिशक्ति' पहल भारत की ढांचागत संरचना में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। डिजिटल नियोजन उपकरणों के प्रयोग से परियोजनायें जल्दी पूरी होती हैं तथा बहुआयामी कनेक्टिविटी में सुधार होता है।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



उद्योग एवं आंतरिक व्यापार प्रोत्साहन विभाग-डीपीआईआईटी विभाग के सचिव अमरदीप सिंह ने अब तक 'पीएम गतिशक्ति' पहल में 208 बड़ी परियोजनाओं की संस्तुति की है जिनमें सड़क, रेलवे, शहरी विकास तथा तेल व गैस क्षेत्र की 1539,000 करोड़ की परियोजनायें शामिल हैं। इन परियोजनाओं की संस्तुति अंतर-मंत्रालयी समूह द्वारा की गई है जिसे नेटवर्क प्लानिंग समूह-एनपीजी कहा गया है। इसका गठन पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान-एनएमपी के अंतर्गत हुआ है। अक्टूबर, 2021 में शुरू पीएम गतिशक्ति एनएमपी 100 लाख करोड़ की परियोजनाओं का संचालन करता है जिसका उद्देश्य अगले पांच साल में भारत की ढांचागत संरचना में क्रांतिकारी परिवर्तन करना है। इसका उद्देश्य एक विश्वस्तरीय समन्वित ढांचा तैयार करना है जो जीवन स्थितियों में सुधार करे, आर्थिक वृद्धि को गति दे तथा भारतीय बिजनेसों को ज्यादा प्रतियोगी बनाए। इसके लिए परियोजनायें पूरी करने में तेजी लाना, समय सीमा घटाना, बहुआयामी कनेक्टिविटी में सुधार करना, विभिन्न क्षेत्रों में क्षमता बढ़ाना, लाजिस्टिक्स में सुधार करना, रोजगार सृजन करना तथा खोजों को बढ़ावा देना प्रमुख कार्य हैं। पीएम गतिशक्ति एनएमपी का विकास एक डिजिटल मास्टर प्लानिंग टूल के रूप में किया गया है।

यह गतिशील भौगोलिक सूचना व्यवस्था-जीआईएस प्लेटफार्म पर काम करती है। यहां ढांचागत संरचनाओं से संबंधित सभी 16 मंत्रालयों व विभागों की विशिष्ट कार्ययोजनाओं तथा राज्यों का डेटा एक समग्र डेटाबेस में समाहित होता है। एनएमपी पोर्टल में जियोस्पेटियल डेटा के 1,600 से अधिक स्तर हैं जिनमें किसी क्षेत्र के सभी भौतिक व सामाजिक ढांचागत डेटा प्रदर्शित होते हैं। इनमें भूमि, बंदरगाह, जंगल व राजमार्ग आदि शामिल हैं। एनएमपी लगभग सात प्रमुख क्षेत्रों को शामिल करता है जो आर्थिक वृद्धि तथा सहज कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हैं। इन क्षेत्रों में सड़कें, रेलवे, बंदरगाह, हवाईअड्डे, व्यापक परिवहन, जलमार्ग तथा लाजिस्टिक ढांचा शामिल है। इनको विभिन्न क्षेत्रों से समर्थन और सहयोग मिलता है जिनमें ऊर्जा, संचार, आईटी संचार, पानी व सीवेज की उपलब्धता तथा सामाजिक ढांचा शामिल हैं। ऊर्जा के अंतर्गत सभी ईंधन, जैसे पेट्रोल, डीजल, एटीएफ, प्राकृतिक गैस व बिजली आदि आते हैं। अंतर-मंत्रालयी एनपीजी में कनेक्टिविटी, ढांचागत मंत्रालय व विभागों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं जो नेटवर्क नियोजन विभाग के साथ विचार-विमर्श कर एकीकृत नियोजन व प्रस्तावों का समेकन सुनिश्चित करते हैं।

एनपीजी हर पखवाड़े मिलती है तथा ढांचागत परियोजनाओं पर विचार कर इनकी मल्टी-मोडेलिटी सुनिश्चित करती है। इसका अर्थ है कि फैक्ट्री, बंदरगाह व गोदाम से उपयोगकर्ता के स्थान तक अनेक परिवहन माध्यमों में समन्वय बनाया जाता है। इसके साथ ही परियोजना स्थल और उसके आसपास समग्र विकास के लिए प्रयासों में समन्वय होता है। 500 करोड़ रुपये से अधिक की सभी ढांचागत परियोजनायें एनपीजी के माध्यम से लागू होती हैं। नियोजन स्तर पर डीपीआर बनाने के पहले ही एनपीजी की संस्तुति जरूरी होती है। इसके बाद परियोजना को सार्वजनिक निवेश बोर्ड-पीआईबी या सार्वजनिक निवेश बोर्ड-पीआईबी या वित्त मंत्रालय के अंतर्गत खर्च विभाग और कैबिनेट की संस्तुति की सामान्य प्रक्रिया की जरूरत होती है। सरल भाषा में कहें तो एनएमपी एक केन्द्रीकृत पोर्टल प्रदान करती है जिसमें सभी वर्तमान परियोजनाओं या पहलों, क्रियान्वित हो रही परियोजनाओं तथा नियोजन के स्तर पर परियोजनाओं की पूरी तस्वीर सामने आती है। इससे सभी मंत्रालयों व विभागों संबंधी सभी महत्वपूर्ण डेटा सामने आते हैं जिनकी आवश्यकता नियोजन या क्रियान्वयन को सक्षम बनाने के लिए होती है। इससे ढांचागत संरचना में महत्वपूर्ण कमियों का पता चलता है तथा परिवहन के सर्वाधिक सक्षम तरीके तलाशने में सहायता मिलती है। इससे खर्च कम होता है तथा विलंब न्यूनतम हो जाता है। पीएम गतिशक्ति पहल के अंतर्गत बंदरगाहों की ढांचागत संरचना में 156 कमियों की पहचान की गई है जो कोयला, सीमेंट, उर्वरक तथा अनाज जैसी बड़ी मात्रा में चीजों के परिवहन में सामने आती थीं।

इस योजना से परियोजनाओं को प्राथमिकता देने में भी सहायता मिलती है। इसमें सभी क्षेत्रों से समुचित संवाद शामिल है। इससे सुनिश्चित होता है कि मंत्रालय परियोजनाओं को एकसाथ रखने तथा संसाधनों का उपयुक्त आबंटन करने में सामंजस्य से काम करते हैं। इससे राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को महत्व मिलता है तथा चीजों का दुहराव नहीं होता है और कमियां दूर की जाती हैं। मंत्रालय द्वारा डीपीआर बनने से पहले ही एनपीजी की स्वीकृति से सही पसंद करने में आसानी होती है, विलंब से बचा जा सकता है तथा संसाधनों की भारी बरबादी थमती है। यह पहले की व्यवस्थाओं में आम बात थी जब मंत्रालय और विभाग अलग-अलग काम करते थे, उनके बीच समन्वय का अभाव था तथा वे दूसरे विभागों में कार्य की प्रगति से अनजान रहते थे।

इसके साथ ही उनको प्रमुख पैरामीटरों पर उपलब्ध डेटा का लाभ नहीं मिलता था। पीएम गतिशक्ति एक जीवन्त व्यवस्था है जो परियोजनाओं के नियोजन व क्रियान्वयन के निर्देशन में उपयोगी गतिशील ढांचा पेश करती है। इसमें निगरानी के लिए उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों का प्रयोग होता है जिससे मंत्रालय कार्य की प्रगति पर नजर रख सकते हैं तथा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए उपयुक्त आवश्यक संशोधन कर सकते हैं। पीएम गतिशक्ति के अंतर्गत सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों की क्षमता में असाधारण सुधार हुआ है। इनमें बंदरगाह, हवाईअड्डे, रेलवे, राजमार्ग, सड़कें, आदि शामिल हैं। यह पीएम गतिशक्ति के अंतर्गत किए जा रहे प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। लेकिन अभी हमें लंबा रास्ता तय करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2019-20 के अपने पहले बजट में अगले पांच साल में ढांचागत संरचना में 100 लाख करोड़ रुपये निवेश की बात कही थी। इसमें से 39 प्रतिशत या 3900,000 करोड़ केन्द्र तथा समान राशि राज्यों की ओर से आनी थी, जबकि बाकी 2200,000 करोड़ निजी क्षेत्र से आना था। इसके विपरीत पीएम गतिशक्ति के अंतर्गत निवेश केवल 1539,000 करोड़ आया है जो केवल 15 प्रतिशत है। यदि हम इसे केन्द्र द्वारा निवेश प्रतिबद्धता का केवल एक हिस्सा मान लें तो भी यह लगभग 40 प्रतिशत होता है।

जहां तक राज्यों का सवाल है, वे 3900,000 करोड़ निवेश के अपने लक्ष्य से बहुत पीछे हैं। उत्तर प्रदेश और गुजरात को छोड़ कर अनेक अन्य राज्यों ने अभी पीएम गतिशक्ति प्लेटफार्म पर स्वयं को जोड़ा भी नहीं है। यह प्लेटफार्म पारदर्शिता सुनिश्चित कर कमियों की पहचान करता है तथा संस्तुतियों की तेजी से सहमति में बेहतर समन्वय का काम कर सकता है, लेकिन यह विकल्प नहीं बन सकता है। केन्द्र तथा राज्यों के स्तर पर संस्तुतियां संबंधित अधिकारियों से ही मिलनी होती हैं। इसलिए परियोजनाओं में खासकर उन स्थितियों में काफी विलंब होता है, जब उनको पर्यावरण अनुमतियों की आवश्यकता हो या भूमि अधिग्रहण की अनुमति लेनी हो।

स्थानीय स्तर पर परियोजनाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन परियोजनाओं में और ज्यादा विलंब का कारण बनते हैं। अपने पुराने दृष्टिकोण पर कायम रहने के कारण अक्सर संसाधनों पर दावों के मामले में विवाद होता है। सड़कों और रेलवे के मामले में ऐसे टकराव परियोजना में विलंब का कारण बनते हैं। इसके साथ ही विभिन्न राज्यों के बीच भी समन्वय का अभाव हो सकता है, जैसा कि 'सागरमाला' व 'भारतमाला' परियोजनाओं में हो रहा है। इसे परियोजनाओं की प्रगति प्रभावित होती है। पुराना या अधूरा डेटा भी बड़ी समस्या का कारण बनता है। उदाहरण के लिए केवल 13 राज्यों में भूमि रिकार्डों का डिजिटलीकरण हुआ है। इससे राज्यों में परियोजनाओं में विलंब होता है। अनेक जिलों में ग्रामीण सड़क परियोजनाओं की नियमित निगरानी के अभाव में इनको पूरा होने में विलंब होता है।

ये बाधायें भारतीय बिजनेसों को ज्यादा प्रतियोगी बनाने तथा आम आदमी की जीवन सुगमता के रास्ते में आड़े आती हैं। ऐसे में पीएम गतिशक्ति की पूर्ण क्षमता प्राप्त करने के लिए सभी पक्षों, खासकर राज्यों को एकसाथ आकर बाधायें दूर करनी होंगी।

# बढ़ती वैश्विक मांग और भारत का कार्यबल

> इस अवसर का लाभ उठाने के लिए भारतीय प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय नियोक्ताओं से जोड़ने के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

**अदिति बनर्जी**
(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)



भारत की श्रम शक्ति इसकी सबसे बड़ी संपत्तियों में से एक है, जिसमें स्वास्थ्य सेवा, निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग सहित विभिन्न उद्योगों में लाखों कुशल श्रमिक फैले हुए हैं। हालांकि, प्रतिभा की इस प्रचुरता के बावजूद, इनमें से कई श्रमिक देश के भीतर उपयुक्त रोजगार पाने के लिए संघर्ष करते हैं।

दूसरी ओर, वैश्विक श्रम बाजार में इन क्षेत्रों में लगातार कमी आ रही है। इस अंतर को पाटना एक महत्वपूर्ण चुनौती रही है। पिछले एक दशक में, यूरोप, मध्य पूर्व और एशिया के कुछ हिस्सों में कुशल श्रमिकों की गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती आबादी, बदलती कार्य प्राथमिकताएँ और विकसित होती तकनीकी ज़रूरतों जैसे कारकों ने इन क्षेत्रों को भारत जैसे देशों से प्रतिभाओं की तलाश करने के लिए प्रेरित किया है। स्वास्थ्य सेवा, निर्माण, आईटी और लॉजिस्टिक्स कुछ ऐसे उद्योग हैं जो सबसे ज़्यादा कमी का सामना कर रहे हैं। हमें इस मांग को जल्दी पहचानने और कुशल भारतीय पेशेवरों को वैश्विक नियोक्ताओं से जोड़कर जवाब देने की ज़रूरत है। इससे भारतीय श्रमिकों के कौशल सेट को अंतरराष्ट्रीय मानकों और नौकरी की आवश्यकताओं के साथ संरेखित करने में मदद मिलेगी, जिससे हजारों लोगों को विदेशों में सुरक्षित रोज़गार मिलेगा। वैश्विक लामबंदी के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण। कार्यबल लामबंदी मॉडल को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रक्रिया श्रमिकों और नियोक्ताओं दोनों के लिए सुचारू और पारदर्शी हो।

संगठन कई प्रमुख चरणों पर ध्यान केंद्रित करता है: प्रतिभा और कौशल अंतराल। हमें उम्मीदवारों का गहन मूल्यांकन करना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे अंतर्राष्ट्रीय नौकरी की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। शीर्ष प्रशिक्षण संस्थानों के साथ सहयोग करके, वे उन उम्मीदवारों को कौशल विकास के अवसर भी प्रदान करते हैं जिन्हें इसकी आवश्यकता है। जर्मनी, कनाडा और यूएई जैसे देशों में नियोक्ताओं के साथ स्थापित संबंधों के साथ, संगठन यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि उम्मीदवारों को उनकी योग्यता और आकांक्षाओं से मेल खाने वाली भूमिकाएं दी जाएं। विदेश में नौकरी मिलना विनियामक बाधाओं से भरा होता है, लेकिन वीज़ा, दस्तावेज़ीकरण और कानूनी अनुपालन के साथ पूर्ण सहायता प्रदान करने से यह सुनिश्चित होता है कि उम्मीदवार प्रशासनिक देरी के बिना अपने करियर के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

संगठन नियुक्ति के बाद सहायता प्रदान करता है, स्थानांतरण के साथ सहायता प्रदान करता है और उम्मीदवारों को नए सांस्कृतिक वातावरण में समायोजित करने में मदद करता है। यह विदेश में काम करने वाले श्रमिकों के लिए दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित करता है। उद्योग के भविष्य को आकार देना व्यक्तिगत नियुक्तियों से परे, संगठन का काम अंतरराष्ट्रीय श्रम प्रवास के व्यापक परिदृश्य को आकार देना है। निष्पक्ष भर्ती प्रथाओं और श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक प्रणाली होनी चाहिए। यह एक ऐसे उद्योग में महत्वपूर्ण है जो अक्सर श्रमिक शोषण और अनैतिक भर्ती एजेंसियों की कहानियों से ग्रस्त रहता है।

एक पारदर्शी प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि श्रमिकों को विदेश यात्रा करने से पहले उनके अनुबंध की शर्तों के बारे में पूरी जानकारी हो। यह दृष्टिकोण न केवल भारतीय श्रमिकों के हितों की रक्षा करता है, बल्कि वैश्विक नियोक्ताओं के साथ विश्वास भी बनाता है।

कुशल श्रम की वैश्विक मांग अब तक के उच्चतम स्तर पर है, और भारत में इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए प्रतिभा है। इस कमी को पूरा करने के लिए कई संगठनों ने हाथ बढ़ाया है। 'मैजिक बिलियन' विदेशों में भारतीय श्रमिकों के लिए सम्मानजनक, अच्छे वेतन वाले रोजगार के अवसर पैदा करता है। 2018 में शुरू होने के बाद से, इसने 4,000 से अधिक भारतीय श्रमिकों को वैश्विक भूमिकाओं में नियुक्त करने में मदद की है।

यह केवल व्यक्तियों को नौकरी खोजने में मदद नहीं कर रहा है; हम ऐसे स्थायी करियर का निर्माण कर रहे हैं जो श्रमिक और उनके परिवारों दोनों को ऊपर उठाएं।इस तरह के संगठन के काम का एक विशेष रूप से उल्लेखनीय पहलू महिलाओं और युवा पेशेवरों पर इसका ध्यान केंद्रित करना है। वैश्विक नौकरी बाजार इन समूहों के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करता है, विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा और आतिथ्य जैसे उद्योगों में। लक्षित कार्यक्रमों को इन क्षेत्रों में प्रवेश करने और विदेशों में उच्च वेतन वाली नौकरियों को सुरक्षित करने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए।

यह भारत जैसे देश में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहाँ कई क्षेत्रों में महिलाओं के रोजगार में बाधाएँ अभी भी व्याप्त हैं। उदाहरण के लिए, नर्सिंग पेशेवरों के लिए प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करने के संगठन के प्रयासों ने सैकड़ों महिलाओं के लिए उन देशों में काम करने के अवसर खोले हैं जहां स्वास्थ्य सेवा कर्मियों की मांग बढ़ रही है। इससे न केवल व्यक्ति को लाभ होता है, बल्कि उनके परिवारों और समुदायों पर भी इसका खासा प्रभाव पड़ता है।

भारत का कुशल श्रम बल न केवल उन देशों की अर्थव्यवस्थाओं में योगदान दे रहा है जहाँ वे काम करते हैं, बल्कि भारत को भी महत्वपूर्ण लाभ पहुँचा रहा है। विदेशी श्रमिकों द्वारा घर भेजे जाने वाले धन विदेशी मुद्रा का एक प्रमुख स्रोत हैं और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्रमिकों को वैश्विक नौकरियों में रखकर, हम घरेलू बेरोजगारी के कुछ दबावों को कम करने में मदद कर सकते हैं। यह विशेष रूप से निर्माण जैसे क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है जहां भारत में कुशल श्रमिकों की अधिकता है।

## आप की बात

### आतंकी हमला

**जम्मू कश्मीर** के गांदरबल में रविवार रात को हुए आतंकी हमले ने इस संघशासित क्षेत्र में शांति की नाजुक स्थिति एक बार फिर उजागर कर दी है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में नेशनल कान्फ्रेंस की सरकार बनने के बाद आतंकवादियों ने फिर से अपनी नापाक हरकतें शुरू कर दी है। जबकि जम्मू कश्मीर में पहले लोकसभा और फिर विधानसभा के चुनाव शांतिपूर्वक हो गए। विधानसभा चुनाव में तो हिंसा की एक भी घटना नहीं हुई और दशकों बाद मतदाताओं ने बड़ी संख्या में रिकार्डतोड़ मतदान किया। यह आतंकवादियों के लिए बड़ी विफलता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाहिर हो गया कि कश्मीर से आतंकवाद समाप्ति की ओर है। जैसे बुझने के पहले दिया फड़फड़ाता है, वैसे ही जम्मू कश्मीर में आतंकी अपने खात्मे के ताबूत में अंतिम कील ठोक रहे हैं। अब्दुल्ला सरकार को सुरक्षा बलों को पूरा सहयोग देकर तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन को अधिक सजग करके स्थिति को काबू में रखना होगा । खासतौर से आतंकियों को सहयोग देने वाले स्थानीय नागरिकों को चिन्हित करना जरूरी है क्योंकि उनके सहयोग के बिना आतंकवादी कुछ भी नहीं कर सकते हैं। कश्मीर की सभी लोकतांत्रिक शक्तियों को इस मामले में राज्य व केन्द्र सरकार से एकजुटता दिखानी चाहिए।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### नेतनयाहू पर निशाना

**हिजबुल्ला** आतंकियों ने इस्राइली प्रधानमंत्री नेतनयाहू के घर पर ड्रोन से निशाना लगाकर अपनी मौत को आमंत्रित किया है। नेतनयाहू ने स्वयं कहा है कि उनको व उनकी पत्नी को मारने की कोशिश कर हिज्बुल्ला ने बड़ी गलती कर दी है। हिजबुल्ला के इस हमले ने नेतनयाहू को अपने देश और दुनिया में ज्यादा मजबूत कर दिया है। इससे नेतनयाहू की नीतियों का समर्थन न करने वाले लोग भी उनके साथ एकजुट हो गए हैं। इस्राइल की जनता का एक हिस्सा भले ही अनेक नीतियों के मामले में नेतनयाहू का समर्थक न हो, पर राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में वह पूरी तरह एकजुट है। हिजबुल्ला के इस हमले से नेतनयाहू के प्रति उसकी एकजुटता और मजबूत हुई है। इससे नेतनयाहू के नेतृत्व में इस्राइली सेना हिजबुल्ला के उसी तरह पूर्ण सफाए के लिए संकल्पबद्ध हो गई है जिस तरह उसने गाजा में हमास का सफाया कर दिया है। अमेरिका ने भी हूती विद्रोहियों पर इसलिए हमले किए हैं क्योंकि वे समुद्री परिवहन को खतरे में डाल रहे थे। निश्चित रूप से पश्चिम एशिया में शांति जरूरी है, पर यह आतंकियों के सफाए की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। इन आतंकियों में हमास, हिजबुल्ला व हूती के साथ उनका समर्थक ईरान भी शामिल है।

**- एम.एम. राजावत,** शाजापुर

### महाराष्ट्र की राजनीति

**चुनाव** की घोषणा के बाद यह तय था कि महाराष्ट्र में मुकाबला इंडिया बनाम एनडीए होगा। लेकिन महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की लड़ाई लड़ने वाले मनोज जरांगे पाटिल ने चुनावी मैदान में उतरने की घोषणा से दोनों पक्षों की नींद उड़ा दी है। जरांगे ने अपने इरादे साफ कर दिए हैं कि वे दलित, मुस्लिम, मराठा एवं किसान की जुगलबंदी से महाराष्ट्र में नई राजनीतिक ताकत खड़ी करेंगे। महाराष्ट्र की राजनीति में इस प्रयोग से किसे नुकसान होगा, अभी इसका आकलन करना मुश्किल है। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण का विरोध करने का साहस किसी भी राजनीतिक दल को नहीं है, लेकिन इस मुद्दे पर लीपापोती के प्रयास भी लंबे समय से जारी हैं। ऐसे में मनोज जरांगे की चुनावी सफलता संदेह के घेरे में है। वैसे भी महाराष्ट्र में बहुकोणीय मुकाबले लगभग तय हैं क्योंकि वंचित बहुजन अघाड़ी तथा असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम किसी गठबंधन में शामिल नहीं हैं। ये दोनों पार्टियां दलित-मुस्लिम गठजोड़ बनाने का प्रयास कर रही हैं। कांग्रेस-रांकापा व उद्धव ठाकरे की चिन्ता मुस्लिम वोटों के संभावित विभाजन से और गहरा गई है। ऐसे में देखना होगा कि महाराष्ट्र की प्रबुद्ध तथा तुलनात्मक रूप से समृद्ध जनता राज्य में किसे सत्ता सौंपेगी।

**-वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### भारत-विरोधी रिपोर्ट

**ग्लोबल हंगर इंडेक्स** की रिपोर्ट में हमेशा दुनिया के देशों के मुकाबले भारत की स्थिति की तुलना बहस का विषय बनती है। 2024 में भी यही स्थिति है। भूख के मामले में 127 देशों की सूची में भारत 105 वें नंबर पर है और इसे बहुत ही चिंताजनक माना गया है। भले ही पिछले साल की तुलना में भारत की स्थिति सुधार पर है पर पड़ोसी और आर्थिक रूप से खस्ताहाल देश हमसे कहीं आगे दिखाए गए हैं। पश्चिमी दुनिया के कुछ संगठन तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर हमेशा भारत-विरोधी रिपोर्टें जारी करते रहते हैं। ग्लोबल हंगर इंडेक्स इसका नमूना है। भारत सरकार देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को कोरोना काल से मुफ्त राशन दे रही है। यह दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य सहायता योजना है। भारत की प्रगति के साथ ही ऐसी भारत-विरोधी रिपोर्टें उसके प्रति ईर्ष्या प्रकट करती हैं। नाबार्ड ने माना है कि पिछले दस साल में औसत भारतीय ग्रामीण परिवार की आमदनी में लगभग 40 प्रतिशत वृद्धि हुई है। ऐसे में भारत की अधिकांश जनता ऐसी रिपोर्टों पर हंसती है।

**-अमृतलाल मारू,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# पिछली सरकारों के कारण किसानों-उद्यमियों को झेलना पड़ा था दंश: योगी

● यूपी देश का पहला ऐसा राज्य, जिसने परंपरागत उत्पाद के लिए बनाई पॉलिसी: सीएम

**मुख्यमंत्री ने 22 से 28 अक्टूबर तक चलने वाले सिल्क एक्सपो का किया उद्घाटन**



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रेडिमेट गारमेंट्स में दुनिया के छोटे-छोटे देशों की धमक है। जिन लोगों के पास संसाधन कम और संभावनाएं न के बराबर हैं, वे आगे बढ़ चुके हैं। हमारे पास संभावना और संसाधन भी है। काम चाहने वाली आधी आबादी के बड़े तबके को रेशम उत्पादन, प्रोसेसिंग, रेडिमेड गारमेंट, डिजाइनिंग, मार्केटिंग, पैकेजिंग के साथ जोड़ लें तो दुनिया में रेडिमेड गारमेंट में धमक बनाने वाले देशों का स्थान उत्तर प्रदेश व भारत ले सकता है। इस संभावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों का लाभ लेना चाहिए। सीएम ने कहा कि हमने रेशम उत्पादन को 84 गुना बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है। एक समय वह जरूर आ सकता है, जब यूपी का किसान रेशम उत्पादन में देश में अग्रणी राज्यों में गिना जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 22 से 28 अक्टूबर तक चलने वाले सिल्क एक्सपो का मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उद्घाटन किया। सीएम ने रेशम मित्र पत्रिका का विमोचन किया और 16 कृषकों,उद्यमियों, संस्थाओं व डिजाइनरों को पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान प्रदान किया। सीएम ने यहां लगी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

सीएम योगी ने कहा कि 2017 में भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश ने परंपरागत उत्पाद को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसने परंपरागत उत्पाद के लिए पॉलिसी बनाई। 75 जनपदों के लिए वहां के एक उत्पाद को चिह्नित करते हुए आगे बढ़ाया। यही कारण है कि 75 जनपद का यूनिक प्रोडक्ट है, जिसे हमने वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट कहा। ओडीपीओपी को सरकार ने मार्केट, डिजाइनिंग, पैकेजिंग से जोड़ा तो इससे रोजगार का सृजन हुआ और परंपरागत उत्पादों का एक्सपोर्ट भी प्रारंभ हुआ। यूपी के 75 जनपदों में 75 जीआई प्रोडक्ट हैं, जिन्हें देश के अंदर मान्यता प्राप्त हुई है। यह संभावना यूपी में हैं। वाराणसी, भदोही व मुबारकपुर की साड़ियों के माध्यम से भी यूपी के पोटेंशियल को बढ़ाने का अवसर प्राप्त होता है। सिल्क एक्सपो इस फील्ड में यूपी की संभावनाओं को आगे बढ़ाने का माध्यम बने, इस पर हमें प्रयास करना होगा। सीएम योगी ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान का नारा सदैव से प्रचलित रहा है। जीव सृष्टि व किसी भी व्यक्ति के लिए हवा-पानी तो आवश्यक है ही, लेकिन रोटी, कपड़ा ,मकान भी आवश्यक है। कपड़ा न सिर्फ जीवन की आवश्यकता है, बल्कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के साथ ही रोजगार सृजन का भी सशक्त माध्यम भी है। रेशम, प्राचीन काल से ही इसकी अलग-अलग पद्धतियां रही हैं। 25 करोड़ की आबादी वाले यूपी में इस फील्ड में अनेक संभावनाएं विकसित हो सकती हैं। उप्र ने पिछले कुछ समय में प्रगति की है। पहले की तुलना में यह संतोषजनक है, लेकिन अभी उप्र जैसे बड़े राज्य की दृष्टि से यह अपर्याप्त है। यहां अत्यंत संभावनाएं हैं।

सीएम योगी ने कहा कि सभी को देखना चाहिए कि उत्तर प्रदेश के अंदर क्या संभावनाएं विकसित हो सकती हैं। यूपी में वाराणसी-भदोही, आजमगढ़ से लेकर वाराणसी तक, चाहे वह मुबारकपुर की साड़ी हो या वाराणसी की। सिल्क कलस्टर विकसित करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार ने इस दिशा में नए प्रयास को आगे बढ़ाया है। वाराणसी की सिल्क साड़ियां पूरे देश में हर मांगलिक कार्यक्रम के लिए पसंद बनती हैं। काशी विश्वनाथ धाम बढ़ने के बाद श्रद्धालुओं व पर्यटकों की बढ़ी संख्या ने इस व्यापार को नई ऊंचाई दी है। वाराणसी में एक्सपो मार्ट के माध्यम से ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर बनने के उपरांत इसमें काफी वृद्धि हुई है।

# विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्रों में 12 प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन

● अब तक कुल 15 प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश की 09 विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उप निर्वाचन 2024 के तहत 22 अक्टूबर 2024 को 05 विधानसभा क्षेत्रों में 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस प्रकार अब तक कुल 15 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गये। मीरापुर (मुज़फ्फरनगर) विधानसभा के लिए 5 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया इसमें बहुजन मुक्ति पार्टी से वकार अजहर, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से जाहिद हुसैन, निर्दलीय प्रत्याशियों में राजबाल सिंह राणा, रजनीश कुमार तथा मो. अनस है। इस प्रकार अब तक कुल 06 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया है। कुदंरकी (मुरादाबाद) विधानसभा के लिए आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) से चांद बाबू ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। गाजियाबाद (गाजियाबाद) विधानसभा के लिए 2 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया, इसमें सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी) से रवि कुमार पांचाल, निर्दलीय प्रत्याशी में विजय कुमार अग्रवाल ने नामांकन पत्र किया। फूलपुर (प्रयागराज) विधानसभा के लिए 2 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया, इसमें परिवर्तन समाज पार्टी से उषा, प्रगतिशील समाज पार्टी से योगेश कुमार कुशवाहा ने नामांकन पत्र किया। कटेहरी (अम्बेड़कर नगर) विधानसभा के लिए 02 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया, इसमें समाजवादी पार्टी से शोभावती वर्मा, बहुजन समाज पार्टी से अमित वर्मा ने नामांकन किया। इस प्रकार अब तक कुल 3 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया। खैर (अ.जा.) (अलीगढ़), 213-सीमामऊ (कानपुर नगर) तथा 397-मझवां (मिर्जापुर) में अब तक कुल नामांकन शून्य है।

# सपा और कांग्रेस मिलकर लड़ेंगी विधानसभा उपचुनाव: अजय राय



**लखनऊ (भाषा)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की नौ सीट पर होने वाला उपचुनाव कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) मिलकर लड़ेंगी। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

राय ने कहा, समाजवादी पार्टी के साथ सीट बंटवारे को लेकर बातचीत के नतीजे चाहे जो भी हों लेकिन विपक्षी गठबंधन इंडिया मिलकर उपचुनाव लड़ेगा। कांग्रेस ने 10 में से पांच सीट की मांग की थी हालांकि सपा ने पहले ही सात सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी और कांग्रेस को दो सीट से ही संतोष करना पड़ा। अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट को लेकर अदालत में मुकदमा लंबित होने के कारण इस निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव नहीं हो रहा है। सपा प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा, कांग्रेस के साथ हमारा समझौता हो गया है। दस में से दो सीट खैर (अलीगढ़) और गाजियाबाद पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी जबकि आठ पर सपा अपना प्रत्याशी उतारेगी। सपा करहल, सीसामऊ फूलपुर, मिल्कीपुर, कटेहरी, मझावां और मीरापुर के लिए उम्मीदवारों की घोषणा पहले ही कर चुकी है। लोकसभा चुनावों में विधायकों के सांसद चुने जाने के बाद विधानसभा की नौ सीट रिक्त हुईं जबकि सीसामऊसीट सपा विधायक इरफान सोलंकी के अयोग्य घोषित होने से रिक्त हुई। सोलंकी को एक आपराधिक मामले में दोषी करार दिया गया।

# युवा शक्ति को कुशल बनाने का आधार बन रही 'स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना'

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● प्रदेश में वर्ष 2021 से 2023 के बीच 19.84 लाख टैब व 26.91 लाख स्मार्टफोन समेत कुल 46.75 लाख गैजेट हो चुके हैं वितरित

**उत्तर** प्रदेश देश में सबसे बड़ी युवा शक्ति वाला राज्य है। ऐसे में, प्रदेश की युवा शक्ति को सशक्त बनाने और उसे वर्तमान व भविष्य की जरूरतों के अनुसार कौशल प्रदान करने की दिशा में योगी सरकार ने बड़े कदम उठाए हैं। इस कड़ी में स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना बेहद प्रभावी साबित हो रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, इस योजना के अंतर्गत प्रदेश में वर्ष 2021 से 2023 के बीच 19.84 लाख टैब व 26.91 लाख स्मार्टफोन समेत कुल 46.75 लाख गैजेट वितरित किए जा चुके हैं। इतना ही नहीं, 13.14 लाख गैजेट (जिनमें 12.94 लाख स्मार्टफोन व 20 हजार से ज्यादा टैबलेट शामिल हैं) को पात्र विद्यार्थियों को आवंटित करने पर योगी सरकार का विशेष फोकस है। ऐसे में, प्रदेश में पात्र विद्यार्थियों को गैजेट्स के वितरण की प्रक्रिया पूर्ण करने वाले जिलों को चिह्नित किया गया है जिसमें से 8 जिलों का परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। वहीं, विद्यार्थियों को टैबलेट वितरण की दिशा में 6 जिलों में 70 प्रतिशत से ज्यादा आवंटन की दर रही है और 10 टॉप जिलों में 69 प्रतिशत से ज्यादा सफलतापूर्वक आवंटन हो चुका है।

सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रदेश में युवा शक्ति को सशक्त बनाने के लिए न केवल स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण हो रहा है बल्कि डिजी शक्ति पोर्टल के जरिए सरकार की योजनाओं और कौशल विकास के विभिन्न कोर्सेस का एक्सेस व एंड टू एंड मॉनिटरिंग उपलब्ध कराया जा रहा है। परियोजना को प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए 2021-22 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था। वर्ष 2022-23 में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना को प्रदेश में 5 वर्षों के लिए लागू किया गया। ऐसे में, परियोजना के जरिए उच्च व उच्चतर शिक्षण संस्थाओं में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा कोर्स, कौशल विकास के प्रशिक्षणार्थी तथा पैरामेडिकल व नर्सिंग जैसे कोर्सेस के विद्यार्थियों को टैब व स्मार्टफोन वितरण के जरिए लाभान्वित किया जाता है। सीएम योगी के युवा सशक्तिकरण के विजन को बढ़ावा देने की दिशा में प्रदेश में स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना बेहद सार्थक कदम बनकर उभरा है। प्रक्रिया के अंतर्गत, पात्र विद्यार्थियों को स्मार्टफोन व टैब वितरण की प्रक्रिया सुनिश्चित करते हुए प्रदेश के 8 जिलों में स्मार्टफोन वितरण का 100 प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त किया जा चुका है।

# शानदार जल प्रबंधन के लिए उत्तर प्रदेश को मिला राष्ट्रीय जल अवार्ड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएम** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जल प्रबंधन और जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय जल पुरस्कार से नवाजा गया है। ग्रामीण इलाकों में घर-घर तक नल कनेक्शन पहुंचाने के साथ जल संरक्षण और जल प्रबंधन के क्षेत्र में शानदार काम के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में उत्तर प्रदेश को देश में दूसरा स्थान मिला है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में मंगलवार को आयोजित पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार कार्यक्रम में इस उपलब्धि के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तर प्रदेश को सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश की ओर से नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव और आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने पुरस्कार ग्रहण किया। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में उड़ीसा को पहला और गुजरात-पुडुचेरी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तर प्रदेश में हर घर तक नल से जल पहुंचाने की मुहिम में किए गए कार्यों और जल संरक्षण की दिशा में किए गए अभिनव प्रयोगों की तारीफ की। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने भी उत्तर प्रदेश द्वारा बुंदेलखंड और विन्ध्य क्षेत्र में घर-घर तक नल कनेक्शन पहुंचाने और जल संरक्षण की दिशा में किए गए कार्यों को सराहा। जल संरक्षण और जल प्रबंधन के साथ-साथ उत्तर प्रदेश ने 2023 में सबसे तेजी से 17,900 गांवों को हर घर नल से जल पहुंचाने का कीर्तिमान स्थापित किया था। योगी सरकार के निर्देश पर 2023 में डायरेक्टर ग्राउंड वॉटर-सचिव नमामि गंगे रहते हुए डॉ. बलकार सिंह ने जल संरक्षण और जल प्रबंधन के लिए कई अभिनव प्रयोग किए थे। जिसका लाभ जल प्रबंधन के साथ-साथ किसानों को सिंचाई में भी मिला। प्रदेश में सिंचाई की व्यवस्था बेहतर करने के लिए कुल 6000 से अधिक चेक डैम और 1000 तालाबों का निर्माण किया गया।

# कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल मिला प्रदर्शन कर रहे बीबीएयू छात्रों से



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बाबा** साहब भीमराव अम्बेड़कर केन्द्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ में जो नियमावली छात्रों पर लागू की जा रही है इससे पूर्णतय: छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है, जिसके विरोध में बाबा साहब भीमराव अम्बेड़कर विश्वविद्यालय के छात्र पिछलों दो दिनों से अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। उक्त घटना के संज्ञान में आने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को बाबा साहब भीमराव अम्बेड़कर विश्वविद्यालय पहुंचा जहां प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने धरने पर बैठे छात्रों से बात चीत कर उनकी समस्याओं को जाना। प्रतिनिधिमंडल से समक्ष अपनी बात रखते हुए धरने पर बैठे बीबीएयू छात्रों ने बताया कि बीबीएयू प्रशासन के मनमाने और तानाशाहीपूर्ण रवैए के खिलाफ छात्रों द्वारा किये जा रहे अनिश्चितकालीन धरने का आज दूसरा दिन है। परन्तु प्रशासन की ओर से छात्रों से बातचीत करने लिए अभी तक कोई भी नहीं पहुंचा है। इस मौके पर छात्रों ने कहा कि हम बीबीएयू के छात्र मांग करते हैं कि तानाशाहीपूर्ण शासन व्यवस्था समाप्त कर समाज के दलित छात्रों के मौलिक अधिकारों के दमन को रोका जाए। धरने पर बैठे छात्रों की समस्याओं को सुनने के बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री विश्वविजय सिंह जी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी इस लड़ाई में कांग्रेस पार्टी की ओर समर्थन देते हुए लड़ाई को सड़क से संसद तक लड़कर उन्हें न्याय दिलाने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री विश्वविजय सिंह जी के साथ भारतीय राष्ट्रीय संगठन (एनएसयूआई) के नेशनल कोऑर्डिनेटर प्रिन्स प्रकाश, कार्यकर्ता दिव्यांश शुक्ला, उत्कर्ष मिश्रा, लोरिक यादव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# बहराइच में दंगा भाजपा ने कराया है: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि बहराइच में दंगा भाजपा ने कराया है। दंगा कराने में भाजपा के नेता शामिल है। भाजपा के विधायक ने खुद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर दंगा कराने, षड्यंत्र कराने का एफआईआर कराया है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने यह बात मंगलवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि बहराइच दंगे का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें स्पष्ट हो रहा है। दंगा साजिश और षड्यंत्र का नतीजा है। पुलिस ने दंगाइयों को खुली छूट दी थी। पुलिस को हटा देना या खुल छूट दे देना बड़ी साजिश का हिस्सा है। यादव ने कहा कि हिटलर भी इसी तरह से काम करता था। अपने पार्टी के कार्यकर्ताओं को सैनिक बनाकर आगे कर देता था। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास महंगाई, बेरोजगारी का जवाब नहीं है। वह घबराई हुई है इसीलिए दंगा करा रही है। भाजपा आरक्षण छीन रही है। संविधान के अनुसार आरक्षण की जो व्यवस्था है उसे लागू नहीं होने दे रही है। निवेश के नाम पर जो झूठ फैलाया था उसका पर्दाफाश हो गया है। कहीं उद्योग कहीं कारखाना नहीं लगा। भाजपा सरकार ने अगर कोई काम किया होता और निवेश लाया होता तो दिखाई देता। लेकिन कहीं भी कोई उद्योगधंधा और कारखाना लगता दिखाई नहीं दे रहा है। बिजली महंगी है। किसान को खाद नहीं मिल रहा है। फसलों की खरीद की कोई व्यवस्था नहीं है। सड़कों पर जानवर घूम रहे हैं। पिछड़े, दलित, अलपसंख्यक और गरीब लोगों के साथ अन्याय और अत्याचार हो रहा है। महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं है। कानून व्यवस्था जीरो हो गई। हालात यह है कि महिला पुलिस तक सुरक्षित नहीं है। कानपुर में महिला कांस्टेबल के साथ भी घटना हो गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार में बनाये गये पहले डीजीपी भाजपा सरकार और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। वह भी कह रहे हैं कि उत्तर प्रदेश की पुलिस बहुत दबाव में निष्पक्ष कार्यवाही नहीं कर पा रही है। निष्पक्ष कार्यवाही करने पर संस्पेंड कर दिया जाता है। ऐसा लगता है कि भाजपाईयों ने पुलिस के भी हथकड़ी लगा दी है। भाजपा की नीयत साफ नहीं है। इसीलिए किसी भी घटना पर निष्पक्ष कार्यवाही नहीं हो पा रही है। देश में सबसे ज्यादा पुलिस हिरासत में मौतें उत्तर प्रदेश में हो रही हैं। सबसे ज्यादा फर्जी एनकाउण्टर उत्तर प्रदेश में हो रहे हैं। भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को कस्टोडियल डेथ और फेक एनकाउण्टर में नम्बर एक बना दिया है।

## उत्तर प्रदेश के गांवों का हो रहा चहुंमुखी विकास: केशव मौर्य

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेश के जिलों में गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर व समृद्ध बनाने के उद्देश्य से रू 747 करोड़ से अधिक की धनराशि की स्वीकृति की प्रदान की है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यह धनराशि शीघ्रातिशीघ्र जिलों को भेजना सुनिश्चित किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विकास कार्यों के क्रियान्वयन की गति बढ़ाई जाय। एस आर एल एम के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाय। निर्देश दिए कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता को परखा जाय और जहां सुधार की आवश्यकता हो ,सुधार किया जाय। केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को अपने कैम्प कार्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य गरीब ग्रामीण लोगों को सतत् आजीविका संवर्धन और बेहतर वित्तीय सेवाओं के माध्यम से सक्षम प्लेटफॉर्म प्रदान करना है ताकि उनकी आय बढ़ाई जा सके। गरीबों को स्थायी रूप से आजीविका उपलब्ध कराने के एन आर एल एम में उनके क्षमता के संवर्धन (जानकारी, कौशल विकास, वित्त पोषण एवं एकजुटता के माध्यम से) की व्यवस्था की गयी है।

# महाकुंभ 2025 के निर्माण कार्यों से बढ़ी प्रयागराज में होटल्स व होम स्टे की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ प्रयागराज

**सानातन** आस्था के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ 2025 को सीएम योगी के मार्गदर्शन में दिव्य, भव्य, नव्य और ग्रीन बनाने के कार्य प्रयागराज में जोर शोर से चल रहे हैं। प्रयागराज में न केवल संगम क्षेत्र बल्कि पूरे शहर में निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। शहर में सड़कों, चौराहों, फ्लाई ओवर, पार्कों और होटलों का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य हो रहा है।

इसके चलते शहर में पिछले कुछ महीनों से कई राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय कंसट्रक्शन कंपनियां डेरा जमाए हुए हैं। इन कंपनियों के इंजीनियर, अधिकारियों और कर्मचारियों के शहर में ठहरने की जरूरत ने प्रयागराज निवासियों, होटल और मकान मालिकों को आय का नया स्रोत प्रदान किया है।प्रयागराजवासी महाकुंभ 2025 के आयोजन को लेकर आशान्वित और उत्साहित हैं। प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के आयोजन को लेकर पूरे शहर, आस-पास एवं मेला क्षेत्र में कई निर्माण कार्य चल रहे हैं। सीएम योगी के निर्देश के अनुरूप सभी निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के कार्य 15 दिसंबर तक पूरे किये जाने हैं। कई सरकारी व निजी कंसट्रक्शन कंपनियां शहर में अपने प्रोजेक्टस तेजी से पूरे करने में जुटी हैं। इसके चलते इन कंपनियों के अधिकारियों और कर्मचारियों को शहर में ठहरने के लिये किराये के मकान, होटल व होम स्टे की जरूरत पड़ रही है। इन अधिकारियों और कर्मचारियों की जरूरत के मुताबिक शहर में वेल फर्निश्ड, नॉन फर्निश्ड मकानों की मांग बढ़ी है। प्रयागराज के प्रापर्टी डीलरों का कहना है बड़ी संख्या में उनके पास क्वेरी आ रही है। इसके दृष्टिगत कई मकान मालिक अपने खाली पड़े कमरों और मकानों को होम स्टे में बदल रहे हैं। जहां लोगों को रहने, खाने व अन्य दैनिक जरूरतों की सुविधाएं भी दी जा रही हैं। इसके साथ ही, रेस्टोरेंट्स व टिफिन संचालकों की भी आमदनी बढ़ी है। प्रयागराज होटल्स व रेस्टोरेंट्स ओनर्स असोशिएशन के प्रेसिडेंट हरजिंदर सिंह का कहना है कि महाकुंभ 2025 को लेकर शहर के सभी होटल्स व रेस्टोरेंट संचालक उत्साहित हैं। वो अपने-अपने होटल्स और रेस्टोरेंट में महाकुंभ के मुताबिक सुविधाओं का निर्माण करा रहे हैं। शहर के होटल्स में कई नेश्नल और मल्टीनेश्नल कंपनियों के लिए कमरे बुक हैं व उनके कई अधिकारी पिछले कई दिनों से उनमें रह भी रहे हैं।

## मोबाइल टॉवर्स पर हाई रिजॉल्यूशन कैमरे से होगी निगरानी

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दौरान मेला क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर तीसरी आंख से नजर रखी जाएगी। इसके लिए आर्टिफिशियल लाइसेंस वाले सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के अलावा मोबाइल टॉवर्स पर हाई रिजॉल्यूशन वाले कैमरों को इंस्टॉल किया जाएगा। ये कैमरे इतने हाई रिजॉल्यूशन के होंगे कि संगम तट, विभिन्न घाट और प्रमुख मार्गों पर होने वाली एक-एक गतिविधि पर नजर रखेंगे और सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने में कुंभ पुलिस की मदद करेंगे। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ के दौरान कुंभ पुलिस द्वारा पूरे मेला क्षेत्र में 2700 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है, जिसमें आधे से ज्यादा एआई लाइसेंस्ड युक्त कैमरे भी शामिल हैं। वहीं एसएसपी महाकुंभ राजेश द्विवेदी के अनुसार, इस बार महाकुंभ 2025 में भारी पैमाने पर श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। खासतौर पर प्रमुख स्नान के दौरान ये संख्या करोड़ों में पहुंच सकती है। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और किसी तरह की कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए हर अधिकारी मुस्तैदी से कार्य कर रहा है।

## 3.50 करोड़ की लागत से 'शहीद वॉल' बनकर तैयार

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार एक तरफ महाकुंभ जैसी सनातन धर्म की धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराओं के संरक्षण का कार्य कर रही तो वहीं देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की बलिदान की गाथा को भी जन-जन तक पहुंचाने में जुटी है। शहीद चंद्र शेखर आजाद की शहादत स्थली प्रयागराज में गुमनाम शहीदों की स्मृति में शहीद वॉल का निर्माण इसी का हिस्सा है। ये ऐतिहासिक स्मारक महाकुंभ के दौरान पर्यटकों को प्रयागराज के बलिदानी सपूतों की स्मृति से परिचित कराएगा। कुंभ नगरी प्रयागराज में आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक इस बार महाकुंभ में आध्यात्मिक अनुभूति के साथ शहीदों के बलिदान की गाथा से भी रूबरू हो सकेंगे। इसी क्रम में प्रदेश की योगी सरकार ने प्रयागराज में देश की आजादी में अपना बलिदान करने वाले गुमनाम बलिदानियों को चिन्हित कर उनके बलिदान की गाथा लोगों के बीच पहुंचाने के लिए शहीद वॉल का निर्माण कराया है।

# परिवार से बिछड़े 93 हजार से अधिक बच्चों को योगी सरकार ने मां-बाप से मिलाया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● 1707 बाल विवादों पर योगी सरकार ने की त्वरित कार्रवाई

**प्रदेश** में बाल संरक्षण के लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रयासरत हैं। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि आज बाल संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश सरकार लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश में बच्चों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा को मजबूत किया जा रहा है। योगी सरकार की सक्रियता और जनहितकारी नीतियों के चलते अब तक 93,658 से अधिक बिछड़े हुए बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावकों से मिलाने में सफलता प्राप्त की है। इस अभूतपूर्व प्रयास ने हजारों परिवारों में खुशियां लौटाई हैं। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही योगी सरकार यूपी में विकास को एक नया आयाम दिया है। परिमाणस्वरूप उत्तर प्रदेश आज हर क्षेत्र में प्रगति की नई इबारत लिख रहा है। उत्तर प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित केंद्र सरकार की 'मिशन वात्सल्य योजना' के अंतर्गत बाल संरक्षण के तहत राज्य सरकार ने 1645 बच्चों को गोद लेकर पुनर्वासित किया है। यह पहल न केवल इन बच्चों को सुरक्षित और प्रेमपूर्ण वातावरण में पलने-बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है, बल्कि उनके भविष्य को नई दिशा भी दे रही है। इस कदम से प्रदेश के अनेक बेसहारा बच्चों को एक नई जिंदगी मिली है।

इसके अलावा, योगी सरकार ने सभी जनपदों में टास्क फोर्स का गठन कर 1707 बाल विवादों का त्वरित निपटारा किया है। इन टास्क फोर्सों ने विवादित मामलों में तेजी से कार्रवाई करते हुए बच्चों को न्याय दिलाने में मदद की है। इस पहल से प्रदेश में बाल अधिकारों को सशक्त किया गया है और बच्चों के जीवन में सुधार लाने के प्रयासों को बल मिला है। योगी सरकार की बाल संरक्षण नीति के अंतर्गत 11,860 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ मिला है, जबकि 2 बच्चों को फॉस्टर केयर के जरिए सुरक्षित आश्रय प्रदान किया गया है। यह योजना बच्चों की सुरक्षा और उनके बेहतर भविष्य के लिए एक बड़ा कदम साबित हो रही है। राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन के तहत भी प्रदेश में 1015 किशोर-किशोरियों को प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें से 29 किशोरों को रोजगार प्राप्त हुआ है। इसका उद्देश्य किशोरों को स्वावलंबी बनाना और उन्हें समाज में एक सम्मानजनक स्थान दिलाना है। प्रदेश में चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) सेवा भी 75 जनपदों में सक्रिय रूप से कार्यरत है, जिससे बाल संरक्षण के लिए त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। बाल संरक्षण के लिए योगी सरकार की नीतियां और उनके क्रियान्वयन से बाल अधिकारों की सुरक्षा और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं।

# डीएम ने की जनपदीय स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**● सभी एमओआईसी व डिप्टी सीएमओ संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की करे साप्ताहिक समीक्षाः डीएम**

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह के अध्यक्षता में जनपदीय स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गई। सर्वप्रथम गत बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। डीएम ने सभी एमओआईसी व डिप्टी सीएमओ को निर्देशित किया कि विभाग अन्तर्गत संचालित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की साप्ताहिक समीक्षा करे, जिन कार्यक्रमों के संचालन में कोई कमी पायी जाये उस पर विशेष जोर देकर कमियों को दूर कराया जाये। संचालित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों रेण्डम चेकिंग करायी जाये। डीएम ने सीवियर एनीमिया व हाईरिस्क प्रसव की लगातार मानीटरिंग करने के निर्देश दिये। जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत संस्थागत प्रसव लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत कराया जायेए साथ ही मातृत्व मृत्यु दर में कमी लाने पर विशेष जोर दिया जाये। मातृत्व मृत्यु के कारणों का पता कर आवश्यक कार्यवाही की जाये। डीएम ने सभी निजी अस्पतालों से मातृत्व मृत्यु दर संबंधी रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त करने के निर्देश सीएमओ को दिये। एसएनसीयू के अन्तर्गत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त रहे। फैमली प्लानिंग, आभा आईडी आदि का कार्य लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण किया जाये। गर्भवती महिलाओं व बच्चों के शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाये। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को संस्थागत प्रसव बढ़ाने व आशाओं के मानदेय का समय से भुगतान कराने के निर्देश दिये। डीएम ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिए। आरबीएसके टीम कमजोर बच्चों का चिन्हांकन कर प्रभावी कार्यवाही करे। बैठक में टीकाकरण, टीवी, तम्बाकू उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम आदि की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए गए। तृतीय पक्ष डब्ल्यू एचओए यूनिसेफ द्वारा किए गए सर्वे की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान अन्तर्गत कार्ययोजनानुसार विभिन्न विभाग आपस में समन्वय करके साफसफाई व अन्य गतिविधियां समयान्तर्गत करें।

# डीएम, सीडीओ व डीपीआरओ ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला व सी.डी.ओ., डी.पी.आर.ओ., अग्रणी जिला प्रबन्धक, ए.डी.ओ. पंचायत अनोगी, बी.डी.ओ. जलालाबाद द्वारा कौशल विकास केन्द्र में बंदियों द्वारा बनायी जा रही बस्तुओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपदीय अधिकारियों द्वारा कौशल विकास केन्द्र में वस्तुओं को बना रहे बंदियों को दो-दो टी-शर्ट व मिष्ठान का वितरण किया गया। सोमवार को बंदियों द्वारा कौशल विकास केन्द्र में बन रही वस्तुओं यथा बंदियों द्वारा बनायी जा रही जगमग झालर लाईटे, फोटो फ्रेम पर गणेश लक्ष्मी व विभिन्न प्रकार के फोटो लगाकर एलईडी लाइटे व विभिन्न रंगों के कपड़े के कैरी बैग की प्रशंसा की गयी। बंदियों में झालरों के प्रति अतिउत्साह देखा गया। इस दौरान जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल श्रीरामबहाल दुवे, उपकारापाल उर्मिला सिंह, उपकारापाल आशादेवी पाण्डेय, चिकित्साधिकारी डा. अनिल कुमार, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार के साथ सभी प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन सहायक शिक्षाध्यापक मनोज कुमार कटियार द्वारा किया गया।


बंदी को उपहार भेंट करते डीएम व अन्य।

**● अधिकारियों ने जेल में बनाई जा रही वस्तुओं को अवलोकन बांटी टी-शर्ट**

# झावर तालाब के बहुरेंगे दिन, पर्यटन को लगेंगे पंख

**● विधायक और सीडीओ ने अफसरो संग बनाई रणनीति, दिए निर्देश**



**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार गोला गोकर्णनाथ पहुंचे, जहां उन्होंने विधायक अमन गिरी संग तहसीलए विकासखंड गोला के अंतर्गत ब्लॉक गोला की तीन ग्राम पंचायत में फैले 96 एकड़ के झावर तालाब को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने के उद्देश्य से स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य रूप से पीडी एसएन चौरसिया, डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, बीडीओ हनुमान प्रसाद मौजूद रहे।

विधायक गोला अमन गिरी ने सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ झावर तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान झावर तालाब को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित किए जाने की रणनीति पर गहन मंथन हुआ। सर्वसम्मति से तय किया कि प्रथम चरण में 30 एकड़ के क्षेत्र पर फोकस करते हुए विकसित किया जाए। सीडीओ ने मौजूद तकनीकी अफसरो को तय क्षेत्र का सुंदरीकरण के लिए प्लानिंगए एक्शन प्लान तैयार करने को कहा। इसमें बेसिक डिजाइनए फूड कोर्टए प्लांटेशन, ट्रेक और बेंच निर्माण आदि को शामिल किया जाए। उन्होंने जलकुंभी की सफाई, तालाब के किनारों का निर्माण किस प्रकार कराएंगे इस पर भी अफसरो संग रणनीति बनाई।

सीडीओ ने अवर अभियंता ;लघु सिंचाईद्ध को प्रथम चरण के लिए चिन्हित क्षेत्र को विकसित करने में आने वाली लागत के आगणन करने के निर्देश भी दिए। विधायक अमन गिरी ने अफसरो को आश्वस्त किया कि आप प्रोजेक्ट तैयार कराए। इस कार्य में विधायक निधि, ग्राम निधि, क्षेत्र पंचायत निधि, मनरेगा, सीएसआर से फंड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। विधायक ने तालाब के एप्रोच मार्ग को भी सुगम बनाने के लिए चर्चा की, ताकि इसके तैयार होने के बाद लोग यहां प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकेंगे।

# डीएम आंगनबाडी केंद्र का निरीक्षण व उचित दर दुकान का उद्घाटन



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी द्वारा ग्राम गुताशी पंचायत कार्यालय द्वारा ग्रामीणों को दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई व मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी पंचायत सहायको का प्रशिक्षण कराया जाये। ऑगनबाडी केंद्र का निरीक्षण किया गया व निर्देशित किया गया कि ऑगनवाडी केंद्र में लर्निंग लैब विकसित की जाये। ऑगनवाडी केंद्र में 52 बच्चे पंजीकृत पाये गयेए जिलाधिकारीद्वाराऑगनबाड़ी किट उपलब्ध कराने के लिये निर्देश दिये गये। डीएम द्वारा गुतासी आरोग्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि मरीजों को दी जा रही दवाओं के एक्सपायर होने में 02 से 03 दिन शेष है। डीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि मरीजो को ऐसी दवाएं उपलब्ध कराई जाये जिनकी एक्सपाइरी में कम से कम 06 माह शेष होए केंद्र पर तैनात एएनएम ट्रेनिंग में बरौन गये थे केंद्र पर आज कुल 13 मरीज देखे गये। इस अवसर पर सीडीओ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, एडीओ पंचायत व संवंधित उपस्थित रहे।

# शासी निकाय की बैठक में योजनाओ व कार्यक्रमों की हुईं समीक्षा, दिए गए दिशा निर्देश

**फतेहपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। डीएम ने स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों से कहा कि अपने दायित्वों का निर्वाहन जिम्मेदारी के साथ करते हुए मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए। स्वास्थ्य से संबंधित संचालित योजनाओ व कार्यक्रमो की प्रगति की अद्यतन स्थिति को जाना और संबंधितो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए सभी जांचे व अनुमन्य स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराये साथ ही गर्भवती महिलाओ व बच्चों का टीकाकरण समय से कराते हुए पोर्टल पर फीड कराये एवं हाईरिस्क गर्भवती महिलाओ की नियमित जाँच करते हुए गंभीर एनिमिक गर्भवती महिलाओं को आवश्यकता अनुसार आयरन, सुक्रोस के डोज एवं अन्य सभी स्वास्थ्य सुविधाएं संवेदनशीलता के साथ मुहैया कराये और किस कारण से हाईरिस्क प्रेग्नेंसी की श्रेणी मे है, का कारण भी बताये और उनको अवगत कराये कि प्रिकाशन/ स्वास्थ्य सुविधाओ व जांचो की आवश्यकता है, का पंपलेट हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को उपलब्ध कराये, जिससे प्रेग्नेंसी के दौरान कोई असुविधा न हो। सभी लाभार्थीपरक योजनाओ से लाभार्थियों से लाभांवित करने के लिए समय से शत प्रतिशत भुगतान किया जाय एवं जिन स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों के भुगतान का प्रतिशत कम है से स्पष्टिकरण लेने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिये। जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केन्द्र मे भर्ती किये गए कुपोषित/अति कुपोषित बच्चों का डिस्चार्ज के बाद कितना औसत वजन बढ़ा है कि रिपोर्ट से अवगत कराते हुए डिस्चार्ज किये गए बच्चों की शतत् निगरानी बनाये रखने के निर्देश संबंधितो को दिये। स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओ की हुई मृत्यु की आडिट की रिपोर्ट से अवगत कराये साथ ही कारण का भी उल्लेख करें एवं मृत्यु दर को कैसे कम किया जा सकता है।



# आजीवन कारावास सजायफ्ता बृद्ध कैदी की उपचार के दौरान मौत

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार के एक आजीवन कारावास सजायफ्ता वृद्ध कैदी की आज मंगलवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। फर्रुखाबाद जिले के कमालगंज थाना क्षेत्र के फतह नगला का निवासी शिवराम उम्र करीब 68 वर्ष पुत्र सीताराम को हत्या आदि एक मामले में फर्रुखाबाद जिले की एक अदालत से आजीवन कारावास की सजा13.11.2006 को सुनाई गई।जेल सूत्रों ने बताया कि आजीवन कारावास सजायफ्ता 68 वर्षीय कैदी शिवराम 19.11.2006को सजा भुगतने के लिए फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार में आया। इसके बाद काफी समय से बीमार इस कैदी को किडनी जैसे रोग की आज शिकायत हुई। जेल अधिकारियों ने बीमार किडनी रोग से पीडित कैदी शिवराम को आज मंगलवार प्रात हालात जब ज्यादा खराब हुई तो उसे फर्रुखाबाद के डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया।

## क्विक न्यूज

### एसीएमओ ने फर्जी डाक्टरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद।** झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध चलाये जा रहे छापामारी अभियान में अवैध रूप से चिकित्सा व्यवसाय करने वाले फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध अलग-अलग स्थान में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रंजन गौतम ने मुकदमा लिखाने की संस्तुति की है। ज्ञातव्य है कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें थाना अमृतपुर में प्रेक्टिस करने वाले सुखबीर कुशवाहा, अजय पाल कुशवाह के छापामारी की गई और उनसे आवश्यक कागजात तलब किए गए लेकिन निर्धारित तिथि तक वह कागजात नहीं दिखा सके इस कारण से एसीएमओ रंजन गौतम ने प्रभारी निरीक्षक अमृतपुर को इन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के लिए संस्तुति की है। इसी तरीके से छापेमारी में मेरापुर के किरन हेल्थ सेंटर, राजेपुर के गांव सराह के निर्देश धाम टदलेलिया के विजय, कमालगंज क्षेत्र के रविकांत गौतम, बंगालीएवेरिट सिंह, हिमांशु बेरसमपुर आरिफखान, राजेंद अजय सभी के द्वारा आवश्यक कागजात अथवा स्पष्टीकरण न दे पाने के चलते के संबंधित थानों में सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की संस्तुति विभाग द्वारा की गई है।

### एसडीएम ने नकली उर्वरक का गोदाम किया सील

**संडीला (हरदोई)।** नकली खाद की बिक्री की शिकायत मिलने के बाद एसडीएम ने जिला कृषि अधिकारी के साथ छापा मारा और वहां मिली खाद्य को कब्जे में लेकर गोदाम को सील कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम डॉ0 अरुणिमा श्रीवास्तव को यह शिकायत मिली थी कि ग्राम टिकरा टाउदपुर में नकली डीएपी तथा अन्य खादों की बिक्री की जा रही है। इस पर एसडीएम ने जिला कृषि अधिकारी डॉ0 सतीश पाठक के साथ पुलिसबल लेकर गोदाम में छापा मारा। दो अधिकारियों ने गोदाम के भीतर जाकर जब देखा तो वहां नकली बोरियों में विभिन्न प्रकार के उर्वरक रखे हुए थे। एसडीएम ने 188 कट्टा डीएपी 64 बैग एनपीके एनपीएस 9 बैग तथा अन्य खाद्या 55 बैग धाने के 14 डिब्बे 5 किलो का बांट और विभिन्न ब्रांडों के 24 नए कट्टे बरामद हुए। साथ ही साथ इन खाद्यो को तौलकर भरने के लिए यहां धर्मकांटा भी लगा था। एसडीएम ने तमाम खाद्यो के सैंपल लेने के बाद इस गोदाम को सील कर दिया है।



### नहर से बरामद शव की हुई शिनाख्त

**बकेवर (फतेहपुर)।** थाना क्षेत्र के टिलावलपुर बेरॉव नहर से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने लगभग 24 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद किया था जिसकी शिनाख्त मृतक के परिजनों ने गुड्डू उर्फ ओम प्रकाश पुत्र स्व0 सिपाहीलाल निवासी जगराजपुर थाना सिकंदरा जनपद कानपुर देहात के रूप में करते हुए बताया कि दो दिन पूर्व वह घर से लापता हो गया था जिसकी तलाश रिश्तेदारों में की जा रही थी। मोबाइल में मिली फोटो के आधार पर परिजनों ने उसकी शिनाख्त पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर की है। परिजनों ने बताया कि मृतक चार दिन पूर्व बाहर जाने की तैयारी कर रहा था। अचानक अपने कुछ साथियों के साथ वह घर से निकल गया और इसके बाद नहीं लौटा।

### किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के अब्दुल्लापुर घूरी गांव निवासी अभिमन्यु ने आज सुबह अपनी पुत्री करिश्मा को किसी बात को लेकर डांट-डपट दिया। गुस्सा होकर उसने जहर खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से इलाज के लिए सदर अस्पताल आए जहां चिकित्सक ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर के लिए रैफर कर दिया। किशोरी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उधर परिजन शव को लेकर वापस गांव चले गए।

### चारों ने नहीं बख्शा भाजपा विधान परिषद सदस्य का कॉलेज

**संडीला (हरदोई)।** भाजपा विधान परिषद सदस्य के डिग्री कॉलेज में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए पर हाथ साफ़कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार के संरक्षण में चलने वाले सुभाष चन्द्र बोस महाविद्यालय की खिड़की का गिल काटकर अज्ञात चोरों ने कॉलेज में प्रवेश किया और अलमारी तोड़कर 2 लाख 57 हजार 250 रुपए चोरी कर लिए। दूसरे दिन जब कॉलेज के प्रिंसिपल वहां पहुंचे तो उन्होनें खिड़की का जाल कटा हुआ और अलमारी का लॉक टूटा हुआ देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। बताते चलें कि इसी महाविद्यालय में पहले भी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है लेकिन पुलिस उसका खुलासा आज तक नहीं कर पाई है।

# रोजगार मेले में 170 अभ्यर्थियो का प्राइवेट कंपनियों द्वारा किया गया चयन

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह के निर्देशन में जिला सेवायोजन कार्यालय कानपुर देहात के द्वारा स्थान राजकीय महाविद्यालय अकबरपुर, कानपुर देहात के परिसर में 22.10.2024 को एक दिवसीय रोजगार मेला एवं कॅरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य काउंसलर अनिल द्विवेदी प्रवक्ता सरला द्विवेदी अकबरपुर, कानपुर देहात मे निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 08 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। लगभग 285 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 170 अभ्यर्थियो का प्राइवेट कम्पनियों द्वारा प्रारंभिक चयन किया गया। रोजगार मेले को सफल बनाने हेतु सेवायोजन कार्यालय के तेज प्रताप सत्यर्थी, अनुज यादव, रामकिशोर सोनकर, विनोद कुमार, राजकीय महाविद्यालय अकबरपुर, कानपुर देहात के प्राचार्य डॉ संन्जु व समस्त स्टाफ के सहयोग से मेले को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

# दस विकास खण्ड के 618 ग्राम पंचायतों एवं 02 नगर पालिका एवं 11 नगर पंचायतों में 25 अक्टूबर, 2024 से होगी 21वीं पशुगणना

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** आलोक सिंह के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में जनपद में 25 अक्टूबर 2024 से शुरू होगी 21वीं पशुगणनाए इसके लिये पशुपालन विभाग द्वारा गणनाकार कार्मिकों की ट्रेनिंग सभी तहसीलों में करा ली गयी है। 20वीं पशुगणना 2019 में हुयी थी, जिसके हिसाब से 783944 (गौवंश व महिषवंश) पशुधन है इन पॉच वर्षों में जिले में पशुओं की संख्या बढ़ी या घटी 21वीं पशुगणना में स्थिति साफ हो जायगी।

पशुपालन विभाग द्वारा 21वीं पशुगणना के कार्य हेतु 25 सुपरवाइजर (उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी/पशु चिकित्साधिकारी के अन्तर्गत 130 गणनाकार को लगाया गया है जिनमें पशुधन प्रसार अधिकारी/ पैरावेट/पशु मैत्री सम्मिलित है जो सभी अपने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पशुगणना का कार्य करेगें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 21वीं पशुगणना का कार्य 25 अक्टूबर 2024 से प्रारम्भ होकर फरवरी 2025 के तक पूर्ण कर लिया जायेगा और पशुगणना का कार्य एन्ड्रॉइड मोबाइल एप के माध्यम से डिजिटल रूप से होगा जिसका ऐप 25 अक्टूबर 2024 को लांच किया जा रहा है, तत्पश्चात संकलित पशुगणना का डाटा परीक्षण के पश्चात भारत सरकार को प्रेषित किया जायेगा। पशुगणना कि लिये डा. सुबोध कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, कानपुर देहात को जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# मनमोहक झांकियों के साथ धूमधाम से निकली श्री राम की बारात -जय श्रीराम के उद्घोष

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** नगर के तिर्वा रोड से नव निर्मित श्री आदर्श रामलीला समिति के तत्वाधान में मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की बारात का शुभारम्भ पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय व समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता व पदाधिकारियों ने आरती वन्दना कर किया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की बारात में बारातियों के रूप में जन सैलाब उमड़ पड़ा। बाराती बने नागरिकों ने जय श्रीराम का उद्घोष किया तो पूरा नगर राममय हो गया।

मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की बारात में शामिल मनमोहक झांकियां लोगो के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। जिसमें 65 भव्य रथों के साथ पार्टी के कलाकारों द्वारा प्रदर्शित शिव ताण्डव, मुरली प्रदर्शन ने दर्शकों का मनमोहा तो प्रथम पूज्य गजानन के बाद क्रमशः राधा कुष्ण, सुदामा कृष्ण, मॉ जगदम्बा, शंकर परिवार, ब्रहमाजी आदि सहित अन्त में मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण व गुरू वशिष्ठ के साथ विराजमान थे। राधा-कृष्ण बने कलाकार ने बृज की बयार बहा दी। काली अखाड़े के कलाकारों ने भी प्रदर्शन किया। कोई गली और सड़क ऐसी नहीं थी जहां भीड़ न हो। सड़कें सतरंगी रोशनी में सराबोर थीं। भगवान की बारात नगर के तिर्वा रोड से जीटी रोड, क्रासिंग, रामगंज होती हुई तिराहा स्थित मॉ संतोषी माता मन्दिर तक पहुची। श्रीराम के दर्शनों के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। वही छतों पर बारात आगमन की प्रतिक्षा में बैठी महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की बारात का भव्य स्वागत कर अलौकिकता देखी। इस दौरान देवेन्द्र देव, विनय वर्मा, रामकुमार पाठक, गौरव दुबे, राजीव ठाकुर, शिवमराज वर्मा, रंजीत गुप्ता, संजय तिवारी, विकास गुप्ता, संदेश गुप्ता हीरो आदि ने भी फूलमालाओं से रामबारात का स्वागत कर शोभा यात्रा में भाग लिया।


रामबारात में गणेश पूजन व अगुवाई करतीं पूर्व राज्यमंत्री व समिति अध्यक्ष।

# विज्ञान प्रदर्शनी में चयनित हुईं सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियां, 250 छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

**फतेहपुर।** समग्र शिक्षा, माध्यमिक के अंतर्गत पीएमश्री राजकीय इण्टर कॉलेज के प्रांगण में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त प्रदर्शनी से पूर्व समग्र शिक्षा के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर समस्त माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान प्रदर्शनी का अयोजन कराया गया तथा सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को चयनित कर जिला विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग कराया गया। उक्त प्रदर्शनी में 100 से अधिक विद्यालयों के 250 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न विषयों एवं उपविषयों पर अपने मॉडल/प्रदर्श प्रस्तुत किये गये। प्रदर्शनी में सीनियर एवं जूनियर वर्ग में प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रदर्शनी में जिविनि एवं वित्त एवं लेखाधिकारी (माध्यमिक) के द्वारा प्रतिभागियों के मॉडल्स एवं प्रदर्शों का निरीक्षण किया गया तथा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। प्रदर्शनी में सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान मनीष कुमार कक्षा-12, पं0 दीन दयाल उपा0 राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज, बहुआ, द्वितीय स्थान शैलेन्द्र कुमार, कक्षा-11 ग्राम्य दर्शन इण्टर कॉलेज, कलयाणपुर कचरौली, तृतीय स्थान अर्श खान, कक्षा-12, राजकीय इण्टर कॉलेज, फतेहपुर द्वारा प्राप्त किया गया तथा जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान सौरभ सिंह, कक्षा-9. सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, फतेहपुर द्वितीय स्थान शोभित यादव, कक्षा-9, राजकीय हाईस्कूल, बिजौली तथा तृतीय स्थान आदित्य, कक्षा-9, राजकीय इण्टर कॉलेज, फतेहपुर द्वारा प्राप्त किया गया। वित्त एवं लेखाधिकारी ने कहा कि विज्ञान जीवन को सहज बनाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है किन्तु हमें विज्ञान का सकारात्मक प्रयोग सीखना होगा और उसे समाज के लिए कल्याणकारी बनाना होगा तभी विज्ञान का प्रयोग मानवीय जीवन में सार्थक सिद्ध होगा। जिविनि एवं अन्य अनुवीक्षण समिति के सदस्यों के द्वारा समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।



# सदस्य, उप्र राज्य महिला आयोग ने कानपुर देहात के सर्किट हाउस में की महिला जनसुनवाई

**कानपुर देहात।** पीड़ित महिलाओं के प्रति दिखाए संजीदगी यह बात आज उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता द्वारा सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों से कही गयी। महिला संबंधी अपराध पर अपराधियो पर सख्त कार्यवाही की जाए। जन सुनवाई के दौरान महिला जनसुनवाई में 09 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 01 शिकायत सदस्या महोदया द्वारा काउंसिलिंग कर तत्काल मौके पर ही निस्तारण किया गया।शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। राज्य महिला आयोग द्वारा भेजे गए पत्रो का समय सीमा में निस्तारण करने का निर्देश दिया साथ ही महिला संबंधी अपराध, दहेज हत्या, बलात्कार, छेड़खानी ए हत्या, दहेज उत्पीड़न आदि की समीक्षा कर जल्द आरोप पत्र दाखिल करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम के पश्चात् सदस्य महोदया द्वारा जिला कारागार/ महिला बन्दी गृह का निरीक्षण किया जहाँ महिला बंदियों द्वारा बनाये गए उत्पादों को देख उनकी सराहना की साथ ही महिला बन्दी गृह में निरीक्षण दौरान महिला बन्दियों को फल तथा महिला बन्दियों के बच्चों को उपहार वितरित किये साथ ही महिला बन्दी गृह में रसोई घर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण दौरान रसोई घर की साफसफाई ठीक पायी गयी। जिला महिला चिकित्सालय व वन स्टाप सेंटर कानपुर देहात का भी निरीक्षण किया गया। उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम मे तनु उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी (अकबरपुर), रेनू यादव जिला प्रोबेशन अधिकारी, सूचना अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष तथा निधि सचान, सेंटर मैनेजर, वन स्टॉप सेन्टर, संरक्षण अधिकारी व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# मत्स्याखेट पट्टों की शुरुआत होते ही मत्स्य समिति के संचालकों व विभाग मे विवाद शुरु

**हमीरपुर।** नदी की जलधारा में मत्स्याखेट पट्टा को लेकर समिति के संचालकों व विभाग में बिवाद शुरु हो गया है। समिति के संचालकों का आरोप है कि विभाग मत्स्य आखेट पट्टों में शासनादेश को दर किनार कर अपनी मनमर्जी से पट्टा करने का कार्यवाही शुरु कर दी है,मामले की जांच डीएम ने एसडीएम सदर को दी है। चालू वित्तीय वर्ष में मत्स्य आखेट के पट्टों की कार्यवाही शुरु होने के पहले सहकारी समिति के संचालक व बिभाग आमने सामने हो गया है,मेरापुर समिति के अध्यक्ष हरिहर निषाद ने डीएम को बताया कि मत्स्य विभाग ने जलधारा के खंडो का निर्माण अपनी मनमर्जी से किया है। एडीएफ ने जो गलतिया की थी वही त्रुटियां बर्तमान एडीएफकर रहे है। जिससे शासन के राजस्व का लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। मेरापुर सहकारी समिति का केवल चार लाख 74 हजार 860 रुपये का नुकसान हो रहा है। मनकी कला समिति का राजस्व आकलन 29,920 रुपये बढने के स्थान पर घटाया गया है। इसी गांव की दूसरी समिति का राजस्व करीब एक लाख रुपये बढाना चाहिये मगर कम कर दिया है। विलौटा समिति का सात लाख 66 हजार 356 रुपये कम कर दिया है जो घोर अनियमितता में आता है। भौली समिति का एक लाख बीस हजार 912 रुपये का राजस्व आकलन बढाने के स्थान पर घटा दिया है। चंदूपुर समिति के 69,858 रुपये बढाने के बदले कम कर दिया है। मेरापुर समिति का राजस्व चार लाख 74 हजार 860 रुपये ज्यादा बढा दिया गया है जबकि कम करना चाहिये। पत्यौरा समिति का दो लाख 10 हजार 670 रुपये बढाना चाहिये। सुरौलीबुजुर्ग का चार लाख 30 हजार 464 रुपये बढाना चाहिये जबकि कम कर दिया है। बरुवा नयी समिति का एक लाख 92 हजार 500 रुपये कम कर दिया है जबकि इतनी धनराशि और बढाना चाहिये।


मछली का आखेट करते लोग

### सभी मत्सय पट्टे किये जा रहे है नियमानुसारः एडी झांसी

**हमीरपुर।** प्रभारी अपर निदेशक (मत्स्य) एडीएफ रमाकांत दोहरे का कहना है कि सारे पट्टे नियमानुसार किये जा रहे है मगर शिकायत कर्ता को केवल भ्रम है फिर भी जांच की जा रही है। मत्स्य आखेट के पट्टे काफी जगह बिभाजित हो गये है इसलिये लोगो को भ्रम हो रहा है। उप निदेशक मत्स्य झांसी ज्ञानेंद्र कुमार का कहना है कि मामले की जानकारी हुई है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 23 अक्टूबर, 2024



# जल संरक्षण के प्रयासों के बिना समाज प्रगति नहीं कर सकता

भाषा। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भूजल की घटती गुणवत्ता और मात्रा पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए मंगलवार को जल संसाधन के संरक्षण में सामूहिक उत्तरदायित्व की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने भारत के जल संसाधनों की गंभीर स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि जल आपूर्ति की सुरक्षा के लिए तत्काल और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने आगाह किया कि संरक्षण के प्रयासों के बिना समाज प्रगति नहीं कर सकता।

राष्ट्रपति मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करते हुए अपने संबोधन में कहा, भूजल तेजी से कम हो रहा है और प्रदूषण स्थिति को बदतर बना रहा है। उन्होंने जीवन के सभी पहलुओं को बनाए रखने में पानी की आवश्यक भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने इस बात को दोहराया कि स्वच्छ पानी तक पहुंच सिर्फ एक आवश्यकता नहीं है बल्कि एक मौलिक मानवाधिकार है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और वंचित समुदायों की भलाई के लिए महत्वपूर्ण है। मुर्मू ने पानी की कमी के बारे में जागरूकता और वास्तविक कदम के बीच अंतर की ओर भी इशारा किया। उन्होंने जल संचयन और संरक्षण कार्यक्रमों सहित सरकार की विभिन्न पहल की सराहना की, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि सामुदायिक स्तर पर और अधिक काम करने की जरूरत है।

मुर्मू ने भारत में जल संरक्षण की समृद्ध परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्वज पानी की कमी का प्रबंधन करने के लिए गांवों और मंदिरों के पास जलाशय और तालाब बनवाते थे। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि इस सदियों पुराने ज्ञान को भुला दिया जा रहा है तथा इनमें से कई जल निकायों पर अब निजी स्वार्थवश अतिक्रमण किया जा रहा है। इससे सूखे की स्थिति में पानी की उपलब्धता प्रभावित होती है और अत्यधिक बारिश होने पर बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय जल पुरस्कार के विजेताओं की उनके प्रयासों के लिए सराहना की और आग्रह किया कि उनकी सर्वोत्तम प्रथाओं को व्यापक रूप से साझा किया जाए। जल शक्ति मंत्रालय के तहत जल संसाधन विभाग द्वारा आयोजित पुरस्कारों में नौ श्रेणियों में प्रयासों को मान्यता दी गई, जिसमें ओडिशा ने सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद उत्तर प्रदेश दूसरे तथा गुजरात और पुडुचेरी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। सरकार के जल समृद्ध भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2018 में राष्ट्रीय जल पुरस्कार शुरू किए गए थे।




नई दिल्ली में बांदा की जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल को राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। साथ में जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल।

## सीबीआई ने शिवकुमार के खिलाफ जांच के लिए कर्नाटक सरकार के सहमति वापस लेने पर न्यायालय का रुख किया

नई दिल्ली। सीबीआई ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच के लिए जांच एजेंसी को दी गई सहमति वापस लेने के कर्नाटक सरकार के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। तेईस नवंबर, 2023 को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच के लिए सीबीआई को सहमति देने के संबंध में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के 2019 के कदम को कानून के अनुसार नहीं माना और परिणामस्वरूप मंजूरी वापस लेने का फैसला किया। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 29 अगस्त को सीबीआई और भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल द्वारा दायर याचिका को गैर-विचारणीय करार दिया, जिसमें कांग्रेस सरकार के सहमति वापस लेने के फैसले को चुनौती दी गई थी।

# नड्डा ने कुमारस्वामी से योगीश्वर को चन्नापटना सीट से जद(एस) का टिकट देने को कहा

बेंगलुरु। केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने मंगलवार को कहा कि भाजपा प्रमुख जे. पी. नड्डा ने उन्हें कर्नाटक की चन्नापटना विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए जनता दल (एस) के टिकट पर भाजपा नेता सी. पी. योगीश्वर को मैदान में उतारने की सलाह दी है। कुमारस्वामी ने कहा, तीन दिन पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुझे फोन किया और कहा कि वह उनसे (योगीश्वर से) भाजपा से इस्तीफा देने और जनता दल(एस) में शामिल होने के लिए कहेंगे। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें (योगीश्वर को) जनता दल (एस) के उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतारा जाता है तो वह मंजूरी दे देंगे। (भाजपा के) राष्ट्रीय अध्यक्ष इसके अलावा और क्या कह सकते हैं?

केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, उन्होंने नड्डा से कहा कि गठबंधन महत्वपूर्ण है, सीट नहीं। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि राजग जीते। उन्होंने कहा कि वह झुकने के लिए तैयार हैं। कुमारस्वामी के अनुसार, नड्डा ने कहा कि चन्नापटना सीट से जनता दल(एस) का उम्मीदवार होना चाहिए। कुमारस्वामी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा, मैं ऐसे नेताओं के साथ अपने संबंध खराब नहीं करना चाहता, आप सभी को यह समझना चाहिए। क्या मुझे भाजपा के साथ अपने रिश्ते खराब कर लेने चाहिए, जिसने हमें (जद-एस) केवल दो (लोकसभा) सीटें जीतने के बाद भी सम्मान दिया है?

कुमारस्वामी ने कहा कि उनका सम्मान करने वालों के अलावा किसी और के सामने झुकने का सवाल ही नहीं उठता। लोगों से चन्नापटना के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार पर आम सहमति बनने के लिए अगले तीन दिन तक इंतजार करने को कहा।

राज्य में बल्लारी के संदूर और हावेरी जिले के शिग्गांव के साथ चन्नापटना में उपचुनाव 13 नवंबर को होने हैं। भाजपा ने संदूर क्षेत्र से बंगारू हनुमंथु और शिग्गांव विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के बेटे भरत बोम्मई को मैदान में उतारने की घोषणा की है। हालांकि, पार्टी ने चन्नापटना सीट पर उम्मीदवार का फैसला अपने सहयोगी जनता दल (एस) पर छोड़ दिया है क्योंकि यह सीट जनता दल (एस) का गढ़ मानी जाती है और कुमारस्वामी ने 2023 के विधानसभा चुनाव में यहां से योगीश्वर को हराकर जीत हासिल की थी। पूर्व मुख्यमंत्री अपने बेटे निखिल कुमारस्वामी को मैदान में उतारना चाहते है, लेकिन चन्नापटना के मजबूत नेता योगीश्वर के कदम ने कुमारस्वामी परिवार को परेशान कर दिया है। योगीश्वर ने विधान परिषद से इस्तीफा दे दिया है।

# वायनाड के लिए प्रियंका से बेहतर प्रतिनिधि की कल्पना नहीं कर सकता: राहुल

भाषा। नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा के वायनाड संसदीय क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने से एक दिन पहले मंगलवार को कहा कि वह इस क्षेत्र के लिए अपनी बहन से बेहतर प्रतिनिधि की कल्पना नहीं कर सकते। प्रियंका गांधी वाद्रा बुधवार (23 अक्टूबर) को वायनाड संसदीय क्षेत्र से नामांकन दाखिल करेंगी और इस मौके पर पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और कई अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, वायनाड के लोग मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखते हैं और मैं उनके लिए अपनी बहन प्रियंका गांधी से बेहतर प्रतिनिधि की कल्पना नहीं कर सकता। मुझे विश्वास है कि वह वायनाड की जरूरतों की एक धुर समर्थक और संसद में एक शक्तिशाली आवाज साबित होंगी। उन्होंने कहा, कल, 23 अक्टूबर को हमारे साथ जुड़ें, जब वह वायनाड लोकसभा क्षेत्र के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगी। आइए मिलकर यह सुनिश्चित करें कि प्रेम से वायनाड का प्रतिनिधित्व होता रहे।

वायनाड से निर्वाचित होने पर प्रियंका पहली बार किसी सदन की सदस्य बनेंगी। वह 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले सक्रिय राजनीति में उतरी थीं। उसके बाद से वह पार्टी महासचिव की जिम्मेदारी निभा रही हैं। लोकसभा चुनाव के कुछ दिनों बाद, जून में कांग्रेस ने घोषणा की थी कि राहुल गांधी उत्तर प्रदेश में रायबरेली संसदीय क्षेत्र रखेंगे और केरल की वायनाड सीट खाली कर देंगे, जहां से उनकी बहन प्रियंका गांधी चुनावी पारी की शुरुआत करेंगी। निर्वाचित होने पर प्रियंका गांधी पहली बार सांसद बनेंगी तथा यह भी पहली बार होगा कि गांधी परिवार के तीन सदस्य - सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका एक साथ संसद में होंगे। वायनाड संसदीय सीट और 47 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव 13 नवंबर को झारखंड विधानसभा के पहले चरण के मतदान के साथ होगा। मतगणना 23 नवंबर को होगी।

# मुस्लिम पुरुष अपना एक से अधिक विवाह पंजीकृत करा सकते हैं: उच्च न्यायालय

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने कहा है कि मुस्लिम पुरुष एक से अधिक विवाह पंजीकृत करा सकते हैं, क्योंकि उनके पर्सनल लॉ में बहुविवाह की अनुमति हैं। अदालत ने एक मुस्लिम व्यक्ति और उसकी तीसरी पत्नी की उस याचिका पर यह टिप्पणी की जिसमें उनके विवाह को पंजीकृत करने का प्राधिकारियों को निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति बी पी कोलाबावाला और न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरेशन की खंडपीठ ने 15 अक्टूबर को ठाणे नगर निगम के उप विवाह पंजीकरण कार्यालय को पिछले साल फरवरी में एक मुस्लिम व्यक्ति द्वारा दायर उस आवेदन पर निर्णय लेने का निर्देश दिया, जिसमें उसने अल्जीरिया की एक महिला के साथ अपनी तीसरी शादी को पंजीकृत किए जाने का अनुरोध किया है।

दंपति ने अपनी याचिका में प्राधिकारियों को विवाह प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया था तथा दावा किया था कि उनका आवेदन इसलिए खारिज कर दिया गया क्योंकि यह पुरुष याचिकाकर्ता की तीसरी शादी है। प्राधिकारियों ने इस आधार पर विवाह का पंजीकरण करने से इनकार कर दिया कि महाराष्ट्र विवाह ब्यूरो विनियमन एवं विवाह पंजीकरण अधिनियम के तहत विवाह की परिभाषा में केवल एक ही विवाह को शामिल किया गया है, एक से अधिक विवाह को नहीं। हालांकि, पीठ ने प्राधिकरण के इस इनकार को पूरी तरह से गलत धारणा पर आधारित करार दिया और कहा कि अधिनियम में उसे ऐसा कुछ भी नहीं मिला जो किसी मुस्लिम व्यक्ति को तीसरी शादी पंजीकृत कराने से रोकता हो।

अदालत ने कहा, मुसलमानों के पर्सनल लॉ के तहत उन्हें एक समय में चार विवाह करने का अधिकार है। हम प्राधिकारियों की इस दलील को स्वीकार नहीं कर पा रहे कि महाराष्ट्र विवाह ब्यूरो विनियमन और विवाह पंजीकरण अधिनियम के प्रावधानों के तहत केवल एक विवाह पंजीकृत किया जा सकता है, यहां तक कि मुस्लिम पुरुष के मामले में भी। पीठ ने कहा कि यदि वह प्राधिकारियों की दलील को स्वीकार कर भी ले तो इसका अर्थ यह होगा कि महाराष्ट्र विवाह ब्यूरो विनियमन एवं विवाह पंजीकरण अधिनियम, मुसलमानों के पर्सनल लॉ को नकारता है औराया उन्हें विस्थापित कर देता है।

अदालत ने कहा, इस अधिनियम में ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे यह संकेत मिले कि मुसलमानों के पर्सनल लॉ को इससे बाहर रखा गया है। उसने कहा कि अजीब बात यह है कि इन्हीं प्राधिकारियों ने पुरुष याचिकाकर्ता के दूसरे विवाह को पंजीकृत किया था। प्राधिकरण ने यह भी दावा किया था कि याचिकाकर्ता दंपति ने कुछ दस्तावेज जमा नहीं किए थे। इसके बाद अदालत ने याचिकाकर्ताओं को दो सप्ताह के भीतर सभी प्रासंगिक दस्तावेज जमा कराने का निर्देश दिया। अदालत ने आदेश दिया कि एक बार ए दस्तावेज जमा हो जाने के बाद ठाणे नगर निकाय के संबंधित प्राधिकारी याचिकाकर्ताओं की व्यक्तिगत सुनवाई करेंगे और 10 दिन के भीतर विवाह पंजीकरण को मंजूरी देने या इससे इनकार करने का तर्कपूर्ण आदेश पारित करेंगे। पीठ ने निर्देश दिया कि तब तक महिला याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाना चाहिए। महिला के पासपोर्ट की अवधि इस साल मई में समाप्त हो गई थी।

# संजौली मस्जिद ध्वस्तीकरण के काम की गति धीमी : देवभूमि संघर्ष समिति

शिमला। नगर निगम आयुक्त की अदालत के आदेश पर संजौली मस्जिद समिति द्वारा मस्जिद की तीन मंजिलों के ध्वस्तीकारण का काम शुरू करने के एक दिन बाद मंगलवार को देवभूमि संघर्ष समिति ने दावा किया कि काम की गति धीमी है जो चिंता का विषय है। अवैध संरचना के खिलाफ प्रदर्शन कर रही देवभूमि संघर्ष समिति (डीएसएस) के सह-संयोजक मदन ठाकुर ने कहा कि सोमवार को एक दिन के काम में केवल चार चादरें हटाई गईं। उन्होंने कहा, जिस गति से ध्वस्तीकारण का काम जारी है वह चिंता का विषय है। अगर अवैध संरचना को गिराने के लिए मस्जिद समिति के पास धन नहीं है तो वह सनातनियों को बुला सकती है और हम एक रुपया भी नहीं लेंगे। हम अपने घरों से अपना खाना भी लाएंगे और मलबा भी वहां नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने मस्जिद समिति द्वारा किए जा रहे ध्वस्तीकारण कार्य को नौटंकी करार दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में भरोसा नहीं किया जा सकता और सनातनी लोगों को उनका सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से बहिष्कार करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता राज्य की कांग्रेस सरकार की भूमिका भी देख रही है। वक्फ बोर्ड की हरी झंडी के बाद सोमवार को ध्वस्तीकारण शुरू हुआ। नगर निगम आयुक्त की अदालत के पांच अक्टूबर के आदेश के बाद ध्वस्तीकारण का काम शुरू हुआ जिसमें वक्फ बोर्ड और संजौली मस्जिद समिति के अध्यक्ष को दो माह के भीतर अपने खर्च पर पांच मंजिला ढांचे की तीन मंजिलों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया गया था। कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच छत को हटाने के साथ ध्वस्तीकारण शुरू हुआ। मस्जिद प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुहम्मद लतीफ ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा से कहा, हमने छत हटाने का ठेका दिया है जो अक्टूबर में किया जाएगा और न्यायालय द्वारा दिए गए समय में ढांचे को ध्वस्त कर दिया जाएगा या हम अधिक समय मांगेंगे क्योंकि धन की कमी एक मुद्दा है। लतीफ ने कहा, धन मुख्य मुद्दा है क्योंकि न तो जनता और न ही सरकार संरचना को ध्वस्त करने के लिए राशि देगी और मस्जिद समिति को अपने सीमित संसाधनों से खर्च वहन करना होगा। लतीफ उस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे जिसने 12 सितंबर को नगर निगम आयुक्त की अदालत के समक्ष एक ज्ञापन प्रस्तुत किया था। ज्ञापन में मस्जिद की अवैध मंजिलों को ध्वस्त करने की पेशकश की गई थी। उससे एक दिन पहले, मस्जिद के एक हिस्से को ध्वस्त करने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन के दौरान 10 लोग घायल हो गए थे। विरोध प्रदर्शन का आह्वान देवभूमि संघर्ष समिति ने किया। डीएसएस संयोजक भारत भूषण ने कहा कि अगर मस्जिद समिति के पास धन की कमी है तो वे अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं। उन्होंने कहा, अगर वे चाहें तो हम मुस्लिम समुदाय का भी सहयोग करने को तैयार हैं। भूषण ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले का भी स्वागत किया, जिसमें नगर निगम आयुक्त की अदालत को शिमला में संजौली मस्जिद के कथित अवैध निर्माण के 15 साल पुराने मामले में आठ सप्ताह के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया गया है।

यह मामला 2010 का है और पांच अक्टूबर को अपनी 46वीं सुनवाई में नगर निगम आयुक्त की अदालत ने वक्फ बोर्ड तथा संजौली मस्जिद समिति के अध्यक्ष को निर्देश दिया कि वे दो माह के भीतर पांच मंजिला विवादित ढांचे की तीन मंजिलों को अपने खर्च पर गिराएं, लेकिन मामले में अंतिम फैसला अभी लिया जाना है। हालांकि, ऑल हिमाचल मुस्लिम संगठन (एएचएमओ) ने कहा था कि वे इस आदेश को अपीली प्राधिकरण की अदालत में चुनौती देंगे और मामले को उच्चतम न्यायालय में ले जाएंगे इससे पहले, एएचएमओ के राज्य प्रवक्ता नजाकत अली हाशमी ने एक बयान में कहा कि जिन लोगों ने आवेदन दिया है, उनके पास ऐसा कोई भी आवेदन देने का अधिकार नहीं है और नगर निगम आयुक्त की अदालत का आदेश तथ्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि भूमि वक्फ बोर्ड की है, मस्जिद 125 साल पुरानी है और मंजिलें अवैध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि नक्शों की मंजूरी का मामला अधिकारियों के पास लंबित है लेकिन नगर निगम अदालत ने मंजिलों को गिराने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि यह जमीन वक्फ बोर्ड की है, मस्जिद 125 साल पुरानी है और इसकी मंजिलें अवैध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि नक्शों की मंजूरी अधिकारियों के पास लंबित है, इसके बावजूद नगर निगम आयुक्त की अदालत ने मंजिलों को गिराने का आदेश दिया।

# नीलेश राणे शिवसेना में शामिल होंगे, कुदाल विस सीट से लड़ेंगे चुनाव

भाषा। मुंबई

भाजपा के सांसद नारायण राणे के बेटे नीलेश राणे ने मंगलवार को कहा कि वह एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना में शामिल होंगे और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कुदाल सीट से चुनाव लड़ेंगे। सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में हुए सीट बंटवारे समझौते के तहत कुदाल सीट शिवसेना के खाते में जाएगी और यही वजह है कि नीलेश भाजपा से शिवसेना में शामिल होंगे। शिवसेना (यूबीटी) के नेता वैभव नायक कुदाल से मौजूदा विधायक हैं और राणे के पुराने प्रतिद्वंद्वी है। कुदाल सीट रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती है, जिसका प्रतिनिधित्व नारायण राणे कर रहे हैं। कुदाल से सटी कंकावली विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व फिलहाल नीलेश राणे के छोटे भाई और भाजपा नेता नीतेश राणे कर रहे हैं। नीलेश राणे पहले कांग्रेस में थे और 2009 से 2014 तक वह रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग सीट से लोकसभा सदस्य थे। वह 2014 में भाजपा में शामिल हुए, लेकिन 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

# झारखंड में बनेगी राजग सरकार, हार की ओर बढ़ रहा विपक्षी गठबंधन: चिराग

पटना। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मंगलवार को भरोसा जताया कि झारखंड में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन इंडिया हरियाणा के बाद अगली बड़ी हार की ओर बढ़ रहा है। लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा)-रामविलास के प्रमुख चिराग ने यह भी कहा कि वह झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा उनकी पार्टी को एक सीट की पेशकश किए जाने से संतुष्ट हैं। उन्होंने इस बात को खारिज कर दिया कि इस सीट समझौते से उन्हें अपमानित महसूस होना पड़ा है।

पासवान ने संवाददाताओं से कहा, बहुत से लोग हैं, जो मेरे और प्रधानमंत्री के बीच दरार डालना चाहते हैं। वे कभी सफल नहीं होंगे। मैं यह बताना देना चाहता हूं कि हमारी पार्टी न केवल खुश है बल्कि पूरी तरह से संतुष्ट है कि भाजपा ने झारखंड में भी हमें उचित सम्मान दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि 24 अक्टूबर को उनकी पार्टी के उम्मीदवार जनार्दन पासवान नामांकन पत्र दाखिल करेंगे और इस दौरान वह खुद झारखंड का दौरा करेंगे। पासवान ने कहा, अपने उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के अलावा पार्टी अपने सहयोगियों को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करने के लिए रणनीति तैयार करेगी।

झारखंड की 81 सदस्ईय विधानसभा के लिए होने वाले चुनाव में भाजपा 68 सीट पर और उसके सहयोगी दल ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन 10, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल यूनइटेड दो और लोजपा एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। पासवान ने कहा, हमें विश्वास है कि राजग झारखंड में मजबूत सरकार बनाएगी और कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन हरियाणा के बाद अपनी अगली बड़ी हार की ओर बढ़ रहा है।

# कोर्ट के निर्देश पर, फैजान ने भारत माता की जय के नारे के साथ तिरंगे को 21 बार सलामी दी

भोपाल। पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाने का आरोपी व्यक्ति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश पर मंगलवार को यहां एक पुलिस थाने पहुंचा और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए राष्ट्रीय ध्वज को 21 बार सलामी दी। फैजान नाम के व्यक्ति को उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह निर्देश दिया था कि वह यहां स्थित मिसरोद पुलिस थाने में महीने के पहले और चौथे मंगलवार को तिरंगे को सलामी दे और भारत माता की जय का नारा लगाए। मिसरोद पुलिस थाने के प्रभारी मनीष राज भदौरिया ने पीटीआई-भाषा को बताया, उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए, फैजान आज महीने के चौथे मंगलवार को पुलिस थाने आया और राष्ट्रीय ध्वज को 21 बार सलामी दी। यह मीडिया की मौजूदगी में हुआ और इसकी वीडियोग्राफी भी की गई।

उन्होंने कहा कि अनुपालन रिपोर्ट उच्च न्यायालय को भेजी जाएगी और यह गतिविधि मुकदमे की सुनवाई पूरी होने तक जारी रहेगी। फैजान ने पीटीआई-भाषा से कहा कि रील बनाना और इस तरह के (पाकिस्तान समर्थक) नारे लगाना एक बड़ी गलती थी और उसे इसका पछतावा है। उसने कहा, किसी को भी देश के खिलाफ नहीं जाना चाहिए। उसने कहा कि वह अपने दोस्तों से इस तरह की रील न बनाने का अनुरोध करता है।

फैजान उर्फ फैजल को इस साल मई में मिसरोद पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 बी के तहत एक मामला दर्ज होने के बाद गिरफ्तार किया गया था। वह एक वीडियो में पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाते हुए देखा गया था। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डी के पालीवाल ने 15 अक्टूबर को जारी आदेश में कहा था कि याचिकाकर्ता को कुछ शर्तों के साथ जमानत पर रिहा किया जा सकता है, जो उसके अंदर उस देश के प्रति जिम्मेदारी और गर्व की भावना पैदा कर सकती है, जहां उसका जन्म हुआ और वह रह रहा है। उच्च न्यायालय ने कहा था, वह खुलेआम उस देश के खिलाफ नारे लगा रहा है, जिसमें वह पैदा हुआ और पला-बढ़ा है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी ने पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए थे, जो विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने के समान था और उसका कृत्य सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक था।

# पेज 1 का शेष

## हम विश्वास..

जैसा कि मई 2020 से पहले होता था। उस साल जून में गलवान में हुई झड़प के बाद, दोनों पक्षों ने एलएसी पर बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया था जिससे तनाव बढ़ गया था। एक बार गश्त शुरू होने के बाद, दोनों पक्ष अंततः अपने सैनिकों को एलएसी से हटाकर अपने-अपने क्षेत्रों में शांति के स्थानों पर वापस ले जाएंगे। इस कदम के बाद, क्षेत्र में तनाव कम हो सकता है। रक्षा थिंक-टैंक यूएसआई द्वारा आयोजित एक व्याख्यान देने के बाद एक बातचीत सत्र में बोलते हुए, सेना प्रमुख ने कहा, 'जहां तक ??हमारा सवाल है, हम अप्रैल 2020 की यथास्थिति पर वापस जाना चाहते हैं। इसके बाद, हम वास्तविक नियंत्रण रेखा के विघटन, तनाव कम करने और सामान्य प्रबंधन पर विचार करेंगे। और एलएसी का यह सामान्य प्रबंधन सिर्फ वहां से शुरू नहीं होगा। इसमें भी चरण हैं। उन्होंने कहा, तो, मैं यही कह रहा हूँ। अप्रैल 2020 से हमारा यही रुख रहा है... और आज भी यही है। इसलिए, अभी तक, हम विश्वास बहाल करने की कोशिश कर रहे हैं। विश्वास कैसे बहाल होगा। यह तब बहाल होगा जब हम एक-दूसरे को देख पाएँगे, और हम एक-दूसरे को समझा पाएँगे। उन्होंने कहा कि बफर ज़ोन के संबंध में जो बनाया गया है। सेना प्रमुख ने कहा, 'और, दोनों को एक-दूसरे को आश्वस्त करना होगा।' गश्त करने से आपको इस तरह का लाभ मिलता है, और यही शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा, और, जैसे ही हम विश्वास बहाल करेंगे, अन्य चरण भी पूरे होंगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को घोषणा की कि भारत ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त करने के लिए चीन के साथ समझौता कर लिया है। इसे इस सप्ताह रूस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच संभावित बैठक से पहले चार साल से अधिक समय से चल रहे सैन्य गतिरोध को समाप्त करने में एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। विदेश सचिव ने कहा, 'पिछले कई हफ्तों से भारतीय और चीनी राजनयिक और सैन्य वार्ताकार विभिन्न मंचों पर एक-दूसरे के साथ निकट संपर्क में हैं।' मिसरी ने कहा, इन चर्चाओं के परिणामस्वरूप, भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त व्यवस्था पर सहमति बनी है, जिससे 2020 में इन क्षेत्रों में उत्पन्न मुद्दों का समाधान हुआ है। बाद में, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी कहा कि भारतीय और चीनी सैनिक सीमा पर गतिरोध शुरू होने से पहले की तरह गश्त फिर से शुरू कर सकेंगे। सेना प्रमुख द्विवेदी ने यह भी कहा कि भारत 2020 की स्थिति में लौटने के बाद सैनिकों की वापसी और तनाव कम करने पर विचार करेगा। उन्होंने कहा कि यह देखना महत्वपूर्ण है कि बनाए गए बफर जोन पर अतिक्रमण न हो। दोनों देशों के सैनिक पहले चार स्थानों से पीछे हटे थे, जिसमें गलवान घाटी भी शामिल है, जहां जून 2020 में एक घातक झड़प में 20 भारतीय सैनिक और कई चीनी सैनिक मारे गए थे। नया समझौता देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों में गश्त की सुविधा प्रदान करेगा। जिन चार स्थानों से सैनिकों की वापसी हुई उनमें गलवान घाटी, पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और गोगरा शामिल हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने बीजिंग से रिपोर्ट की, चीन ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह पूर्वी लद्दाख में दोनों सेनाओं के बीच गतिरोध को समाप्त करने के लिए भारत के साथ एक समझौते पर पहुंच गया है।

## फर्जी...

ने तीन वाहकों - एयर इंडिया, विस्तारा और इंडिगो से संबंधित 30 उड़ानों को भेजे गए बम की धमकी के संदेशों को 'झूठा या अस्पष्ट' घोषित किया। इस खतरे को 'अस्पष्ट' माना गया क्योंकि यह पाया गया कि एक एक्स हैंडल ने इन तीनों वाहकों की 10 उड़ानों के लिए रात 10.46 बजे से 11.42 बजे के बीच इन 'बम ऑनबोर्ड' संदेशों को पोस्ट किया था। सूत्रों ने बताया कि बीटीएसी द्वारा अपनाए गए प्रोटोकॉल में बदलाव किया गया है और नए 'लाल झंडों' के आधार पर अब एक अच्छा मूल्यांकन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और संबंधित एयरलाइन सुरक्षा को यात्रियों, उनके सामान और विमान की तलाशी के लिए 'केंद्रित' सुरक्षा प्रोटोकॉल सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है, ताकि उड़ान की तैयारी के दौरान कुछ भी संयोग पर न छोड़ा जाए। जब यह स्थापित हो जाता है कि सोशल मीडिया के माध्यम से किए गए बम या अपहरण की धमकी संदेश 'बिना किसी तर्क के' प्रकाशित किए गए थे, तो बीटीएसी इसे 'अविशिष्ट या धोखा' श्रेणी में डाल देगा, ताकि यात्रियों और एयरलाइन चालक दल को परेशान न किया जाए और उनका कीमती समय बर्बाद न हो, उन्होंने परिचालन कारणों से विशिष्ट विवरण के बारे में विस्तार से बताए बिना कहा। सूत्रों ने कहा कि अभी भी कुछ मामले होंगे जहां एक संदेश या कॉल को 'विशिष्ट' घोषित किया जाएगा, लेकिन ऐसा सामूहिक रूप से नहीं किया जाएगा। विमानन सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ये नए उपाय इन फर्जी सोशल मीडिया या फोन कॉल संदेशों से उत्पन्न 'कुछ' परेशानी को कम करने में मदद करेंगे। साइबर सुरक्षा एजेंसियों ने कहा है कि इनमें से कुछ खतरे वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन से ट्रिगर होते हैं और ऐसे कई हैंडल, खास तौर पर एक्स पर, विभिन्न एयरलाइनों को धमकियाँ पोस्ट करने से कुछ घंटे या दिन पहले ही बनाए गए थे। हाल ही में सऊदी अरब में जेद्दा, रियाद और मदीना जैसे प्रमुख गंतव्यों के लिए उड़ानों को निशाना बनाया गया, इस्तांबुल और दोहा क्रमशः तुर्की और कतर की राजधानी हैं। इससे शेड्यूल में बाधा उत्पन्न हुई, एयरलाइनों को नुकसान हुआ और पीक फेस्टिव सीजन के दौरान यात्रियों में दहशत फैल गई। यह पहली बार है कि फर्जी कॉल करने वालों ने मध्य पूर्व के देशों में जाने वाली उड़ानों को निशाना बनाया है। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि एयरलाइनों को बम की धमकी देने वाले फर्जी कॉल करना एक संज्ञेय अपराध बनाया जाएगा।

## वक्फ बिल..

विपक्षी सदस्यों ने पूछा कि विधेयक में उनका क्या हित है। भाजपा के एक सदस्य ने कहा कि बनर्जी बोलने वाले पहले व्यक्ति थे और उन्हें अध्यक्ष द्वारा कुछ हस्तक्षेप करने की भी अनुमति दी गई थी। जब उन्होंने बोलने के लिए दूसरी बारी मांगी, तो पाल ने मना कर दिया और उनके और गंगोपाध्याय के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिन्होंने बार-बार व्यवधान पर आपत्ति जताई। वक्फ (संशोधन) विधेयक को मानसून सत्र में लोकसभा में पेश किए जाने के तुरंत बाद सदनों की संयुक्त समिति को भेज दिया गया था। वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन करने वाले विधेयक ने वर्तमान अधिनियम में दूरगामी बदलावों का प्रस्ताव दिया है, जिसमें ऐसे निकायों में मुस्लिम महिलाओं और गैर-मुस्लिमों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना शामिल है। इसका उद्देश्य वक्फ अधिनियम, 1995 का नाम बदलकर एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 करना भी है। अपने उद्देश्यों और कारणों के अनुसार, विधेयक बोर्ड की शक्तियों से संबंधित मौजूदा कानून की धारा 40 को हटाने का प्रयास करता है, जो यह तय करने के लिए है कि कोई संपत्ति वक्फ संपत्ति है या नहीं। यह केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों की व्यापक संरचना का प्रावधान करता है और ऐसे निकायों में मुस्लिम महिलाओं और गैर-मुसलमानों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करता है। विधेयक में बोहरा और अगाखानियों के लिए एक अलग औकाफ बोर्ड की स्थापना का भी प्रस्ताव है। मसौदा कानून मुस्लिम समुदायों में शिया, सुन्नी, बोहरा, अगाखानियों और अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व का प्रावधान करता है।

## पराली..

सभी को जमानत पर छोड़ दिया गया है। अब तक 127 मामले आ चुके हैं। करनाल में 9 लोग गिरफ्तार किए गए और उन्हें जमानत भी मिल गई। 4 लोगों की तलाश अभी भी जारी है।

## भारी...

और इसका शिकार होने से बच सकें। गुरुग्राम में यातायात पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करके साइबर सिटी में यातायात जाम की समस्या से निजात दिलाने और यातायात को सुगम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। गुरुग्राम में यातायात पुलिस द्वारा नियमों के अनुसार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में यातायात की समस्या को रोकने के लिए हम समय-समय पर विशेष अभियान चलाते रहे हैं। हमने यातायात कर्मियों को सड़कों पर मौजूद रहने और यातायात उल्लंघन पर अंकुश लगाने के स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं।

# भारत वृद्धि के नए अवसरों का लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में: सीतारमण



**न्यूयॉर्क।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक आर्थिक माहौल चुनौतियां पेश कर सकता है, लेकिन भारत वृद्धि के नए अवसरों का लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब देश अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं, तो भारत को उम्मीद है कि वह वस्तुओं व सेवाओं के स्रोतों में विविधता लाने के इच्छुक कई देशों के लिए प्रमुख साझेदार बनेगा। सीतारमण ने सोमवार को कोलंबिया विवि में चुनौतीपूर्ण तथा अनिश्चित वैश्विक माहौल के बीच भारत की आर्थिक मजबूती व संभावनाएं विषय पर विशेष व्याख्यान में यह बात कही। भारत घरेलू क्षमताओं को बढ़ाने तथा बाहरी झटकों के प्रति मजबूती विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है। सीतारमण ने कहा, हालांकि पिछले दशकों में व्यापक बहुपक्षीय व्यापार के कारण वैश्विक वृद्धि हुई है लेकिन मेरा मानना है कि आने वाले वर्ष रणनीतिक आर्थिक साझेदारियों द्वारा परिभाषित होंगे और भारत इस परिवर्तन का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है। वैश्विक आर्थिक वातावरण चुनौतियां पेश कर सकता है, लेकिन भारत वृद्धि के नए अवसरों का लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में है।

वित्त मंत्री ने कहा, अधिक विखंडित वैश्विक अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना, जिसमें पुनर्परिभाषित गठबंधन तथा बदलते व्यापार तरीके शामिल हैं...वास्तव में भारत के लिए लाभकारी हो सकता है। जैसे-जैसे राष्ट्र अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं का पुनर्मूल्यांकन करते हैं, भारत को उम्मीद है कि वह वस्तुओं व सेवाओं के अपने स्रोतों में विविधता लाने की चाह रखने वाले कई देशों के लिए एक प्रमुख भागीदार बन जाएगा। भारत की आर्थिक नीतियों पर इस व्याख्यान का आयोजन कोलंबिया के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में दीपक एवं नीरा राज सेंटर द्वारा किया गया था।

सीतारमण मैक्सिको की यात्रा संपन्न करने के बाद रविवार को न्यूयॉर्क पहुंचीं। मैक्सिको में उन्होंने ग्वाडलजारा में टेक लीडर्स राउंडटेबल की अध्यक्षता की थी। मंत्री ने ग्वाडलजारा में टीसीएस मुख्यालय का दौरा भी किया था।

न्यूयॉर्क में उन्होंने न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में भारत में निवेश के अवसर पर एक गोलमेज सम्मेलन को संबोधित किया। साथ ही आईबीएम के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरविंद कृष्ण के साथ उन्होंने भारत के दशकीय आर्थिक सुधारों तथा आर्थिक वृद्धि पर एक चर्चा में हिस्सा लिया। न्यूयॉर्क से सीतारमण वाशिंगटन डीसी जाएंगी। वहां वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) तथा विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों, जी-20 वित्त मंत्रियों व केंद्रीय बैंक गवर्नर (एफएमसीबीजी) की बैठकों, जी-20 एफएमसीबीजी, पर्यावरण मंत्रियों एवं विदेश मंत्रियों की संयुक्त बैठक और जी-7 - अफ्रीका मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेंगी।

## वित्त मंत्री ने सिटीबैंक की सीईओ से मुलाकात की, भारत में बैंकिंग प्रणाली के भविष्य पर चर्चा की

**न्यूयॉर्क।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को यहां सिटीबैंक की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेन फ्रैसर से मुलाकात की और दशकीय सुधारों तथा भारत के भविष्य के मद्देनजर बैंकिंग क्षेत्र पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने आधिकारिक खाते पर जानकारी दी, दोनों ने कृषि तथा शहरी विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल के साथ-साथ भारत के तेजी से बढ़ते औषधि क्षेत्र ... पर चर्चा की। फ्रैसर ने भारत के डिजिटल भुगतान परिवर्तन के लिए वित्त मंत्री की सराहना की। उन्होंने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए परिवेश तैयार करने के वास्ते बुनियादी ढांचे के निर्माण हेतु भारत द्वारा किए गए महत्वपूर्ण सुधारों की सराहना की और कहा कि एमएसएमई को आपूर्ति श्रृंखलाओं का हिस्सा बनाना महत्वपूर्ण है। बैठक में फ्रैसर ने कहा कि व्यापार को सुगम बनाने की दिशा में भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से व्यापार प्रक्रियाएं सुचारू होंगी। वित्त मंत्री ने वैश्विक निवेश एवं वित्तीय सेवा प्रदान करने वाले कंपनी ब्लैकरॉक के सीईओ लॉरेंस डगलस फिंक से भी मुलाकात की। दोनों ने एनआईआईएफ तथा आईएफएससी गिफ्टसिटी के जरिए वैश्विक निवेशकों के अवसरों के साथ-साथ ग्रीनटेक तथा बैटरी स्टोरेज के वित्तपोषण के अवसरों पर चर्चा की। फिंक ने बताया कि ब्लैकरॉक भारत में निजी भागीदारों के साथ काम कर रहा है, खासकर बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान दे रहा है।

## चीन ने ताइवान के खिलाफ सैन्य अभ्यास किया

**ताइपे।** चीन ने ताइवान से सटे दक्षिणी फुजियान प्रांत के तट पर सैन्य अभ्यास किया जिसमें गोलियों और गोलाबारूद का इस्तेमाल किया गया। चीन ने इसे ताइवान के राष्ट्रपति द्वारा उसके (चीन के) संप्रभुता के दावे को खारिज करने के कारण दंड स्वरूप किया गया अभ्यास बताया है। चीन ने एक सप्ताह पहले ही ताइवान के खिलाफ व्यापक स्तर पर हवाई एवं समुद्री अभ्यास किया था। समुद्री सुरक्षा प्रशासन से जारी एक नोटिस के अनुसार, यह अभ्यास फुजियान प्रांत के पिंगटन द्वीप के निकट सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक किया गया। नोटिस में जहाजों को क्षेत्र में आने से बचने की चेतावनी दी गई थी। हालांकि इसमें अतिरिक्त विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। बयान के अनुसार, ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन का यह सैन्य अभ्यास वार्षिक अभ्यास का हिस्सा था और वह उन पर नजर रखे हुए है। मंत्रालय ने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि चीन की यह कार्वाई ताइवान जलडमरूमध्य में तनाव को बढ़ाने वाली है और क्षेत्र में मुक्त आवागमन के संदर्भ में उसकी धमकी भरी कार्वाई के विस्तार के तरीकों में से एक है। ताइवान एक स्वशासित द्वीप है और चीन उसे अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। हाल के वर्षों में इस मुद्दे पर तनाव बढ़ गया है। चीन ने ताइवान के आस-पास के समुद्री और हवाई क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ा दी है। अब वह ताइवान के निकट सैन्य अभ्यास के लिए बड़ी संख्या में युद्धक विमान और नौसेना के जहाज भेज रहा है और उसके तट रक्षक गश्त लगाते रहते हैं। पिछले सप्ताह चीन ने एक दिवसीय सैन्य अभ्यास किया था, जिसका उद्देश्य प्रमुख बंदरगाहों और प्रमुख क्षेत्रों की घेराबंदी करना था।

# रूस में उत्तर कोरियाई सैनिकों की मौजूदगी की खबर पर दक्षिण कोरिया की यूक्रेन हथियार भेजने की चेतावनी

**भाषा। सियोल**

**रूस-यूक्रेन** युद्ध में रूस की मदद के लिए उत्तर कोरिया द्वारा सैनिक भेजने की खबर पर दक्षिण कोरिया ने मंगलवार को तीखी प्रतिक्रिया देते हुए चेतावनी दी कि वह भी यूक्रेन में हथियारों की आपूर्ति पर विचार कर सकता है। हालांकि,उत्तर कोरिया और रूस ने इन खबरों को खंडन किया है। दक्षिण कोरिया द्वारा दिया गया बयान रूस पर दबाव बनाने के लिए प्रतीत होता है ताकि वह इस युद्ध में उत्तर कोरियाई सैनिकों को शामिल नहीं करे। दक्षिण कोरियाई अधिकारियों को चिंता है कि रूस जटिल हथियार प्रौद्योगिकी से उत्तर कोरिया को पुरस्कृत कर सकता है जिससे दक्षिण कोरिया लक्षित उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को मजबूती मिल सकती है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बैठक में, दक्षिण कोरिया के शीर्ष अधिकारियों ने उत्तर कोरिया द्वारा सैनिकों की कथित तैनाती की निंदा करते हुए इसे दक्षिण कोरिया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए गंभीर सुरक्षा खतरा बताया।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि उत्तर कोरिया अपराधी समूह समूह है जो अन्यापूर्ण युद्ध में अपने युवाओं को किराए के सैनिक के तौर पर रूस को इस्तेमाल करने के लिए भेज रहा है। बयान के मुताबिक अधिकारी रूस-उत्तर कोरिया सैन्य सहयोग में हुई प्रगति के जवाब में चरणबद्ध जवाबी कदम उठाने पर सहमत हुए हैं। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए कहा कि इन कदमों में कूटनीतिक, आर्थिक और सैन्य विकल्प शामिल हैं और दक्षिण कोरिया यूक्रेन को रक्षात्मक और आक्रामक हथियार भेजने पर विचार कर सकता है। यूक्रेन के साथ फरवरी 2022 में रूस का युद्ध शुरू होने के साथ उत्तर कोरिया के साथ उसका सहयोग प्रगाढ़ होता जा रहा है जबकि दक्षिण कोरिया अमेरिका नीत उन देशों में शामिल है जिसने रूस पर प्रतिबंध लगाए हैं और यूक्रेन को मानवीय मदद पहुंचाई है। लेकिन सक्रिय रूप से संघर्ष में शामिल देशों को हथियारों की आपूर्ति नहीं करने की अपनी नीति की वजह से सीधे तौर पर यूक्रेन को हथियार देने से बचता रहा है। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने पिछले सप्ताह पुष्टि की कि उत्तर कोरिया ने इस महीने अपने विशेष अभियान बल के 1500 सैनिकों को रूस भेजा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के मुताबिक उनकी खुफिया एजेंसी को जानकारी मिली है कि 10 हजार उत्तर कोरियाई सैनिक युद्ध में रूस का साथ देने के लिए तैयार हैं। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के मुताबिक उत्तर कोरिया ने अगस्त 2023 से अबतक 13 हजार कंटेनर, तोप, मिसाइल और अन्य पारंपरिक हथियारों की आपूर्ति की है।

# लाहौर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर

**लाहौर।** पाकिस्तान के सांस्कृतिक शहर लाहौर को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर घोषित किया गया है, क्योंकि यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 394 पर पहुंच गया है। पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने धूम कोहरे (स्मॉग) के प्रभाव को कम करने के लिए कृत्रिम बारिश की योजना बनाई है। एक्यूआई हवा में विभिन्न प्रदूषकों की सांद्रता का माप है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच को संतोषजनक , 101 और 200 के बीच को मध्यम, 201 और 300 के बीच को खराब, 301 और 400 के बीच को बहुत खराब और 401 और 500 के बीच को गंभीर माना जाता है। फसल के अवशेषों को जलाने और औद्योगिक उत्सर्जन के कारण वायु प्रदूषण का संकट बढ़ गया है।

खतरनाक धूम कोहरे के कारण शहर के निवासियों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिनमें खांसी, सांस लेने में कठिनाई, आंखों में जलन और त्वचा संक्रमण शामिल है। पंजाब की सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "कल लाहौर को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर घोषित किया गया। हमने इस मामले को सुलझाने के लिए कई पहल की हैं और अब हम शहर में कृत्रिम बारिश की योजना बना रहे हैं।

मरियम नवाज की पंजाब सरकार ने धूम कोहरा रोधी दल भी बनाया है जो इससे (धूम कोहरा से) प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगा। ए दल किसानों को फसल अवशेष जलाने के खतरों के बारे में शिक्षित करेंगे, सुपर सीडर के उपयोग को बढ़ावा देंगे तथा अवशेष निपटान के लिए वैकल्पिक तरीकों की जानकारी देंगे। पंजाब की पर्यावरण मंत्री मरियम औरंगजेब ने कहा, धूम कोहरे से निपटने के लिए उठाए गए कदमों के सकारात्मक प्रभाव आठ से 10 वर्षों में दिखाई देने लगेंगे। प्रांत में पर्यावरण संरक्षण को पाठ्यक्रम में एक विषय के रूप में शामिल किया गया है। उन्होंने किसानों से फसल अवशेष जलाने से बचने का आग्रह किया तथा कहा कि ऐसा करने से न केवल फसलों को नुकसान पहुंचता है, बल्कि उनके बच्चों के स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचता है।

## एअर इंडिया बम विस्फोट के संदिग्ध रिपुदमन सिंह मलिक की हत्या के दो आरोपियो ने अपना दोष स्वीकार किया

**ओटावा।** एअर इंडिया कनिष्क आतंकवादी बम विस्फोट मामले में बरी किए गए रिपुदमन सिंह मलिक की हत्या के दो आरोपियों ने कनाडा की एक अदालत में हत्या का दोष स्वीकार कर लिया है। टैनर फॉक्स और जोस लोपेज ने 75 वर्षीय मलिक की हत्या के मामले की सुनवाई की पूर्व संध्या पर सोमवार को ब्रिटिश कोलंबिया (बीसी) की उच्चतम न्यायालय में अपना दोष स्वीकार किया। मलिक की 14 जुलाई 2022 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मलिक और सह-आरोपी अजायब सिंह बागरी को 1985 में हुए दो बम विस्फोटों से संबंधित सामूहिक हत्या और साजिश के आरोपों से 2005 में बरी कर दिया गया था। इन विस्फोटों में 331 लोग मारे गए थे। ग्लोबल न्यूज की खबर के अनुसार, सोमवार को न्यू वेस्टमिंस्टर की अदालत में फॉक्स और लोपेज ने सेकंड-डिग्री हत्या के दोष को स्वीकार कर लिया।

## रूसी कृष्ण भक्तों ने भजन गाकर कजान में मोदी का स्वागत किया



**कजान (रूस)।** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए मंगलवार को कजान पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत इस्कॉन के कृष्ण भक्तो द्वारा संस्कृत स्वागत गीत, रूसी नृत्य और कृष्ण भजन के साथ किया गया। भारतीय समुदाय के लोगों ने होटल कॉर्स्टन में पीएम मोदी का स्वागत किया। वे भारतीय तिरंगा लेकर नारे लगा रहे थे। कई लोग अपने मोबाइल फोन से सेल्फी लेते भी दिखे। जब पीएम ने उनमें से कुछ लोगों से हाथ मिलाया तो उन्होंने संस्कृत में एकस्वागत गीत गाया। पारंपरिक भारतीय परिधान पहने रूसी कलाकारों की एक टीम ने रूसी नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे मोदी ने बड़ी दिलचस्पी से देखा। इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ कृष्ण कॉन्शसनेस (इस्कॉन) के कुछ भक्तो ने कृष्ण भजन की प्रस्तुति भी दी। मोदी ने एक्स पर एकपोस्ट में कहा, एक अद्भुत जुड़ाव। कजान में स्वागत के लिए आभारी हूं। भारतीय समुदाय ने अपनी उपलब्धियों से पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। वैश्विक स्तर पर भारतीय संस्कृति की लोकप्रियता भी उतनी ही खुशी देने वाली है।

## चीन और वेटिकन बिशप नियुक्ति पर समझौते को सहमत

**बीजिंग।** चीन सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह देश मे कैथोलिक बिशप की नियुक्ति पर वेटिकन के साथ एक अस्थाई समझौते को चार वर्षो के लिए बढ़ाने पर सहमत हो गई है। साल 2018 में हुए इस समझौते का पहले भी दो बार विस्तार किया जा चुका है। पोप फ्रांसिस के तहत हुआ यह समझौता चीन मे चर्च के नियंत्रण को लेकर लंबे समय से चले आ रहे मतभेदो को पाटने का एक प्रयास है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने समझौते के विस्तार की पुष्टि की। उन्होंने कहा, दोनो पक्ष रचनात्मक भावना का पालन करते हुए संपर्क और संवाद बनाए रखेंगे तथा चीन-वेटिकन संबंधो मे सुधार की कवायद जारी रखेंगे। चीन के साथ वेटिकन के रिश्ते लगभग 70 दशक पहले बिगड़ने लगे थे, जब कम्युनिस्ट पार्टी सत्ता मे आई थी। देश के अनुमानित 1.2 करोड़ कैथोलिक विभाजित हो गए थे। इनमें से कुछ की निष्ठा राज्य-मान्यता प्राप्त चर्च और कुछ की उस भूमिगत चर्च के प्रति थी, जो रोम के प्रति वफादार था। राष्ट्रीय संप्रभुता से जुड़े मामले के रूप मे बिशप को नामित करने के विशेषाधिकार पर चीन के दावो को लेकर रिश्ते और तल्ख हो गए, क्योंकि वेटिकन का कहना था कि पोप को धर्मप्रचारको के उत्तराधिकारियों का नाम देने का अधिकार है।

## 20 लाख रुपए की अवैध नकदी बरामद, दो भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के कपिलवस्तु जिले में गैरकानूनी रूप से 20 लाख रुपए की नकदी रखने के आरोप मे मंगलवार को दो भारतीय नागरिको को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के निवासी सलमान कुरैशिया (33) और उमेश सखाराम खानडागले (39) को नेपाल-भारत सीमा पर नियमित सुरक्षा जांच के दौरान कपिलवस्तु जिले के कृष्णानगर इलाकेसे गिरफ्तार किया गया। वे भारतीय नंबर प्लेट वाले अलग-अलग वाहनों में सवार थे। पुलिस ने उनके पास से कुल 20,50,000 भारतीय रुपए बरामद किए और वे इस रकम के संबंध में वैध दस्तावेज नही दिखा सके। नेपाल मे उचित दस्तावेजो के बिना 25,000 या उससे अधिक भारतीय रुपए नकद रखना गैरकानूनी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार लोगो और बरामद नकदी को कपिलवस्तु जिले मे राजस्व जांच विभाग को सौंपा गया है।

## पेरू के पूर्व राष्ट्रपति को भ्रष्टाचार मामले में जेल की सजा मिली

**लीमा।** पेरूकेपूर्व राष्ट्रपति एलेक्जांद्रो टोलेडो को ब्राजील की दिग्गज निर्माण कंपनी ओडेब्रेक्ट से जुड़े एक मामले मे सोमवार को 20 साल और छह महीने की जेल की सजा सुनाई गई। यह ब्राजीलियाई कंपनी पूरे लातिन अमेरिका मे भ्रष्टाचार का पर्याय बन गई है जहां उसने सरकारी अधिकारियो तथा अन्य लोगो को रिश्वत केरूप मे लाखो डॉलर दिए है। प्राधिकारियो ने टोलेडो पर इस दक्षिण अमेरिकी देश मे एक राजमार्ग केनिर्माण की अनुमति देने केबदले मे ओडेब्रेक्ट से 3.5 करोड़ डॉलर की घूस लेने का आरोप लगाया था। पेरूकी राजधानी लीमा मे विशिष्ट आपराधिकन्याय की राष्ट्रीय सर्वोच्च अदालत ने बरसो तकचली कानूनी लड़ाई केबाद यह सजा सुनाई है। यह भी विवाद था किक्या 2001 से 2006 तकपेरू पर शासन करने वाले टोलेडो को अमेरिका से प्रत्यर्पित किया जा सकता है। लातिन अमेरिका मे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओ मे शामिल रहे ओडेब्रेक्ट ने 2016 मे अमेरिकी प्राधिकारियो केसमक्ष स्वीकार किया था किउसने पूरे क्षेत्र मे सरकारी ठेको केबदले मे अच्छी-खासी घूस दी है। पेरूमे प्राधिकारियो ने टोलेडो और तीन अन्य पूर्व राष्ट्रपतियो पर इस निर्माण कंपनी से घूस लेने का आरोप लगाया है।

## क्वाड देशों ने क्वाड साइबर चैलेंज जारी रखने की घोषणा की

**वाशिंगटन।** भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने क्वाड साइबर चैलेंज को जारी रखने की घोषणा की है, उद्देश्य जिम्मेदार साइबर परिवेशी तंत्र को मजबूत करना, सार्वजनिक संसाधनों को बढ़ावा देना तथा साइबर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ाना है। क्वाड देशों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इस वर्ष की चुनौती का विषय साइबर सुरक्षा शिक्षा को बढ़ावा देना और एक मजबूत कार्यबल का निर्माण करना है। फरवरी 2023 में अमेरिका ने अपने क्वाड साझेदारों ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के साथ मिलकर क्वाड साइबर चैलेंज शुरू किया, जिसका उद्देश्य अपने देशों और क्षेत्रों तथा उससे आगे भी, जिम्मेदार साइबर आदतों, चलन और अभ्यास को बढ़ावा देना है। संयुक्त बयान में कहा गया कि अक्टूबर में भारत के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक, देश के साइबर क्षेत्र को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से"साइबर स्वच्छता अभियान" के तहत छात्र समुदाय को एक संदेश देंगे।

# ताइवान ने प्रीटोरिया से प्रतिनिधि कार्यालय हटाने की दक्षिण अफ्रीका की मांग खारिज

**ताइपे ( ताइवान )।** ताइवान ने दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रीटोरिया में स्थित उसके प्रतिनिधि कार्यालय को हटाकर जोहानिसबर्ग में स्थानांतरित करने की उसकी मांग को एक बार फिर खारिज कर दिया है। ताइवान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जेफ लियू ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कार्यालय को स्थानांतरित करने या बंद करने की मांग, औपचारिक राजनयिक संबंधों के विच्छेद के बाद दोनों पक्षों के बीच उनके पारस्परिक प्रतिनिधि कार्यालयों के स्थान को लेकर 1997 में हुए समझौते का पूरी तरह से उल्लंघन है।

लियू ने कहा, इस तरह की अनुचित मांग को हम स्वीकार नहीं कर सकते हैं। ताइवान की राजधानी ताइपे में दक्षिण अफ्रीका का एक संपर्क कार्यालय है और दोनों पक्षों के बीच मजबूत वाणिज्यिक संबंध है। लियू ने विदेश मंत्री लिन चिया-लंग द्वारा सोमवार को संसद में दिए गए बयान को दोहराया कि ताइवान इस मुद्दे पर सभी परिस्थितियों के लिए तैयार है।

लिन और लियू ने कहा कि यह कार्यालय ताइवान की संपत्ति है और ताइपे को इसका स्थान और स्थिति निर्धारित करने का अधिकार है। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र होने का दावा करता है और आवश्यकता पड़ने पर बलपूर्वक अपने क्षेत्र में मिलाने की धमकी देता है। चीन लगातार ताइवान के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधित्व को कम करने का प्रयास करता रहता है, हालांकि इस स्वशासित द्वीप गणराज्य के अमेरिका और अन्य प्रमुख देशों के साथ मजबूत अनौपचारिक संबंध हैं। दक्षिण अफ्रीका ने पिछले सप्ताह पुष्टि की कि उसने ताइवान से अपना संपर्क कार्यालय स्थानांतरित करने को कहा। दक्षिण अफ्रीका की इस मांग का कारण चीन का प्रभाव माना जा रहा है। चीन ने अपने प्रभाव का उपयोग करके ताइवान को संयुक्त राष्ट्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी संबद्ध शाखाओं से बाहर कर दिया है।

# सिंगापुर के संस्थापक के बेटे यांग ने कहा, मैं अब ब्रिटेन में एक राजनीतिक शरणार्थी हूं

**सिंगापुर।** आधुनिक सिंगापुर के संस्थापक, दिवंगत ली कुआन यू के सबसे छोटे बेटे ली सीन यांग ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अंतिम विकल्प के रूप में ब्रिटिश सरकार से शरण देने की मांग की थी, जिसे मंजूर कर लिया गया है और अब वह ब्रिटेन में एक राजनीतिक शरणार्थी हैं। चैनल न्यूज एशिया (सीएनए) ने यांग के एक फेसबुक पोस्ट के हवाले से खबर प्रसारित की, जिसमें उन्होंने कहा है, मैं अब भी सिंगापुर का नागरिक हूं और उम्मीद करता हूं कि किसी दिन (मेरे लिए) स्वदेश लौटना सुरक्षित होगा।

पूर्व प्रधानमंत्री ली सीन लूंग के छोटे भाई यांग ने उनके खिलाफ सिंगापुर सरकार के हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने साल 2022 में अंतिम विकल्प के रूप में ब्रिटिश सरकार से शरण देने की मांग की थी, जिसे मंजूर कर लिया गया है और अब वह ब्रिटेन में एक राजनीतिक शरणार्थी हैं। यांग और उनकी बहन ली वे लिंग (जिनका अक्टूबर की शुरुआत में निधन हो गया) का लूंग के साथ इस बात को लेकर मतभेद है कि उनके पिता ली कुआन यू के गुजरने के बाद उनके आवास का क्या किया जाए। ली कुआन यू का 2015 में निधन हो गया था।

ब्रिटिश अखबार द गार्डियन को दिए साक्षात्कार में यांग ने आरोप लगाया कि सिंगापुर में उनके खिलाफ चलाए जा रहे उत्पीड़न अभियान ने उन्हें ब्रिटेन से शरण की गुहार लगाने के लिए मजबूर किया। यांग के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए सिंगापुर सरकार ने कहा कि यांग के खिलाफ उत्पीड़न अभियान चलाए जाने के आरोप और देश में राजनीतिक दमन के दावे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा, सिंगापुर की न्यायपालिका निष्पक्ष है और स्वतंत्र रूप से फैसले लेती है। यही कारण है कि सिंगापुर के लोगों का न्यायपालिका पर बहुत अधिक का भरोसा है।

प्रवक्ता ने दावा किया कि यांग और उनकी पत्नी एवं वकील ली सुएत फर्न के सिंगापुर लौटने पर कोई कानूनी रोक नहीं है। उन्होंने कहा, दोनों सिंगापुर लौटने के लिए हमेशा स्वतंत्र हैं। पारिवारिक आवास के साथ क्या किया जाना है, इसे लेकर ली कुआन यू की वसीयत से जुड़ी न्यायिक कार्यवाही में झूठे सबूत देने के संभावित अपराधों को लेकर यांग और उनकी पत्नी ने 2022 में पुलिस की पूछताछ में शामिल नहीं होने का फैसला लिया था। दोनों तभी से सिंगापुर से बाहर हैं। यांग और उनकी बहन लिंग ने आरोप लगाया था कि उन्हें घर को ध्वस्त करने की अपने दिवंगत पिता की इच्छा को पूरा करने की कोशिश में खतरा महसूस हो रहा है। उन्होंने लूंग पर अपने व्यक्तिगत एजेंडे को पूरा करने के लिए सरकार में अपने प्रभाव का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया था।

# भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन नेताओं ने नीतिगत मुद्दों पर कमला हैरिस की निंदा की

**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन पार्टी से जुड़े तीन भारतीय-अमेरिकी नेताओं बॉबी जिंदल, निक्की हेली और विवेक रामास्वामी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार एवं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की कथित रूप से गलत आव्रजन, आर्थिक और विदेश नीतियों की आलोचना की है। लुइसियाना के पूर्व गवर्नर बॉबी जिंदल ने एक वीडियो में दावा किया कि हैरिस की चिकित्सा संबंधी मेडिकेयर योजना से 1.2 करोड़ अवैध प्रवासियों को गोल्ड प्लेटेड स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। जिंदल का यह वीडियो विज्ञापन के तौर पर सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

राजनीतिक मामलों की एक कार्य समिति अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा जारी वीडियो में जिंदल ने कहा, इससे अमेरिका में अवैध प्रवासियों की बाढ़ आ जाएगी। उन्होंने कहा, कृपया अपने परिवार और मित्रों को इस झूठ के झांसे में नहीं आने दें। जिंदल (53) 2008 से 2016 तक लुइसियाना के गवर्नर थे। 2016 में उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने का असफल प्रयास किया था। शुरू में चुनाव प्रचार और डोनाल्ड ट्रंप के अभियान से दूर रहने के बाद जिंदल अब पूर्व राष्ट्रपति को उनकी नीतियों पर समर्थन देने के लिए फिर से सक्रिय हो गए हैं।

जिंदल के अलावा, साउथ कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली और व्यवसाई से नेता बने विवेक रामास्वामी राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल रह चुके हैं। जिंदल 2016 में और अन्य दो 2024 के चुनाव में राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल रहे। अब इन तीनों ने राष्ट्रपति पद के लिए ट्रंप का समर्थन किया है। रामास्वामी ट्रंप के सबसे करीबी विश्वासपात्र बनकर उभरे हैं और उनके पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

सोमवार को फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में हेली ने कहा, जब मैं दोनों उम्मीदवारों के बीच मुद्दों और मतभेदों को देखती हूं, तो इसमें कोई संदेह नहीं है कि मैं डोनाल्ड ट्रंप को यह चुनाव जीतते देखना चाहती हूं। उन्होंने कहा, हम कमला हैरिस और टिम वाल्ज को क्रमश: राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के रूप में नहीं देख सकते। आपको यह देखना है कि कमला हैरिस ने क्या कहा है। वह नहीं सोचतीं कि अवैध अप्रवासी अवैध हैं। वह सोचती हैं कि हमें इन अवैध अप्रवासियों को मुफ्त शिक्षा, रहने के लिए मुफ्त जगह, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा देनी चाहिए। हेली ने दावा किया कि हैरिस और उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार वाल्ज के पास विदेश नीति का अनुभव नहीं है।इन तीन भारतीय-अमेरिकी नेताओं में रामास्वामी हैरिस के सबसे कटु आलोचक बनकर उभरे हैं। वह ट्रंप के पक्ष में समूचे देश में चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

# संघर्ष विराम के प्रयासों को बहाल करने की उम्मीद से इजराइल पहुंचे ब्लिंकन

**भाषा।** तेल अवीव

**अमेरिका** के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से 11वीं बार इस क्षेत्र की यात्रा पर मंगलवार को इजराइल पहुंचे। उनके हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार की हत्या के बाद संघर्ष विराम के प्रयासों को फिर से शुरू करने की अमेरिका की उम्मीदों के बीच शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात करने की संभावना है। ब्लिंकन के इजराइल पहुंचने से कुछ घंटों पहले मंगलवार को हिजबुल्ला ने मध्य इजराइल में कई रॉकेट दागे, जिससे देश के सबसे घनी आबादी वाले इलाकों और उसके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सायरन बजने लगे। अभी हमले में किसी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

इजराइली सेना ने बताया कि लेबनान से उनके देश में पांच रॉकेट दागे गए और ज्यादातर को इजराइली की मिसाइल रक्षा प्रणाली ने नष्ट कर दिया। एक रॉकेट एक खुले इलाके में गिरा। इजराइली सेना ने कहा कि इसी दौरान लेबनान की ओर से उत्तरी इजराइल में करीब 15 रॉकेट छोड़े गए।

ब्लिंकन के इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अन्य शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात करने की संभावना है। इजराइल के बाद वह जॉर्डन, सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात समेत कई अरब देशों की यात्रा कर सकते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक बयान में कहा, विदेश मंत्री ब्लिंकन गाजा में युद्ध खत्म करने, सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने और फलस्तीनी लोगों की पीड़ा दूर करने की महत्ता पर चर्चा करेंगे। ब्लिंकन की पिछली यात्राओं से युद्ध खत्म करने के प्रयासों में कोई खास सफलता हाथ नहीं लगी है, लेकिन वह गाजा में मानवीय सहायता बढ़ाने में सफल रहे हैं।

## हिजबुल्ला ने मध्य इजराइल में कई रॉकेट दागे

**तेल अवीव।** हिजबुल्ला ने मंगलवार को मध्य इजराइल में कई रॉकेट दागे, जिससे देश के सबसे घनी आबादी वाले इलाकों में हवाई हमले के सायरन बजने लगे। हालांकि इन हमलों में किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। यह हमला गाजा युद्धविराम वार्ता को फिर से शुरू करने के मिशन पर अमेरिकी विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन के क्षेत्र में पहुंचने से कुछ घंटे पहले हुआ। इजराइली सेना ने कहा कि लेबनान से इजराइल में पांच रॉकेट दागे गए और इनमें से अधिकतर को इजराइल की मिसाइल रक्षा प्रणाली ने हवा में ही नष्ट कर दिया। एक रॉकेट खुले क्षेत्र में गिरा। रॉकेट हमले ऐसे समय में हुए हैं जब इजराइल ने लेबनान में हमले तेज करने के साथ ही हिजबुल्ला द्वारा संचालित एक वित्तीय संस्थान को निशाना बनाया है तथा अमेरिका हमास नेता याह्या सिनवार की मौत के बाद गाजा में संघर्ष विराम वार्ता को फिर से शुरू करने पर जोर दे रहा है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास को खत्म करने और समूह द्वारा बंधक बनाए गए दर्जनों लोगों को मुक्त कराने का संकल्प लिया है। वहीं, हमास का कहना है कि वह स्थाई युद्ध विराम, गाजा से इजराइली सैनिकों की पूरी तरह वापसी और फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में ही बंधकों को रिहा करेगा।

पिछले साल सात अक्टूबर को हमास के आतंकियों ने इजराइल पर हमला किया, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए, 250 अन्य का अपहरण कर लिया गया। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, गाजा में इजराइल के जवाबी हमले में 42,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं। युद्ध से गाजा के ज्यादातर इलाके तबाह हो चुके हैं और इसकी 23 लाख की आबादी में से लगभग 90 प्रतिशत लोग विस्थापित हो गए हैं।

## अस्पताल के पास हुए इजराइली हमले में मृतक संख्या 13 हुई, 57 अन्य घायल

**तेल अवीव।** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि बेरूत के एक मुख्य अस्पताल के पास हुए इजराइली हमले में मरने वालों की संख्या 13 हो गई है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। सोमवार देर रात हवाई हमला राजधानी के मुख्य सरकारी अस्पताल के सामने वाली इमारत पर हुआ। मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि हमले में 57 अन्य लोग घायल हुए हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए फुटेज से पता चला है कि हमला अस्पताल के प्रवेश द्वार के करीब हुआ। इजराइल का कहना है कि वह केवल आतंकवादियों को निशाना बनाता है तथा नागरिकों को नुकसान पहुंचाने से बचने की कोशिश करता है।

# हॉकी, निशानेबाजी, क्रिकेट, बैडमिंटन सहित कई प्रमुख खेल ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर

**भाषा।** लंदन




**भारत** की राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने की संभावनाओं को करारा झटका लगा है क्योंकि मेजबान शहर ग्लासगो ने हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे प्रमुख खेलों को 2026 में होने वाले खेलों के कार्यक्रम हटा दिया है तथा केवल 10 खेलों को इसमें जगह दी गई है। लागत को सीमित करने के लिए टेबल टेनिस, स्क्वाश और ट्रायथलॉन को भी हटा दिया गया है। बर्मिंघम में 2022 में खेले गए राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल नौ खेल अगले खेलों का हिस्सा नहीं होंगे। इन खेलों को केवल चार स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने बयान में कहा, इन खेलों में 10 खेल शामिल होंगे ताकि इन खेलों का बहु खेल वाले आयोजनों का स्वरूप भी बना रहे तथा वित्तीय और संचालन संबंधी चिंताओं से भी निपटा जा सके। इन दोनों के बीच संतुलन सुनिश्चित करने की कोशिश की गई है। बयान में कहा गया है, खेल कार्यक्रम में एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एवं फील्ड), तैराकी और पैरा तैराकी, कलात्मक जिमनास्टिक, ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, बाउल्स और पैरा बाउल्स, 3x3 बास्केटबॉल और 3x3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल को शामिल किया गया है। राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 23 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। ग्लासगो ने इससे पहले 2014 में राष्ट्रमंडल खेलों के मेजबानी की थी। बयान के अनुसार, इन खेलों का आयोजन चार स्थलों स्कॉट्सटाउन स्टेडियम, टोलक्रॉस इंटरनेशनल तैराकी केंद्र, एमिरेट्स एरेना और स्कॉटिश प्रतियोगिता परिसर (एसईसी) में किया जाएगा। खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ को होटल में ठहराया जाएगा। राष्ट्रमंडल खेलों का यह कार्यक्रम भारत की पदक संभावनाओं के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि इससे पहले उन्होंने अधिकतर पदक उन खेलों में जीते थे जिन्हें हटाया गया है। निशानेबाजी को बर्मिंघम खेलों के कार्यक्रम से भी हटाया गया था और उसकी वापसी की कम उम्मीद थी।सीजीएफ ने ग्लासगो खेलों के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा, ग्लासगो में 2026 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन आठ मील के दायरे में स्थित चार स्थानों पर किया जाएगा। इन खेलों में 10 खेल को शामिल किया गया है। निशानेबाजी को इसलिए कार्यक्रम से बाहर किया गया है क्योंकि 2014 में इस खेल का आयोजन डंडी में बैरी बुडन सेंटर में किया गया था जो ग्लासगो से 100 किमी से अधिक दूर है। इसके साथ ही तीरंदाजी को भी नजरअंदाज किया जाता रहा है। यह खेल आखिरी बार दिल्ली में 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा था।राष्ट्रमंडल खेल 2014 में हॉकी और कुश्ती की मेजबानी करने वाले ग्लासगो ग्रीन और स्कॉटिश प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र को आयोजन स्थलों की सूची से हटा दिया गया है, जबकि सर क्रिस होय वेलोड्रोम, जहां उस वर्ष बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, इस बार केवल साइकलिंग की मेजबानी करेगा।आयोजकों ने खेलों को चार स्थानों तक सीमित रखने को सही ठहराते हुए कहा, इसके लिए लागत और संचालन संबंधी जोखिम मुख्य कारक थे। प्रत्एक स्थान का किराया, सुरक्षा, परिवहन इत्यादि के लिए अतिरिक्त लागत लगती है और इससे काम में जटिलता भी आती है। इन सब चीजों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया गया कि अतिरिक्त स्थान को जोड़ना महंगा सौदा होगा।

## पदक दिलाने वाले खेलों को बाहर करने से भारतीय खेल समुदाय स्तब्ध

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख खिलाड़ी और खेल प्रशासक हॉकी, निशानेबाजी, क्रिकेट, बैडमिंटन और कुश्ती को ग्लासगो में 2026 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के कार्यक्रम से बाहर किए जाने के कारण देश की पदक संभावनाओं को झटका लगने से स्तब्ध हैं और असहाय महसूस कर रहे हैं। अनुमानित लागत में वृद्धि के कारण ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य के मेजबानी से हटने के बाद स्कॉटलैंड की राजधानी में इन खेलों का आयोजन सुनिश्चित किया गया। इन खेलों में केवल 10 खेल शामिल किए गए हैं। टेबल टेनिस, स्क्वाश और तीरंदाजी भी उन खेलों ने शामिल हैं जिन्हें कार्यक्रम से हटाया गया है। लागत कम करने और संचालन संबंधी जोखिमों से बचने के लिए इन खेलों का आयोजन केवल चार स्थलों पर किया जाएगा। भारतीय खेल समुदाय हालांकि राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) के इस फैसले से हैरान है।राष्ट्रमंडल खेलों में पिछले दो दशक में कई पदक जीतने वाले टेबल टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी शरत कमल ने कहा, यह बेहद अफसोसनाक है कि टेबल टेनिस को राष्ट्रमंडल खेलों के कार्यक्रम से हटा दिया गया है। दुर्भाग्य से यह उन 10 खेल का हिस्सा नहीं है जिन्हें कार्यक्रम में शामिल किया गया है। यह उन सभी खेलों के लिए करारा झटका है जिन्हें हटाया गया है, विशेष कर टेबल टेनिस के लिए जिसमें हमने कई स्वर्ण पदक जीते हैं। शरत के साथी जी साथियान ने कहा, यह निराशाजनक है। टेबल टेनिस जैसे मुख्यधारा के खेल को बाहर देखना आश्चर्यजनक है। भारतीय टेबल टेनिस बिरादरी के लिए यह बहुत बड़ा झटका है। देश की बेहतरीन स्क्वाश खिलाड़ियों में से एक दीपिका पल्लीकल से जब प्रतिक्रिया के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने निराशा व्यक्त की। दीपिका ने कहा, जब भी ऐसा लगता है कि हम खेल के लिए कुछ कदम आगे बढ़ रहे हैं, तो हम अचानक दो कदम पीछे हट जाते हैं। निश्चित तौर पर यह बहुत बड़ा झटका है कि हमारे खेत को राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल नहीं किया गया है। भारत ने 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 16 खेलों में 210 खिलाड़ी उतारे थे। इन खेलों में उसने 61 पदक जीते थे जिनमें 30 पदक उन खेलों में हासिल किए थे जिन्हें अगले राष्ट्रमंडल खेलों के कार्यक्रम से हटा दिया गया है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, उन अधिकतर खेलों को हटा दिया गया है जिनमें भारत पदक जीतता रहा है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को इस मामले को उठाना चाहिए। अपनी तरफ से हमने एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) के सामने अपनी शिकायतें रखी हैं और वे इस मामले को सीजीएफ के साथ उठा रहे हैं।भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, यह निश्चित रूप से बहुत निराशाजनक है। राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने कुश्ती में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह निश्चित रूप से भारतीय कुश्ती समुदाय को नुकसान पहुंचाने वाला है।

## हमें राष्ट्रमंडल खेलों के लिए टीम नहीं भेजनी चाहिए: गोपीचंद, विमल ने भी लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद और विमल कुमार ने मंगलवार को 2026 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलो से बैडमिंटन जैसे खेलो को बाहर करने के फैसले की आलोचना की और देश से इन खेलो मे टीम नहीं भेजने का आग्रह किया क्योंकि इसका उद्देश्य भारत की प्रगति को रोकना है। राष्ट्रमंडल खेलो मे भारत की पदक की संभावनाओ को उस समय झटका लगा जब ग्लासगो ने बैडमिंटन, हॉकी, कुश्ती, क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे प्रमुख खेलो को 2026 मे होने वाले खेलो के कार्यक्रम हटा दिया है तथा केवल 10 खेलो को इसमे जगह दी गई है जो पिछले खेलो की तुलना मे नौ कम है। लागत को सीमित करने के लिए टेबल टेनिस, तीरंदाजी, स्क्वाश और ट्रायथलन को भी हटा दिया गया है।
इन खेलो को हटाने से भारतीय खेल जगत स्तब्ध है और गोपीचंद तथा विमल ने सबसे कड़ी प्रतिक्रिया दी। पूर्व भारतीय कोच विमल ने कहा, राष्ट्रमंडल खेलो की कोई जरूरत नही है। मेरे नजरिए से उन्हे इन्हे खत्म कर देना चाहिए। राष्ट्रमंडल खेलो की जगह ओलंपिक और एशियाई खेलो का आयोजन करना बेहतर है। यह दयनीय है, मै बेहद निराश हूं। राष्ट्रमंडल खेल अपनी चमक, संदर्भ खो रहे है। इसलिए मुझे लगता है कि हमे राष्ट्रमंडल खेलो के लिए टीम नही भेजनी चाहिए। इसकी जरूरत नही है। उन्होंने कहा, राष्ट्रमंडल खेलो की जगह यह महत्वपूर्ण है कि ओलंपिक और एशियाई खेलो के खिलाड़ियो को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के तरीकों पर गौर किया जाए। राष्ट्रमंडल खेलो की जरूरत नही है। कार्यक्रम मे अच्छे शारीरिक खेल होने चाहिए, अगर आप इन सभी को हटा दोगे तो फिर क्या जरूरत है। गोपीचंद ने खेल के आयोजको के इस कदम को भयावह करार दिया। इस पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन ने कहा, मै 2026 के राष्ट्रमंडल खेलो से बैडमिंटन को बाहर करने के निर्णय से बेहद स्तब्ध और निराश हूं। ऐसा लगता है कि यह फैसला भारत जैसे देशों की प्रगति को रोकने के उद्देश्य से किया गया है। गोपीचंद ने कहा कि बैडमिंटन ने हमे बहुत गौरव और सफलता दिलाई है और यह हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियो को अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।

## ग्लासगो खेलों में 400 से अधिक खिलाड़ियों और अधिकारियों का दल भेजेगा ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न।** अपने प्रदेश विक्टोरिया के नाम वापिस लेने के बाद स्कॉटलैंड में राष्ट्रमंडल खेल 2026 होने की पुष्टि से राहत महसूस कर रहे आस्ट्रेलिया ने कहा है कि वह इन खेलों में 400 से अधिक खिलाड़ियों और अधिकारियों का दल भेजना चाहता है। आस्ट्रेलिया में हालांकि हॉकी और स्क्वाश समेत कई खेलों के प्रमुखों ने 2026 ग्लासगो खेलों से इन स्पर्धाओं को हटाए जाने पर निराशा जताई है। इंग्लैंड के राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने ग्लासगो आयोजकों के फैसले का समर्थन किया है। आस्ट्रेलिया राष्ट्रमंडल खेल अध्यक्ष बेन ह्यूस्टन ने एक बयान में कहा , मैं 2026 खेलों की मेजबानी के लिए स्कॉटलैंड राष्ट्रमंडल खेल को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं उम्मीद करता हूं कि हम 400 से अधिक खिलाड़ियों और अधिकारियों का दल भेजेंगे। ए खेल आस्ट्रेलिया के विक्टोरिया में होने थे लेकिन बढती लागत के कारण उसने नाम वापिस ले लिया जिसके बाद स्कॉटलैंड मेजबानी के लिए तैयार हुआ। हॉकी आस्ट्रेलिया के सीईओ डेविड प्राइलेस ने हालांकि कहा , यह निराशाजनक है। सिर्फ हॉकी के लिए नहीं बल्कि उन सभी खेलों के लिए भी जो ग्लासगो खेलों का हिस्सा नहीं होंगे। स्क्वाश आस्ट्रेलिया के सीईओ रॉबर्ट डोनागू ने कहा , इससे उन खिलाड़ियों को झटका लगा है जो राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने का सपना देख रहे थे।

## कर्नाटक ने राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैंपियनशिप में टीम खिताब जीता

पणजी। कर्नाटक ने मंगलवार को यहां 24वीं राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैंपियनशिप में 392 अंक के साथ ओवरऑल खिताब जीता।महाराष्ट्र की टीम 378 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि राजस्थान ने 248 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में 28 राज्यों के 518 तैराकों ने हिस्सा लिया जिसमें 360 पुरुष और 158 महिला प्रतिभागियों ने विभिन्न वर्ग में प्रतिस्पर्धा की। व्यक्तिगत पुरुष वर्ग में केरल के मोहम्मद आसिम को सीनियर चैंपियन, आंध्र प्रदेश के रवि कार्तिक को जूनियर चैंपियन और हरियाणा के रेवांश को सब जूनियर चैंपियन चुना गया।

## पिकेलबॉल टूर्नामेंट इंडिया मास्टर्स नई दिल्ली में 24 से

नई दिल्ली। पिकेलबॉल टूर्नामेंट इंडिया मास्टर्स का आयोजन यहां डीएलटीए परिसर में 24 अक्टूबर से किया जाएगा जिसमें लगभग 750 पेशेवर और एमेच्योर खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। आयोजकों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इंडिया मास्टर्स पीडब्ल्यूआर700 प्रतियोगिता है और यह पूरी तरह से पिकेलबॉल विश्व रैंकिंग (पीडब्ल्यूआर) के अधीन भारत में होने वाला पहला टूर्नामेंट है। पीडब्ल्यूआर विश्व टूर का जुलाई 2024 में यूएई के दुबई में अनावरण किया गया था। भारत के अरमान भाटिया और आदित्य रूहेला सहित दुनिया भर के कई शीर्ष खिलाड़ी इस 50 हजार डॉलर इनामी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। द टाइम्स ग्रुप के प्रबंध निदेशक विनीत जैन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, पिकेलबॉल भारत में सबसे तेजी से प्रगति करने वाला खेला है।

## भारत ने मलेशिया को 4-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में जारी रखा विजई अभियान

जोहोर बाह (मलेशिया)। तीन बार के चैंपियन भारत ने मंगलवार को यहां सुल्तान जोहोर कप जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान मलेशिया को 4-2 से हराकर अपना अजेय क्रम जारी रखा। इस जीत के बाद भारत नौ अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर है जबकि न्यूजीलैंड पांच अंकों के साथ दूसरे और ऑस्ट्रेलिया चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत के लिए शारदा नंद तिवारी (11वें), अर्शदीप सिंह (13वें), तालेम प्रियाव्रत (39वें) और रोहित (40वें मिनट) ने गोल किए, जबकि मलेशिया के लिए मुहम्मद दानिश अइमान (आठवें) और हैरिस उस्मान (नौवें मिनट) ने गोल किया। मलेशिया ने इस मुकाबले में जोरदार शुरुआत कर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया था। घेरलू टीम ने कप्तान मुहम्मद अदी जाजमी जमलुस के बनाए मौके पर मोहम्मद दानिश अमान के मैदानी गोल से आठवें मिनट में बढ़त हासिल कर ली।

# रूट में तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ने की क्षमता: कुक





दुबई। (भाषा) इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक का मानना है कि जो रूट अपनी भूख और अविश्वसनीय प्रतिभा की बदौलत टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ सकते हैं। तैंतीस साल के रूट के नाम फिलहाल 12,716 टेस्ट रन हैं और वह भारतीय दिग्गज तेंदुलकर (15,921) से 3205 रन पीछे हैं। रूट फिलहाल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं। उनसे आगे राहुल द्रविड़ (13,288), जाक कैलिस (13,289) और रिकी पोंटिंग (13,378) और तेंदुलकर हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कुक के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि जो रूट निश्चित रूप से इंग्लैंड टीम के लिए एक ऐसा रिकॉर्ड बना सकते हैं जिसे तोड़ना बहुत मुश्किल होगा। लेकिन कुछ भी हो सकता है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि अगर वह 16,000 टेस्ट रन बनाने वाला पहला व्यक्ति नहीं बन पाते तो इससे काफी करीब पहुंच सकते हैं। यह शानदार उपलब्धि होगी। रूट ने इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान टेस्ट के दौरान लंबे प्रारूप में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के तौर पर कुक को पीछे छोड़ दिया था। रूट की इस उपलब्धि के बाद 39 वर्षीय कुक ने उन्हें इस बड़ी उपलब्धि पर बधाई देने के लिए फोन किया। कुक ने कहा, मैंने उस पल को देखा, फिर दिन का खेल खत्म होने के बाद मैंने उन्हें फोन किया। मुझे लिखित संदेश में लिखने के लिए सही शब्द नहीं सूझ रहे थे। उन्होंने कहा, इसलिए मैंने सोचा कि मैं उन्हें फोन करूंगा और देखूंगा कि वे क्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इसलिए मैंने सोचा कि मैं उन्हें फोन करूंगा और देखूंगा कि वे क्या कर रहे हैं। सुनिश्चित करूंगा कि उनके हाथ में बीयर हो, जो मुझे लगता है कि उनके हाथ में थी। पिछले चार वर्षों में रूट ने शानदार प्रदर्शन किया है और इस दौरान अपने 35 टेस्ट शतकों में से आधे से ज्यादा शतक बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 60 के करीब है। कुक का मानना है कि वह वर्तमान में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन उनकी बराबरी के करीब हैं।

# द. अफ्रीका ने बांग्लादेश पर शिकंजा कसा

**मीरपुर** (बांग्लादेश)।(एपी) काइल वेरिने के शतक से दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वेरिने ने 114 रन की पारी खेलते हुए अपना दूसरा टेस्ट शतक जड़ा जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 308 रन बनाते हुए पहली पारी के आधार पर 202 रन की बढ़त हासिल की। खराब रोशनी के कारण जब दूसरे दिन का खेल समाप्त किया गया तब बांग्लादेश ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 101 रन बना लिए थे। टीम को पारी की हार से बचने के लिए अब भी 101 रन की दरकार है।
दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज महमूदुल हसन 38 जबकि मशफिकुर रहीम 31 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों चौथे विकेट के लिए अब तक 42 रन की साझेदारी कर चुके हैं। वेरिने ने इससे पहले वियान मुल्डर (54) के साथ सातवें विकेट के लिए 119 और डेन पीट (32) के साथ नौवें विकेट के लिए 66 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। वह आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे। उन्होंने 144 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के मारे। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 140 रन से की

**वेरिने ने 114 रन की पारी खेलते हुए दूसरा टेस्ट शतक जड़ा जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 308 रन बनाते हुए पहली पारी के आधार पर 202 रन की बढ़त हासिल की**



थी और उस पर मजबूत बढ़त लिए बिना आउट होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन स्पिन की अनुकूल पिच पर वेरिने ने एक छोर संभाले रखा और अपनी टीम को बड़ी बढ़त दिलाई। वेरिने और मुल्गर ने स्पिनरों के खिलाफ स्वीप और रिवर्स स्वीप का काफी अच्छी तरह इस्तेमाल किया। वेरिने ने ताइजुल इस्लाम पर स्वीप से चौका जड़कर 67 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। मुल्डर ने भी ऑफ स्पिनर नईम पर रिवर्स स्वीप से चौका जड़कर 105 गेंद में अपना पहला अर्धशतक जड़ा। तेज गेंदबाज हसन महमूद ने मुल्डर को स्लिप में शादमान इस्लाम के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा और फिर अगली गेंद पर केशव महाराज को खाता खोले बिना बोल्ड किया। वेरिने और पीट ने इसके बाद टीम की बढ़त को 200 रन के पार पहुंचाया। वेरिने ने ताइजुल पर एक रन के साथ 134 गेंद में शतक पूरा किया। मेहदी हसन मिराज ने पीट को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा। वेरिने ने मिराज (63 रन पर दो विकेट) पर दो छक्के मारे लेकिन इस स्पिनर ने उन्हें आउट करके दक्षिण अफ्रीका की पारी का अंत किया।
हसन महमूद ने 66 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि कल पांच विकेट चटकाने वाले ताइजुल को आज कोई सफलता नहीं मिली। बांग्लादेश की दूसरी पारी में शुरुआत खराब रही जब कागिसो रबादा ने तीन दिन गेंद में शादमान (01) और मोमिनुल हक (00) को आउट करके तीसरे ओवर में बांग्लादेश का स्कोर दो विकेट पर चार रन किया। महमूदुल और कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने 55 रन जोड़कर पारी को संभालने की कोशिश की। महाराज ने हालांकि शंटो (23) को आउट करके बांग्लादेश को तीसरा झटका दिया।

# वार्नर भारत के खिलाफ खेलने के लिए संन्यास से वापसी करने को तैयार



**सिडनी।** (भाषा) ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने मंगलवार को कहा कि अगर उनकी टीम को जरूरत होगी तो वह संन्यास से वापस आकर आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के खिलाफ खेलने को तैयार हैं। इस 37 साल के पूर्व खिलाड़ी ने इस साल पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के बाद संन्यास की घोषणा की थी। वार्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने आखिरी टेस्ट में 34 और 57 रन की पारी खेली थी। इस वामहस्त बल्लेबाज ने कोड स्पोर्ट्स से कहा, मैं हमेशा उपलब्ध रहता हूं, बस फोन उठाना बाकी है। मैं इस बारे में हमेशा गंभीर रहता हूं। ईमानदारी से कहूं तो फरवरी में मेरे आखिरी टेस्ट मैच के बाद से ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने सिर्फ चार टेस्ट मैच खेले है, इसलिए मेरी तैयारी लगभग वैसी ही है। टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावना को मजबूत बनाने के लिए ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों के लिए पांच मैचों की यह श्रृंखला काफी अहम है। इसका आगाज 22 नवंबर से पर्थ में होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी शेफील्ड शील्ड में भाग लेकर कड़ी तैयारी कर रहे हैं। वार्नर को अपनी फिटनेस हासिल करने और चयनकर्ताओं को फिर से प्रभावित करने के लिए इस घरेलू प्रतियोगिता में कुछ मैच खेलने होंगे। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो अगर उन्हें इस श्रृंखला के लिए वाकई मेरी जरूरत है, तो मुझे अगला शील्ड मैच खेलने को लेकर बहुत खुशी होगी। उन्होंने कहा, मैंने सही कारणों से संन्यास लिया था।

# न्यूजीलैंड को तेजी से सामंजस्य बैठाना होगा

## पुणे में स्पिन पिच की संभावना पर बोले मिचेल

**पुणे।**(भाषा) ऑलराउंडर डेरिल मिचेल ने कहा है कि न्यूजीलैंड को बेंगलुरू टेस्ट में मिली जीत को पीछे छोड़कर बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट के दौरान संभावित रूप से स्पिन के अनुकूल हालात से तेजी से सामंजस्य बैठाना होगा। न्यूजीलैंड ने भारत को उसके मैदान पर 36 साल में पहली बार शिकस्त देते हुए तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है लेकिन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में जगह बनाने का दावा मजबूत करने के लिए भारत के पुणे में स्पिन की अनुकूल पिच पर पलटवार करने की उम्मीद है। मिचेल ने मंगलवार को यहां न्यूजीलैंड के ट्रेनिंग सत्र के बाद मीडिया से कहा, एक जीत जो हम नहीं कर सकते, वह यह है कि हम सतह को नहीं बदल सकते। इसलिए हमारे सामने जो है हमें उसे देखते हुए प्रतिक्रिया देनी होगी और तेजी से सामंजस्य बैठाना होगा।
उन्होंने कहा, कीवी खिलाड़ी के तौर पर हमें इस पर गर्व है कि हम वर्तमान में जीते हैं, हम अपने पैर जमीन पर रखते हैं और जितना अधिक संभव को वर्तमान में रहने की कोशिश करते हैं। मिचेल ने कहा, हम विकेट नहीं बदल सकते। वह जैसी है वैसी रहेगी। लेकिन मुझे यकीन है कि रणनीति के साथ उतरेंगे और 20 विकेट चटकाने का तरीका ढूंढ लेंगे और उम्मीद करते हैं कि कुछ रन भी बनाएंगे। मिचेल ने कहा कि मेहमान टीम बेंगलुरू में मिली जीत से आगे बढ़ने की कोशिश करेगी।उन्होंने कहा, देखिए हमारे लिए अब यह एक अन्य टेस्ट मैच की तरह है। यह अतीत की बात है। बेशक वह टेस्ट मैच जीतकर मैं बेहद खुश हूं। इस ऑलराउंडर ने कहा, लेकिन साथ ही यह अलग मैदान हैं, अलग सतह और हम पहली गेंद फेंके जाने के लिए तैयार हैं। मिचेल ने कहा कि न्यूजीलैंड की टीम पहले टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों सरफराज खान और ऋषभ पंत की आक्रामक बल्लेबाजी से परेशान नहीं है। उन्होंने कहा, ऋषभ एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और मैं उनके क्रिकेट खेलने के तरीके का सम्मान करता हूं और यह एक शानदार साझेदारी थी। मिचेल ने कहा, लेकिन हम जानते हैं कि बेंगलुरू में तेजी से रन बनते हैं। हम मैच में अच्छी स्थिति में थे। हम जानते थे कि हमें बस विकेट लेने की कोशिश करते रहना है। उन पर दबाव बनाने की कोशिश करते रहना है। मिचेल ने कहा कि भले ही दो टेस्ट मैचों के लिए मिट्टी की संरचना - पुणे में काली मिट्टी और मुंबई में लाल मिट्टी - की अहम भूमिका रहेगी लेकिन उन्हें उम्मीद है कि न्यूजीलैंड की टीम इसका हल निकलने में सफल रहेगी।उन्होंने कहा, सभी देशों में खेलने की चुनौतियां अलग होती हैं।



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 01204615800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-693425001